सूर्योदय : 6:37
सूर्यास्त : 6:02
अधिकतम तापमान : 29.0
न्यूनतम : 15.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-256 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 09 मार्च 2025
08 रमज़ान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# मणिपुर में फ्री ट्रैफिक मूवमेंट के पहले दिन हिंसा



## एक की मौत, 16 घायल, कुकी समुदाय के लोगों ने बसें रोकीं

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मणिपुर में 8 मार्च से सुरक्षित यातायात के मणिपुर में फ्री मूवमेंट लिए का आदेश दिया था। इसके तहत राज्यभर में बस सेवाएं शुरू की गई, जिसमें इंफाल से सेनापति जिले के रास्ते कांगपोकपी और इंफाल से विष्णुपुर तक की बस सेवाएं शामिल हैं। लेकिन इस आदेश के पहले ही रोज कुछ जगहों पर हिंसा भड़क गई। बता दें कुकी जनजातियां तब तक स्वतंत्र आवागमन नहीं चाहतीं, जब तक कि राज्य से अलग प्रशासन बनाने की उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती। कई बसें राज्य की राजधानी इंफाल से 45 किलोमीटर दूर कांगपोकपी जिले में अवरोधकों को तोड़ते हुए आगे बढ़ते हुए दिखाई दी। राजमार्ग को अवरुद्ध करने का प्रयास कर रही कुकी जनजाति की कई महिलाएं सुरक्षा बलों के लाठीचार्ज में घायल हो गई। केंद्र ने घोषणा की है कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राष्ट्रपति शासन के अधीन आए राज्य में आज से कहीं भी सड़क अवरोध नहीं होगा।

# महिलाएं हमारे ग्रामीण क्षेत्रों की आत्मा हैं : मोदी

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : महिलाओं की सुरक्षा हमारी सरकार की है प्राथमिकता

- महिलाओं का आशीर्वाद है मेरा कवच, मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति
- प्रधानमंत्री को वानसी-बोरसी में लखपति दीदी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया





> आज का दिन महिलाओं को समर्पित है। आज इस दिन, मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। जब मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं, तो कई लोगों के कान खड़े हो जाएंगे। आज पूरी ट्रॉल सेना मैदान में उतर जाएगी, लेकिन मैं फिर भी दोहराऊंगा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। मेरी जिंदगी के अकाउंट में करोड़ों माताओं, बहनों-बेटियों का आशीर्वाद है और ये आशीर्वाद निरंतर बढ़ता जा रहा है, इसलिए मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं।

**नवसारी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पिछले 10 वर्षों में उनकी सरकार ने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों के लिए मृत्युदंड का प्रावधान करने के लिए कानूनों में संशोधन किया है।

मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नवसारी जिले के वांसी बोरसी गांव में एक जनसभा में कहा कि भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ''जब कोई लड़की देर से घर लौटती है, तो उसके माता-पिता सवाल पूछते हैं, लेकिन जब कोई लड़का देर से आता है, तो वे ऐसा नहीं करते उन्हें ऐसा करना चाहिए। पिछले दशक में, हमने महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने के लिए हमने नियम और कानून बदले हैं। कहा, ''मेरी सरकार ने बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के लिए मृत्युदंड का प्रावधान करने के लिए कानून में बदलाव किया।'' उन्होंने कहा, ''हमारी सरकार महिलाओं के सम्मान और सुविधा को सर्वोच्च महत्व देती है।'' मोदी ने ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, ''(महात्मा) गांधी जी कहा करते थे कि देश की आत्मा गांवों में बसती है। मैं इसमें यह जोड़ना चाहूंगा कि महिलाएं हमारे ग्रामीण क्षेत्रों की आत्मा हैं और ग्रामीण भारत की आत्मा ग्रामीण महिलाओं के सशक्तीकरण में बसती है।'' मोदी ने कहा, ''हमारी सरकार महिलाओं के लिए काम करती है, हमने हजारों शौचालय बनवाए और महिलाओं को सम्मान दिया। हमारी सरकार ने 'तीन तलाक' के खिलाफ सख्त कानून बनाए और लाखों मुस्लिम महिलाओं की जिंदगी बर्बाद होने से बचाई।' गुजरात में 'लखपति दीदी सम्मेलन' में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमूल और लिज्जत पापड़ जैसे ब्रांड महिलाओं द्वारा संचालित सफल व्यवसायों के उदाहरण हैं। अपने भाषण की शुरुआत में मोदी ने कहा कि वह दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं क्योंकि उन्हें करोड़ों माताओं और बहनों का आशीर्वाद प्राप्त है। कहा कि हम सबको ये देखकर गर्व होता है कि आज दुनिया में सबसे बड़ी संख्या में महिला पायलट, हमारे भारत में हैं। ये नारीशक्ति के सामर्थ्य का ही उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जब आप सभी से मिलता हूं तो मेरा भरोसा और पक्का हो जाता है कि विकसित भारत का संकल्प अब पूरा होकर ही रहेगा।

# देश में इन्वेस्टमेंट का सबसे बड़ा डेस्टिनेशन है यूपीः योगी

- 15 एकड़ क्षेत्र में बनेगा सेंटर, पीएम मोदी के विजन को बढ़ाया आगे



**नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सेक्टर-145 में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया डेवलपमेंट सेंटर के शिलान्यास व एमएक्यू सॉफ्टवेयर के एआई इंजीनियरिंग सेंटर का उद्घाटन किया।

सीएम योगी ने उत्तर भारत में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ व चेयरमैन सत्य नडेला व समस्त टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट की यह ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी खास है। यह न केवल नोएडा बल्कि समस्त उत्तर भारत के लिए आईटी सेक्टर के नए युग की शुरुआत है। माइक्रोसॉफ्ट ने यह साबित किया है कि आज के दिन पर उत्तर प्रदेश इन्वेस्टमेंट का सबसे बेहतरीन डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। सीएम योगी ने कहा कि मुझे बताया गया है कि माइक्रोसॉफ्ट का इंडिया डेवलपमेंट सेंटर उनके मुख्यालय के बाहर रिसर्च एंड डेवलपमेंट का सबसे बड़ा सेंटर बनेगा। इस केंद्र की स्थापना हो जाने पर हैदराबाद के बाद अब उत्तर प्रदेश में माइक्रोसॉफ्ट का नवीन परिसर के रूप में घर बनने जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में माइक्रोसॉफ्ट की उपस्थिति पहले से है। नोएडा में इनके कार्यक्रम पहले से संचालित होते रहे हैं। अब इस 15 एकड़ के भूभाग में इनका ये सेंटर उत्तर प्रदेश व उत्तर भारत में प्रभावी उपस्थिति को सुनिश्चित करेगा।

## पंजाब में बड़ा हादसा : बॉयलर फटने से गिरी बिल्डिंग की छत


### 20 मजदूर दबे, 14 निकले सुरक्षित

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना स्थित फोकल प्वाइंट के फेज आठ में स्थित कोहली डाईंग में शनिवार की शाम को बॉयलर फट गया। बॉयलर का धमाका इतना था कि उसके आवाज से दो मंजिला छत का पिछले हिस्सा भरभरा कर गिर गई। इसमें 15 से 20 मजदूर नीचे दब गए। हादसे के आधा घंटा बाद बारह से अधिक मजदूर मलबे से बाहर निकल आए। उनमें से एक का पैर कट गया। छह लोगों को अस्पताल में ले जाया गया, जहां पर उनका इलाज चल रहा है। हालांकि खबर लिखे जाने तक छह से सात मजदूर नीचे दबे हुए थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, एनडीआरएफ, फायर ब्रिगेड की टीमों ने रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया। सूचना मिलनेके बाद जहां जिले के पुलिस अधिकारी के साथ साथ कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां, डीसी जतिंदर जोरवाल सहित प्रशासनिक अधिकारी भी वहां पहुंच गए और उन्होंने रेस्क्यू आपरेशन की कमान संभाली।

## कांग्रेस में नेताओं की कमी नहीं, कई बब्बर शेर, लेकिन बंधे हुए : राहुल



**अहमदाबाद।** राहुल गांधी ने आज अहमदाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियों लगे पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित किया। राहुल ने कई चौंकाने वाली टिप्पणियां कीं और अपनी ही पार्टी को आईना दिखाया। राहुल गांधी ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी को 20-30 लोगों को निकालना भी पड़े तो इसमें किसी तरह की हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस सांसद राहुल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कई बब्बर शेर हैं। लेकिन पार्टी में दो गुट हैं। एक जनता के साथ है, जबकि दूसरा जनता से दूर है। गुजरात प्रदेश कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए राहुल ने कहा, उन्हें ये बात स्वीकार करने में कोई हर्ज नहीं है कि गुजरात प्रदेश कांग्रेस के नेता दिशा दिखाने में असफल रहे। इससे पहले राहुल ने अहमदाबाद के कार्यकर्ता सम्मेलन में महिला कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें महिला दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। राहुल ने कहा कि कल वरिष्ठ नेताओं, जिला और ब्लॉक अध्यक्षों से मुलाकात की। बकौल राहुल गांधी, मेरा लक्ष्य था- आपके दिल की बातें जानना और समझना था। इस बातचीत में संगठन, गुजरात की राजनीति और यहां की सरकार के कामकाज से जुड़ी बहुत सी बातें सामने आई।





08 रमजान, 09.03.2025

| सुन्नी हज़रात | |
| --- | --- |
| सेहरी | इफ्तार |
| 04:59 | 06:13 |

| शिया हज़रात | |
| --- | --- |
| सेहरी | इफ्तार |
| 04:52 | 06:24 |

# महिला समृद्धि योजना को दिल्ली कैबिनेट की मंजूरी, हर महीने मिलेंगे 2500 रुपये

- जिस देश में नारी का सम्मान नहीं, वो देश नहीं बढ़ सकता आगे : नड्डा



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैबिनेट ने महिला दिवस पर महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये का आवंटन मंजूर किया है। जिसके तहत महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये मिलेंगे। इसका एलान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को किया।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि मैं कहता हूं कि जिस घर में नारी का सम्मान नहीं है, वो घर आगे बढ़ नहीं सकता। जिस देश में नारी का सम्मान नहीं है, वो देश आगे नहीं बढ़ सकता। नरेंद्र मोदी ने इस बात को समझा और महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम किया। जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री और भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आज हमारी सरकार का फोकस वूमैन लेड डेवलपमेंट पर है। प्रधानमंत्री मोदी नारी सशक्तिकरण के ध्येय साथ देश को आगे बढ़ा रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब नारीशक्ति का विकास होता है, तो दुनिया का विकास होता है। इसलिए नारीशक्ति को भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा मूलरुप में मानकर आगे चला है। नड्डा ने कहा कि दिल्ली में यदि महिला का साथ न मिलता तो दिल्ली में जीत संभव नहीं हो सकता है। महिला दिवस पर महिला सशक्ति को नमन करता हूं और दिल्ली की महिलाओं को नमन करते हुए धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाने में बहुत बड़ा योगदान किया है। ये जीत महिलाओं के आशीर्वाद और सहयोग से ही संभव हो पाया है।

## महिला दिवस पर सीएम मोहन यादव का बड़ा ऐलान

# धर्मांतरण करवाने वालों को होगी फांसी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में धर्मांतरण करवाने वालों को फांसी की सजा दी जाएगी। सूबे के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस बात का एलान किया है। मोहन यादव ने कहा, धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के माध्यम से हम प्रावधान कर रहे हैं कि जो धर्मांतरण करवाएंगे, उनके लिए हमारी सरकार के द्वारा फांसी का प्रावधान किया जा रहा है।

बता दें कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 1.27 करोड़ महिलाओं के खाते में करीब 1552.73 करोड़ और 26 लाख महिलाओं के खातों में गैस रीफिलिंग के लिए 55.95 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली कई महिलाओं को राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार (2023), राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार (2023-24), रानी अवंती बाई वीरता पुरस्कार (2024) और श्री विष्णु कुमार महिला एवं बाल कल्याण समाज सेवा सम्मान पुरस्कार (2024) से सम्मानित किया।

### दुराचार मामलों में सरकार अत्यंत कठोर

राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कंवेंशन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में हितग्राही महिलाओं ने अपने अनुभव भी सुनाए। इस मौके पर मोहन यादव ने कहा कि मासूम बच्चियों से दुराचार के मामलों में सरकार अत्यंत कठोर है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में फांसी की सजा का प्रावधान किया गया है। ताकि जो लोग मासूमों के साथ जोर-जबरदस्ती या बहला-फुसलाकर दुराचार करेंगे, उन्हें जीवन जीने का अधिकार न मिले।

### धर्मांतरण की घटनाओं पर कड़ी नजर

साथ ही धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम में भी बदलाव करते हुए अब धर्मांतरण कराने वालों के लिए भी फांसी की सजा का प्रावधान किया जाएगा। इस कदम से प्रदेश में धर्मांतरण की घटनाओं पर कड़ी नजर रखी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी हालत में न तो धर्मांतरण और न ही दुराचार को समाज में स्थान मिलेगा। इन घृणित कृत्यों को बढ़ावा देने वालों के साथ सरकार कठोरता से निपटेगी।





अवधनामा

लखनऊ, रविवार, 09 मार्च 2025



# एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल ने समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना

### मात्र एक शिकायत का मौके पर ही किया निस्तारण

*अवधनामा संवाददाता*

**अफजलगढ़।** एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल ने कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस के दौरान तीन शिकायतें दर्ज करायी गयी जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। शनिवार को कोतवाली प्रांगण में आयोजित समाधान दिवस में एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल ने कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाना प्रत्येक अधिकारी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यदि किसी विवाद से कोई शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा है, तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को दें। समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा तीन शिकायतें आयी एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है।

वही कानूनगो अफजलगढ़ योगेन्द्र कुमार ने कहा कि समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तरण शीघ्र ही कराया जायेगा और पीड़ित की हर समस्या को निस्तारण कर समाधान कराया जायेगा। इस अवसर पर थानाध्यक्ष सुमित राठी के आलावा एसएसआई श्रीपाल सिंह,कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार,पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी, पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट, हासिम नम्बरदार सहित कानूनगो अफजलगढ़ योगेन्द्र कुमार, कानूनगो कासमपुरगढ़ी नरेश कुमार, लेखपाल प्रमोद कुमार, लेखपाल अनिरुद्ध चौहान, जितेन्द्र प्रताप सिंह, गौरव चौहान, ऋषिपाल सिंह, नागेन्द्र सिंह, राकेश कुमार, संजीव कुमार, जितेन्द्र कुमार, फूल सिंह, तथा लेखपाल सहित अधिकांश लेखपाल मौजूद रहे।



## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं हुई सम्मानित

**बदायूं।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डायट ऑडिटोरियम में भव्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रोंमें उत्कृष्ट कार्य करने वाली 11 महिलाओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष,उत्तर प्रदेश सदस्य विधान परिषद सत्यपाल सिंह सैनी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि द्वारा यहां विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि श्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले और अब महिला सशक्तिकरण में जमीन आसमान का अंतर आया है,आज करोड़ से भी ज्यादा महिलाएं,स्वंय सहायता समूह से जुड़ी हैं।उन्होंने कहा कि जो महिलाएं घर में घूंघट में रहती थी,जिन्होंने घर के दरवाजे के अलावा कुछ देखा नहीं था वह आज अपने पैरों पर खड़ी हुई हैं,वह अपने परिवार का भरण पोषण एवं बच्चों की पढ़ाई लिखाई का खर्चा स्वयं उठाती हैं,इतना ही नहीं व्यापारिक क्षेत्र में भी उनका योगदान बढ़.चढ़कर हो रहा है। उन्होंने कहा कि न जाने कितनी ऐसी महिलाएं है, जो व्यापार, राजनैतिक क्षेत्र में बढ़.चढ़कर इस देश में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। बेटियां बेटो से कम नहीं है, वह जमाना चला गया जब बेटियां और बेटो में भेदभाव रहता था। बेटियां नसीब वालों को ही मिलती हैं।कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्यारह महिलाओं को सम्मानित किया गया,जिसमें डॉ दीप्ति जोशी,लतिका सिंह,पूनम अग्रवाल,कमला महेश्वरी, एवं सोनिका गुप्ता,समीक्षा शर्मा,संतोष कुमारी,तारावती, अनुपमा राठौर,रेनू राठौर तथा रखी शामिल रही।

इस मौके पर सदर विधायक महेश चंद गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सीडीओ केशव कुमार, आदि मौजूद रहे।

# ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यूनिट ने जरूरतमंद लोगों को रमज़ान किटों का किया वितरण

*अवधनामा संवाददाता*

**नगीना।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यूनिट नगीना की तरफ से करीब डेढ़ सौ जरूरतमंद लोगों को रमजान के मुबारक महीने में मोहल्ला क़ाज़ी सराय चंदन वाला के पास मदरसा एहसानउल में रमज़ान किट बाटी गई। उक्त कीट में खाने पीने से मुतालिक लगभग 40 किलो समान होता है यह किट उन गरीब लोगों को उन रोजेदारों को खास तरीके से दी जाती है जो बहुत ज्यादा परेशान होते हैं यह किट बांटने का मकसद वह लोग आराम से रोजा नमाज कर सके और अल्लाह की इबादत कर सके। इस मौके पर ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यूनिट नगीना के जिम्मेदार मुफ्ती फुजैल ने बताया कि इस मुबारक रमजान के महीने में जो कोई किसी को ?1 खर्च करता है तो उसे 70 गुना सवाब अल्लाह ताला अपने पास से देते हैं हमें इस माहे रमजान में इसका फायदा उठाना चाहिए। इस मौके पर हाजी तंजील आलम ने बताया की ऑल इंडिया पायामय इंसानियत पूरे हिंदुस्तान में ज़रूरत के हिसाब से जाड़ों में गर्म



कपड़े कंबल लिहाफ व चाय आदि और गर्मियों में पानी और शरबत वगैरा बांटने का काम करती है। ऐसे ही जो लोग जेल में सज़ा पूरी कर चुके हैं और गरीब होते हैं और वह अपना सजा काटने के बाद कुछ जुर्माना नहीं भर पाते ऑल इंडिया पायामय इंसानियत बिना किसी मजहब को देखें सब की मदद करती है और उसमें सज़ा पूरी कर चुके कैदियों को छुड़वाने की कोशिश करती है और उन्होंने बताया कि गरीब बच्चियों की शादी भी कराई जाती है। मौलाना आमिर ने मुसलमानों से आह्वान किया कि वह इस रमज़ान मुबारक में अपनी जिम्मेदारियां को पूरा करें और अपनी जकात से उन गरीब और बेसहारा लोगों की मदद करें जो इसके मुस्ताहिक है। इस मौके पर मौलाना आमिर, कारी रिजवान, मुफ्ती फुज़ैल, हाजी तंजील आलम, अब्दुल रज़्ज़ाक, कारी शाकिर, मोहम्मद अरमान, मोहम्मद आदी, मोहम्मद इमाम, मोहम्मद यफरा, कफ़ील मलिक ने इस किट को बटवाने में संस्थान का भरपूर सहयोग किया।


## महिला दिवस पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षा को कांग्रेसियों द्वारा किया गया सम्मानित

**बदायूं।** कांग्रेसियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस पर महिलाओं को सम्मानित किया गया कांग्रेसियों द्वारा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के आवास पर जाकर उन्हें सम्मानित किया गया। प्रांतीय आवाह्न के बाद शनिवार को कांग्रेसी जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह के नेतृत्व में पूर्व सांसद स्वर्गीय करन सिंह की पत्नी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमलता यादव के आवास पर पहुंचे थे।जहां उन्होंने श्रीमती यादव को शाल ओढ़ा तथा कांग्रेस अंगवस्त्र पहनाकर और नए वर्ष के कैलेंडर देकर उनका सम्मान किया गया।यहां कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस की पूर्व महिला अध्यक्ष आशा राठौर द्वारा की गई। श्रीमती यादव को सम्मानित करते हुए जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा की मातृ शक्ति एक ऐसी शक्ति है जिनसे हमें शक्ति तो मिलती ही लेकिन अगर कोई जीवन में प्रथम गुरु होती है वह भी मां के रूप में महिलाएं होती है तो निश्चित रूप से पहले गुरु का दर्जा भगवान से भी बड़ा है अतः महिला शक्ति सदैव हमारे लिए पूजनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष आशा राठौर ने कहा कि हमें जो इतना बड़ा सम्मान आज मिलता है यह देन पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की है । उन्होंने कहा कि पंचायत राज चुनाव में जो हमें आरक्षण मिला वह राजीव गांधी की देन थी और जो मुख्य चुनाव में आरक्षण मिला वह स्वर्गीय इंदिरा गांधी की देन थी, निश्चित रूप से आज हम महिला अबला नहीं बल्कि सबला के रूप में पहचानी जाती हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्षा जिला पंचायत प्रेमलता यादव ने कहा की 1972 में जब मेरे पति करन सिंह यादव लोकसभा बदायूं से सांसद का चुनाव लड़ रहे थे तो मुझे इंदिरा जी से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और निश्चित रूप से मुझे कहने में कोई संकोच नहीं है कि इंदिरा गांधी महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा उत्साहित रहती थी और उनके समय में महिलाओं को बहुत सम्मान और पद मिले।

# इंसानियत की अनूठी मिसाल बने पत्रकार फैसल खान

### ■ बच्ची को कराया अस्पताल में भर्ती कराया, हिंदू युवक ने दिया खून, बच गई 12 वर्षीय अलीना की जान

### ■ एक फोन कॉल बना जिंदगी बचाने का जरिया



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** जनपद में इंसानियत की एक अनूठी मिसाल पेश की गई, जब नफरत और भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता की सेवा को प्राथमिकता दी गई। बुधवार की रात 12 वर्षीय अलीना अचानक बीमार पड़ गई, और उसकी हालत तेजी से बिगड़ने लगी। घरवाले उसे तुरंत जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने बताया कि उसका हीमोग्लोबिन स्तर बेहद कम हो गया है और उसे तुरंत खून की जरूरत है। परिवार के लोग खून की व्यवस्था करने के लिए भागदौड़ करने लगे, लेकिन समय बीतता जा रहा था और कोई उचित इंतजाम नहीं हो पा रहा था, ऐसे कठिन समय में वरिष्ठ पत्रकार फैसल खान को जब इस बारे में जानकारी मिली, तो उन्होंने बिना देरी किए इंसानियत की एक मिसाल पेश करने का फैसला किया। फैसल खान ने तुरंत अपने मित्र अभिषेक भारद्वाज से संपर्क किया और इस संकट की घड़ी में मदद करने के लिए कहा। अभिषेक ने बिना किसी देरी के अनिकेत नाम के युवक से संपर्क किया, जो रक्तदान करने के लिए तुरंत तैयार हो गया। अनिकेत ने अपने किसी भी धर्म या जाति की परवाह किए बिना बस एक ही चीज़ को महत्व दिया–मानवता। वह जल्द ही अस्पताल पहुंचा और डॉक्टरों से बात करके रक्तदान किया। खून चढ़ाने के कुछ घंटों बाद अलीना की हालत स्थिर होने लगी, और डॉक्टरों ने बताया कि समय पर खून न मिलने की स्थिति में उसकी जान को खतरा हो सकता था। अस्पताल में मौजूद डॉक्टर प्रेम प्रकाश ने बताया कि अलीना की हालत गंभीर होती जा रही थी और समय पर खून न मिलने की स्थिति में स्थिति और बिगड़ सकती थी। लेकिन इंसानियत की भावना से किए गए इस नेक काम ने बच्ची की जान बचा ली। उन्होंने कहा, हम अक्सर समाज में धर्म और जाति को लेकर विवाद देखते हैं, लेकिन यह घटना हमें सिखाती है कि इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं है। अनिकेत द्वारा किया गया रक्तदान एक मिसाल है कि अगर हम एक-दूसरे की मदद करने को तैयार रहें, तो क्ह्यो ई भी मुश्किल बड़ी नहीं होती। इस घटना के बाद बिजनौर में फैसल खान, अनिकेत और अभिषेक की जमकर सराहना हो रही है। सोशल मीडिया पर भी लोग इस नेक कार्य की चर्चा कर रहे हैं और इसे हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक बता रहे हैं।

### इंसानियत सबसे बड़ा धर्म

यह घटना सिर्फ बिजनौर के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणा है। यह बताती है कि जब हम इंसानियत को सबसे ऊपर रखते हैं, तो कोई भी बाधा हमें रोक नहीं सकती। धर्म और जाति के नाम पर जो दीवारें समाज में खड़ी की जाती हैं, वे उस समय गिर जाती हैं जब कोई फैसल खान किसी अनिकेत को फोन करता है और वह बिना किसी हिचकिचाहट के मदद के लिए तैयार हो जाता है। इस घटना ने सिद्ध कर दिया कि जब इंसानियत की बात आती है, तो कोई भी दीवार हमारे दिलों को बांट नहीं सकती।

## समाधान दिवस में थाना उझानी पर एसएसपी ने सुनी जन समस्याएं, दिए निर्देश

बदायूं।थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना उझानी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसमस्याओं को सुना गया। जिसमें से कुछ शिकायतों का तत्काल निस्तारण करा दिया गया। शनिवार को थाना उझानी पर थाना समाधान दिवस का आयोजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। श्री सिंह द्वारा समाधान दिवस में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया।समाधान दिवस में आई शिकायतों में से कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया।उनके द्वारा जन समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित को निष्पक्ष जांच करके विधिक निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।उनके द्वारा थाना स्तर मौजूद समाधान दिवस रजिस्टर चेक कर संबंधित को अध्यावधिक हेतु दिशा निर्देशित किया गया।

## वामा सारथी की अध्यक्षा के निर्देशन में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**बदायूं।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा,सम्मान तथा स्वालंबन जागरूकता रैली का आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन में किया गया। शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन में वामा सारथी की अध्यक्षा रेनू सिंह के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया,जिसमें काफी महिलाओं एवं बालिकाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक इंद्रजीत सिंह द्वारा चार किलोमीटर वॉकिंग फार फिटनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें महिलाओ के सुरक्षा, सम्मान, स्वाबलंबन के दृष्टिगत जागरूक्ता रेली निकाली गयी। कार्यक्रमम पहुंचे सभी लोगों को प्रतिक्षार निरीक्षक द्वारा फल एवं मिष्ठान वितरण किया गया।

कार्यक्रम में महिला थाने की थानाध्यक्ष पूनम यादव, महिला आरक्षी नीलम, पुलिस मॉडर्न स्कूल के अध्यापक/अध्यापिकाएं आदि मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आगरा पुलिस कमिश्नरेट ने निकाली वूमेन्स वॉकथॉन

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट आगरा के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस कमिश्नरेट आगरा में साप्ताहिक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस÷ के अवसर पर पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट आगरा के निर्देशन में महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा, सशक्तिकरण तथा ग्रीन आगरा का संदेश देने के लिए वूमेन्स वॉकथॉन का आयोजन किया गया। जिसमें पूनम सिरोही अपर पुलिस उपायुक्त प्रोटोकॉल, आस्था जायसवाल सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली, सुकन्या शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त महिला अपराध एवं अमीषा सहायक पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में यह वॉकथॉन प्रातः 07:00 बजे सेल्फी प्वाइंट से दशहरा घाट तक आयोजित किया गया। वॉकथॉन का शुभारम्भ अपर पुलिस उपायुक्त, प्रोटोकॉल द्वारा



हरी झण्डी दिखाकर किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर व जागरूक बनाना एवं ग्रीन आगरा का संदेश देना था। जिससे वे किसी भी विपरीत परिस्थिति में आत्मरक्षा करने में सक्षम बन सकें और समाज में अपनी सशक्त भूमिका निभा सकें। वूमेन्स वॉकथॉन में कमिश्नरेट आगरा की समस्त महिला अधिकारी व कर्मचारीगण तथा डॉ0 किरन कश्यप, महिला ताइक्वांडो प्रशिक्षक, डॉ0 भीमराव अम्बेडकर वि0वि0 की टीचर्स एवं छात्राएं, आगरा कॉलेज की टीचर्स एवं छात्राएं, आरबीएस कॉलेज की टीचर्स एवं छात्राएं, एसएन मेडिकल कॉलेज की टीचर्स एवं छात्राएं, पुलिस मॉर्डन स्कूल की टीचर्स एवं छात्राएं, सैनिक रेजीडेन्टल एकेडमी शाहगंज की टीचर्स एवं छात्राएं, गोपीचन्द शिवहरे सनातन धर्म इण्टर कॉलेज की टीचर्स एवं छात्राएं द्वारा प्रतिभाग किया गया, इसके अतिरिक्त डी पी ओ कार्यालय, एओजीएस की टीम, आशा वर्कर एवं अन्य संगठनों की हजारों की संख्या में महिलाओं/बालिकाओं द्वारा पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों- 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 181 (महिला सहायता) और 1930 (साइबर क्राइम शिकायत) की विस्तृत जानकारी दी गयी और इनका अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की, उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की हिंसा, छेड़छाड़ या साइबर अपराध का शिकार होने पर महिलाएं बेझिझक पुलिस से संपर्क करें।

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनने के बाद प्रथम अपने गृह नगर आगमन पर ज्ञानेश कुमार का हुआ भव्य स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पदभार ग्रहण करने के बाद सपरिवार प्रथम बार शनिवार को अपने गृह नगर आगमन पर उन्होंने कैलाश मंदिर में धर्मपत्नी अनुराधा व स्वजनों के साथ पूजा अर्चना की तथा मंदिर परिसर का भ्रमण किया। वहां पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा कराए जा रहे मंदिर कॉरिडोर तथा विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली तथा किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा बताया की मंदिर भगवान विष्णु के अंशावतार ऋषि परशुराम जी द्वारा कैलाश मंदिर स्थापित किया गया जो आगरा के अति प्राचीन धार्मिक महत्व को इंगित करता है। तत्पश्चात मुख्य निर्वाचन आयुक्त एत्माद्दौला स्थित सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचे तथा बच्चों से मुलाकात कर उन्हें प्रेरित किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त के पदभार ग्रहण के बाद प्रथम आगमन पर अग्रवन



भवन वॉटरवर्क्स में नेशनल चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स द्वारा भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इस अवसर पर कहा कि आगरा मेरी जन्मभूमि, कर्मभूमि है यहीं बचपन की यादें हैं, यहीं ससुराल, ननिहाल मेरा हर रिश्ता आगरा से है। मुझे गर्व है अपने शहर पर,यहां के लोग, शिक्षक, स्वजन सभी का आशीर्वाद प्यार मिला उसी का प्रतिफल है कि भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में देश सेवा तथा देश के लिए बड़े काम करने का अवसर मिला। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने अपने संबोधन में आगरा से जुड़े अपने तथा परिवार से जुड़े किस्से बयां किए तथा बचपन की बातों को याद कर भावुक हुए तथा कहा कि अपने लोगों के बीच इतना सम्मान प्यार पाकर अभिभूत हूं। उन्होंने अपने परिवार के बारे में बताते हुए कहा कि उनके दादाजी स्वतंत्रता सेनानी थे, घर में राष्ट्रीय भावनाएं प्रबल रूप से मिली, उन्होंने कहा कि भारत का चुनाव आयोग दुनियां की सबसे बड़ी संस्था है जहां चुनाव के समय 150 लाख विभिन्न विभागों के, बिना राजनीतिक पूर्वाग्रह के ईमानदारी से कार्य करते हैं तथा चुनाव बाद वापस अपने विभागों में लौट जाते हैं यह दुनियां के लिए आश्चर्य का विषय है।

## आगरा में फर्जी पैथोलॉजी लैब का भंडाफोड़, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मारा छापा

आगरा। बीते दो महीने में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 40 से अधिक झोलाछाप और अवैध अस्पताल-लैब पकड़ी। परन्तु अभी भी यह कार्य पूरी तरीके बंद नहीं हुआ। अब खेरागढ़ में स्वास्थ्य विभाग ने पैथोलॉजी लैब पर छापा मारा जहां झोलाछाप खुद को पैथोलॉजिस्ट बनकर गंभीर बीमारियों की जांच कर रहा था। यही नहीं जांच रिपोर्ट पर खुद ही हस्ताक्षर करता था। छापा मारने के बाद खेरागढ़ थाने में संचालक के खिलाफ तहरीर दी गई है। जानकारी अनुसार खेरागढ़ के ऊंटगिरी रोड पर अंशुल पैथोलॉजी लैब है। शिकायत थी कि यहां झोलाछाप खुद को पैथोलॉजिस्ट बताकर खून की जांच करता है। इस पर सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने नोड अधिकारी डॉ. जितेंद्र लवानियां को जांच के लिए भेजा। स्वास्थ्य विभाग ने यहां छापा मारा तो संचालक लोकेश जांच करते हुए मिला वही लैब में मशीनें, रिपोर्ट और नमूने भी थे। संचालक लोकेश न तो डिग्री दिखा पाया और न ही लाइसेंस।

# पी.एम. श्री जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पी.एम. श्री विद्यालयों की जनपद स्तरीय खेल-कूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चो ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेता बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित पी.एम. श्री विद्यालयों की जनपद स्तरीय खेल-कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के संसदीय कार्य व औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी व महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलित व कबूतर उड़ाकर किया। तत्पश्चात राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने हरी झंडी दिखाकर 100 मीटर बालक व बालिका दौड़ की शुरूआत की, जिसमें बालिका वर्ग में राधिका दलहेड़ी ने प्रथम, जूली सतपुरा ने द्वितीय व प्राची बुड्ढाखेड़ा ने तृतीय स्थान हासिल किया, जबकि बालक वर्ग में हनी भोजपुर ने पहला, वंश जड़ौदाजद्द ने दूसरा व मुसव्विर तल्हेड़ी बुजुर्ग ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में कबड्डी बालिका प्रदेश स्तर में टिपरा रामपुर मनिहारान ने प्रथम, जबकि गोला फेंक बालक प्रदेश स्तर में अजहर कैलाशपुर ने पहला, चक्का फेंक प्रदेश स्तर में वरदान ताजपुर नागल ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के 200 मीटर दौड़ बालक प्राइमरी स्तर में लविश मायापुर रूपपुर, बालिका प्राइमरी स्तर छवि ढकदेवी, बालक उच्च प्राइमरी स्तर उवैश हसनपुर भलस्वा, बालिका में सपना नकुड़ ने प्रथम स्थान हासिल किया। खोखो प्रतियोगिता बालिका उच्च प्राइमरी उच्च प्रा.वि. रामपुर मनिहारान ने प्रथम व उच्च प्राथमिक विद्यालय तल्हेड़ी बुजुर्ग ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि पीएम श्री विद्यालय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक महत्वकांक्षी योजना है।

## राजधानी फूड्स लेकर आया है सबसे रंगीन होली सेलिब्रेशन

**झाँसी।** होली सिर्फ़ रंगों का त्योहार नहीं है, यह स्वाद, हंसी और उन परंपराओं का संगम है जो परिवारों को करीब लाती हैं। और होली का मज़ा तब तक अधूरा रहता है जब तक गरमा-गरम, कुरकुरे पकोड़े ना हों! स्वाद और गुणवत्ता का पर्याय बन चुका राजधानी फूड्स इस होली को और भी खास बना रहा है साल की सबसे अनोखी और स्वाद से भरपूर साझेदारी के साथ–जहां बॉलीवुड के सुपरस्टार करण जौहर और जेन-जेड की फेवरेट अनन्या पांडे मिलकर बना रहे हैं एक ऐसा कैंपेन, जो होगा उतना ही स्वादिष्ट जितना कि एक परफेक्ट पकोड़ा! राजधानी फूड्स के मैनेजिंग डायरेक्टर चेतन जैन अपने उत्साह को साझा करते हुए कहते हैं, होली एक ऐसा त्योहार है जो हमें एक साथ लाता है–खाने, हंसी और खुशियों के माध्यम से। करण जौहर और अनन्या पांडे के साथ इस बार हम होली के जश्न को और भी मज़ेदार, रंगीन और लाजवाब बना रहे हैं! यह कैंपेन उन स्वादों को समर्पित है, जो हमारी परंपराओं और पीढ़ियों को जोड़ते हैं। राजधानी फूड्स इस होली पर nostalgia, स्टार पावर और अनरिजिस्टेबल फ्लेवर का धमाका लेकर आया है, जो किसी ब्लॉकबस्टर फिल्म से कम नहीं! क्योंकि आखिर में, स्वाद ही सबसे ऊपर है! ज़रा सोचिए करण जौहर एक फिल्म सीन डायरेक्ट कर रहे हैं, तभी भूख लगती है। वह शूटिंग रोकने का ऐलान करते हैं–लेकिन सिर्फ़ तब, जब उन्हें पकोड़े मिलें! अनन्या तुरंत चुटकी लेते हुए कहती हैं, पर बारिश कहां है? पकोड़े का असली मज़ा तो बारिश में ही आता है! और फिर करण अपने क्लासिक अंदाज में सेट पर ही नकली बारिश करवा देते हैं। नतीजा? दोनों मिलकर राजधनी बेसन से बने गरमा-गरम, कुरकुरे पकोड़ों का आनंद लेते हैं, यह साबित करते हुए कि होली हो या कोई भी त्योहार, एकदम क्रिस्पी पकोड़ों का कोई मुकाबला नहीं!जैसे-जैसे होली नजदीक आती है, हर घर का किचन रंग-बिरंगे पकवानों की खुशबू से भर जाता है।

# उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को भाजपाईयों ने किया सम्मानित

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि व पहचान बनाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। स्थानीय दिल्ली रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वन राज्य मंत्री केपी मलिक ने रामपुर मनिहारान ब्लॉक प्रमुख श्रीमती गीता रानी, अधिवक्ता गीता चटर्जी, सरसावा नगर पालिका चेयरमैन कोमल पंवार, डॉक्टर तूलिका गोयल, मेक पल्स अकेडमी देवबंद की प्रधानाचार्य चित्रा जोशी, वेटलिफ्टिंग स्टेट गोल्ड मेडल विजेता शिवाली, समाज सेविका मंजू शर्म छुटमलपुर, बलिया खेड़ी ब्लॉक प्रमुख सोनिया देवी, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं की जिला संयोजक शिवालिक शर्मा, सैनिक अकेडमी सरसावा की प्रधानाचार्य सोनिया रावल, प्रधान पूनम सैनी, योग शिक्षिका अनीता शर्मा, भाला फेंक मे स्टेट गोल्ड मेडल विजेता तनक शर्मा, पूनम यादव, कमिंद्रा देवी आदि को पार्टी का पटका पहनाकर व शॉल पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन



राज्य मंत्री केपी सिंह मलिक ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है, जो महिलाओं को पूर्ण सुरक्षा व मान सम्मान देने की पक्षधर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं के माध्यम से एक ओर जहां महिला सशक्तिकरण को बढावा देने का काम कर रहे है, वहीं दूसरी ओर केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वालम्बन के लिए अनेक योजनाएं लागू की गयी है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ.महेंद्र सैनी, विधायक रामपुर ममिनिहारान देवेंद्र निम, नगर विधायक राजीव गुम्बर, विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, महापौर डॉक्टर अजय कुमार, कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री राधेश्याम शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी विपिन चौधरी, महानगर महामंत्री शीतल विश्नोई, महानगर उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला मोर्चा नूतन शर्मा, नेहा राणा, जिला मंत्री सविता चौधरी, जिला मंत्री सारिका वालिया, रुमा चौधरी, उषा उपाध्याय, सारिका गुप्ता, किशोर चौधरी, मुकेश शर्मा आदि समेत भारी संख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी, अन्य क्षेत्रों से जुड़ी महिलाएं व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ई-खसरा पड़ताल कार्य में आलापुर रहा अव्वल

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर) के अन्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा बैठक प्रत्येक तहसील से खराब कार्य करने वाले सर्वेयरों, सुपरवाइजर, वैरीफायर तथा कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा फार्मर रजिस्ट्री एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य के प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री की धीमी प्रगति पर नाराजगी प्रकट किया। सभी संबंधित तहसीलों से खराब प्रदर्शन करने वाले सर्वेयर के साथ गहन समीक्षा की गई।साथ ही फार्मर रजिस्ट्री आईडी की बेहतर प्रगति में सक्रियता नहीं लेने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। हिदायत दी कि कृषि एवं राजस्व विभाग समन्वय बनाते हुये एग्री स्टैक और फार्मर रजिस्ट्री की बेहतर प्रगति सुनिश्चित कराएं। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि फिक्स किए टारगेट के अनुसार 10 मार्च 2025 तक सभी लेखपाल, पंचायत सहायक से शत प्रतिशत ई खसरा पड़ताल का कार्य पूर्ण कराए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन सर्वेयर, सुपरवाइजर का लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत कार्य पूर्ण नहीं किया उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कारवाई तय की जाएगी। इस हेतु लगाए गए कर्मचारियों में से जिन कर्मचारियों द्वारा सबसे अच्छा कार्य किया जाएगा उन्हें प्रशस्ति पत्र भी दिलाने हेतु निर्देशित किया गया।उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए किसानों को जागरूक किया जाए।

# अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यशाला और सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी को बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी संस्कृति एवं सभ्यता महिलाओं की वजह से है।

महिलाएं पुरूषों के बराबर ही नहीं बल्कि उनसे कहीं आगे हैं। वैसे तो महिलाएं स्वयं काफी सशक्त हैं लेकिन आज के इस कार्यक्रम से महिलाओं में और जागरूकता आएगी। उन्होंने कहा कि यदि एक बालिका पढ़ लिख लेती है तो वह अपने परिवार का ही नहीं संपूर्ण समाज का भला करती है। महिलाओं के प्रति समाज में अच्छी सोच बनाने के लिए आवश्यक है कि महिलाओं की सफलता की कहानियों को जन-जन तक पहुंचाया जाए। हमारे देश में आदिकाल से ही नारी शक्ति को पूजनीय माना गया है। महिला दिवस का दिन हमें नारी की हर छोटी-बड़ी लड़ाई को सम्मान देने और उनके सपनों को पंख देने का मौका देता है। यह दिवस हमें महिलाओं द्वारा समाज में दिए गए योगदान, उनके संघर्ष तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा जनपद के 139000 से अधिक समूह सदस्यों में से अच्छा कार्य कर लखपति दीदी क्लब में शामिल दीदियों इंदु वर्मा बुक कीपर,सरिता देवी समूह सखी,साधना गुप्ता बैंक सखी,अन्तिमा यादव विद्युत सखी,चन्द्रकला बीसी सखी, रीना अग्रहरि,ममता देवी, सुनीता सिंह, नीतू त्रिपाठी को पुष्प गुच्छ, शाल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।मिशन शक्ति के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की दीदियों का यह सम्मान कार्यक्रम विकासखंड, संकुल स्तरीय समिति एवं ग्राम संगठन के कार्यालय पर भी मनाया गया जहां पर दीदियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लखपति दीदी बनने के अनुभव को ÷मेरी कहानी मेरी जुबानी÷ द्वारा बताया गया। कार्यक्रम के दौरान मौके पर जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी,परियोजना निदेशक/ डीसी एन आर एल एम अनिल कुमार सिंह, डीसी मनरेगा तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की



डा. चारुबाला शर्मा
एम.बी.बी.एस.,डी.जी.ओ,डी.एन.बी.
(स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ)

सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों को मान्यता देने वाला एक वैश्विक उत्सव है। यह एक ऐसा दिन है जो चिकित्सा क्षेत्र में भी विशेष महत्व रखता है, जहाँ मेरी जैसी महिला चिकित्सक को भी बाधाओं को तोड़ने, स्वास्थ्य सेवा नीतियों को आकार देने और सर्वोत्तम चिकित्सीय देखभाल प्रदान करने के लिए प्रेरित करता है। यह एक खास दिन है, जिसे हम खास तौर पर दुनिया की सभी महिलाओं के लिए तय करते हैं। यह उनकी विभिन्न आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों को याद करने का समय है। और क्यों न हो? अपने वास्तविक सार में, यह दिन प्रकृति की स्त्री शक्ति का उत्सव है जो जीवन का पोषण करती है। महिला निर्माता है। वह सभी को प्रेरित करती है और खूबसूरती से निर्जीव में जीवन फूंकती है। राजनीति, शोध, शिक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, सांस्कृतिक - किसी भी क्षेत्र का नाम लें और वे हर जगह मौजूद हैं। उनके सक्षम नेतृत्व कौशल और अभिनव विचार प्रक्रियाएँ उनके देशों के लिए एक नया भविष्य गढ़ रही हैं।

## अलीगढ़ डीएम ने शेखा झील का किया निरीक्षण



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा शनिवार को शेखा झील पक्षी विहार का निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया । इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग अलीगढ़ नवीन प्रकाश शाक्य उपस्थित रहे। डीएम ने शेखा झील पक्षी विहार के प्रस्तावित विस्तारीकरण एवं सौंदर्यीकरण को लेकर समीक्षा की। समीक्षा के दौरान डीएम ने शेखा झील के सौंदर्यीकरण को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए। डीएम ने विशेष रूप से जलकुंभी की सफाई को लेकर विशेष बल दिया देते हुए पक्षी विहार में मौजूद पक्षियों की सुरक्षा एवं सुरक्षित हैबिटेट के लिए विशेष निर्देश दिए। उन्होंने शेखा झील की वर्षभर उपयोगिता बढ़ाने के लिए आवश्यक सुझाव एवं विस्तृत योजना बनाए जाने की भी बात कही। इसके साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एवं शेखा झील पक्षी विहार के वृहद प्रचार प्रसार के भी निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि शेखा झील पक्षी विहार के निकट खाली स्थान पर पर्यटन से संबंधित सुविधाओं को विकसित करने की योजना बनाई जाए।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम मे मिथिलेश अग्रवाल उपस्थित रही

**फर्रुखाबाद।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय ब्रह्मदत्त स्टेडियम के ऑडिटोरियम हॉल में किया गया। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह, विधायक कायमगंज डॉ0 सुरभि गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल, जिलाध्यक्ष भाजपा रूपेश गुप्ता, पूर्व राज्य महिला आयोग सदस्य मिथलेश अग्रवाल, जिला महामंत्री कैप्टन डी0एस0 राठौर, मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति, जिला विकास अधिकारी सुनील तिवारी द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद में विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, खेल, संगीत आदि में ख्याति प्राप्त महिलाओं एवं बेटियों को पुरस्कृत किया गया।

# राजकिशोर शुक्ल ने प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में रसोइयों को होली की सामग्री देकर सम्मानित किया



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में विश्व महिला दिवस पर प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में हुआ सम्मान समारोह। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्कूल में पढ़ रही सभी बालिकाओं को प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने सम्मानित किया ।इस अवसर पर स्कूल की शिक्षा मित्र कमलेश राजपूत, रसोईया आशा देवी, उमा देवी, मोहिनी, भगवान देवी, राजेश्वरी देवी को होली की सामग्री देकर महिला दिवस व होली की शुभकामनाएं दी। श्री शुक्ल ने कहा कि महिलाएं अब किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। सरकार द्वारा भी महिलाओं एवं बालिकाओं के अनेक लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही है। परिषदीय स्कूलों में पहले से ही पचास फीसदी आरक्षण मिल रहा है। लोकसभा में भी तैंतीस फीसदी आरक्षण बिल पास हो चुका है। पुलिस,जल थल और वायु सेना में भी महिलाओं की भर्ती हो रही है। सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की अनेक योजनाएं चला रही है। महिलाओं का उत्पीड़न रोकने के लिए टोल फ्री नंबर पर तत्काल सहायता मिलती है। कार्यक्रम के अंत सभी बच्चों को सेवामुक्त हलवा वितरित किया गया।

# महिला दिवस पर एमजीयूजी के नर्सिंग संकाय में विशेष कार्यक्रम आयोजित



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के अंतर्गत संचालित नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय के नर्सिंग विभाग में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ए.एन.एम. द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत छात्रा अन्नम खातून ने पोस्टर के मध्यम से महिलाओं के अधिकार, समाज में उनकी समान भूमिका और नारी सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवसकेवल महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने के लिए ही नहीं है बल्कि यह हमें यह याद दिलाता है कि समाज में महिलाओं का स्थान और अधिकार कितने महत्वपूर्ण हैं। महिलाएं समाज की नींव होती हैं। चाहे शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, विज्ञान हो, राजनीति हो या खेल, महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुकी हैं। इतिहास में कई ऐसी महिलाएं उदाहरण हैं जिन्होंने नारी शक्ति का अहसास दिलाया और एक नई शुरुआत की। रानी लक्ष्मीबाई, मदर टेरेसा, सरोजिनी नायडू, कल्पना चावला और कई अन्य महान महिलाओं ने हमें सिखाया कि संकल्प महत्वपूर्ण है और कोई भी मुश्किल हमें रोक नहीं सकती है। अतः हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम महिलाओं के अधिकारों और समानता के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे।

## मृतक के पिता ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** हाई टेंशन तार के करंट के झटके से नीचे गिरने से एक युवक की मौत शुक्रवार शाम को हो गई थी। मामला शिवम कालोनी जलालपुर नगर का है। मृतक के पिता अशोक कुमार के द्वारा कोतवाली जलालपुर में दिया गया। अशोक कुमार ने बताया कि सोनू निगम जोकि उनका बड़ा पुत्र था। शुक्रवार शाम को लगभग छः बजे घर आ रहा था। तभी रास्ते में मेरे पुत्र को जबरन सुरेश कन्नौजिया जिनका शिवम कालोनी में मकान बना रहा है। मृतक तार जोड़ने के लिए छत पर गया। बिजली का तार जोड़ने के दौरान करंट लगाने से चतुर्थ मंजिल से गिरकर मौत हो गई थी।

## प्रधानाध्यापक का आकस्मिक निधन

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बैरागल में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत रहे गिरिजा प्रसाद के आकस्मिक निधन से शिक्षक स्तब्ध रह गए। तहसील क्षेत्र के जैनापुर निवासी गिरिजा प्रसाद काफी सरल स्वभाव के थे। उनके निधन की खबर लगते ही शिक्षा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। शिक्षक के निधन पर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष राजेश यादव, मित्रसेन वर्मा ,निशात अहमद,मंशाराम यादव, राधेश्याम यादव, अनिल यादव, सुहैल अहमद,विक्रांत सिंह,श्वेता सिंह, मोहम्मद अलकमा,उमेश यादव,मेंहदी रज़ा,मोहम्मद कासिम,सत्यप्रकाश गुप्ता, मोहम्मद शारिब,राजाराम वर्मा आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# रमजान के पहले जुमा की नमाज हुई अदा, मांगी अमन की दुआ

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** माह-ए-रमजान के पहले जुमा की नमाज शहर की सभी मस्जिदों में अदा की गई। मुल्क में अमन व अमान और खुशहाली की दुआ मांगी गई। फर्ज नमाजों के साथ नफ्ल नमाज पढ़ी गई। कुरआन-ए-पाक की तिलावत हुई। माह-ए-रमजान का पहला जुमा व छठा रोजा अल्लाह को राजी करने में गुजरा। मदीना जामा मस्जिद रेती चौक, जामा मस्जिद उर्दू बाजार, जामा मस्जिद रसूलपुर, गोरखनाथ जामा मस्जिद, दरगाह हज़रत मुबारक खां शहीद जामा मस्जिद नार्मल, मस्जिद सुब्हानिया तकिया कवलदह, गाजी मस्जिद गाजी रौजा, सुन्नी बहादुरिया जामा मस्जिद रहमतनगर, मक्का मस्जिद मेवातीपुर, चिश्तिया मस्जिद में बक्शीपुर, गौसिया जामा मस्जिद छोटे काजीपुर, सब्जपोश हाउस मस्जिद जाफरा बाजार सहित सभी मस्जिदों में भीड़ उमड़ी। जुमा के नमाज की तैयारी सुबह से शुरु हो गई। लोगों ने गुस्ल किया। साफ सुथरे कपड़े पहने। इत्र लगाया। सर पर टोपी सजाई। अजान होने से पहले ही बच्चे, नौजवान व बुजुर्गों ने मस्जिदों की ओर कदम बढ़ाए, ताकी पहली पंक्ति में जगह मिल जाए। अजान से पहले नमाजियों से मस्जिदें भरनी शुरु हो गई। अजान होने तक मस्जिदें नमाजियों से भर गई। इसके बाद नमाजियों ने सुन्नत नमाज अदा की। तकरीर के बाद मस्जिदों के इमाम ने मिम्बर पर खड़े होकर खुत्बा पेश किया। जुमा की नमाज अदा की गई। इमाम के साथ सभी ने अल्लाह की बारगाह में दुआ के लिए हाथ उठाए। इमाम की दुआ पर सभी ने आमीन की सदा बुलंद की। मिलकर दरूदो-सलाम पढ़ा गया। घरों में महिलाओं ने नमाज़ अदा की।

# रोजा-नमाज के जरिए अल्लाह को राजी करने में जुटे रोजेदार

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** रोजेदार रोजा-नमाज के जरिए अल्लाह को राजी करने में जुटे हुए हैं। माह-ए-रमजान का सातवां रोजा रोजेदारों ने सुब्हानअल्लाह, अलहम्दुलिल्लाह, अल्लाहु अकबर का विर्द करते हुए गुजारा। जब दुआ में हाथ उठा तो दिल से यही सदा निकली या इलाही हर जगह तेरी अता का साथ हो, जब पड़े मुश्किल शहे मुश्किल कुशा का साथ हो। तरावीह की नमाज जारी है। बाजार में चहल-पहल है। दिन व रात खुशगवार है। घर व मस्जिद में कुरआन-ए-पाक व दरूदो सलाम पढ़ा जा रहा है। घरों में महिलाओं की जिम्मेदारी बढ़ गई है।

इफ्तार व सहरी में दस्तरख्वान बेहतरीन खानों से सजा नज़र आ रहा है। रहमत का अशरा जारी है। दस रोजा पूरा होने के बाद मगफिरत का अशरा शुरु होगा। हाफिज अयाज अहमद ने बताया कि रोजा रखने से इंसान तंदुरुस्त हो जाता है। हदीस शरीफ़ में है रोजा रखो सेहतयाब हो जाओगे। रमजान के पवित्र माह में रोजा रखने से पाचन क्रिया और अमाशय को आराम मिलता है। सालों-साल लगातार काम करने के कष्?ट से शरीर की इन मशीनरियों को कुछ दिनों तक आराम मिलता है। इस दौरान आमाशय शरीर के भीतर फालतू चीजों को गला देता है। यह लंबे समय तक रोगों से बचे रहने का एक कारगर नुस्खा है। उन्होंने बताया कि पैग़म्बरे इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को खजूर बेहद पसंद थी। खजूर में शिफा है। खजूर से रोजा खोलना पैगंबरे इस्लाम की सुन्नत है। खजूर जन्नत का फल है और इसमें जहर से भी शिफा है। खजूर खाने से न सिर्फ थकावट दूर होती है बल्कि गुर्दे की ताकत भी बढ़ती है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में कार्यरत मोहम्मद फैजान ने बताया कि इस्लाम धर्म में अक्सर आमाल किसी न किसी रूह परवर वाक्या की याद ताजा करता है। रोजा पिछली उम्मतों में भी था।

## होली और जुमे की नमाज में खलल डालने वाले अराजकतत्वों पर होगी कारवाई

**गोरखपुर।** आगमी शुक्रवार के दिन होली और जूमें की नमाज एक ही दिन पड़ गई है। जिसको देखते हुए गीडा थाना और सहजनवा थाने पर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुआ। गीडा थाने में पीस कमेटी के अध्यक्षता एएसपी आशना चौधरी ने करते हुए कहा कि शुक्रवार को होली और जुमे की नमाज एक ही दिन पड़ गया है। हिंदू समाज के लोग दिन में एक बजे तक होली सम्पन्न कर ले। वहीं मुस्लिम समाज के लोग दो बजे के बाद नमाज अदा करे। किसी तरह की अराजकता बर्दास्त नहीं किया जायेगा। क्षेत्र में ऐसे अराजक तत्व है जो त्यौहारों में खलल डाल सकते है। उनके बारे में पुलिस को समय से जानकारी दे। जिससे ऐसे व्यक्तियों के ऊपर समय से कारवाई की जा सके। उक्त बाते एएसपी आसना चौधरी ने गीडा थाने में पीस कमेटी के बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। वहीं सहजनवा थाने में पीस कमेटी बैठक की अध्यक्षता सीओ रत्नेश्वर सिंह ने किया।

## प्रशिक्षु आईपीएस ने संभाला गीडा थाने का कार्यभार

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** 2023 बैच की आईपीएस अधिकारी आशना



चौधरी ने गीडा थाना प्रभारी का पदभार संभाला। आशना उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले की पिलखुवा कस्बे की मूल निवासी हैं। उनके पिता, डॉ अजीत चौधरी एक सरकारी विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं।आशना चौधरी ने गाजियाबाद में स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की है। उन्होंने ह्यूमैनिटीज विषयों के साथ 12वीं बोर्ड परीक्षा दी थी। इसके बाद 2019 में दिल्ली यूनिवर्सिटी के लेडी श्रीराम कॉलेज से इंग्लिश लिटरेचर में ऑनर्स किया है। फिर 2023 में नई दिल्ली में स्थित साउथ एशियन यूनिवर्सिटी से इंटरनेशनल रिलेशंस में मास्टर्स किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के लिए किसी भी समस्या को लेकर उनके द्वार हमेशा खुले हैं, लेकिन अपराध जगत से जुड़े अपराधी या तो क्षेत्र छोड़कर चले जाए वरना अपराध का अंजाम भुगतने को तैयार रहें। नवनियुक्त थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र के सम्मानित एवं संभ्रांत लोग अपराधिक गतिविधि पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

## थाना समाधान दिवस पर आये 12 मामले

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को थाना समाधान दिवस पर सहजनवां थाने में अध्यक्षता तहसीलदार सहजनवा राकेश कन्नौजिया ने किया। इस दौरान 7 मामले आए जिसमे 5 राजस्व,2 पुलिस के थे। किसी मामले का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका। गीडा थाने में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता एएसपी आसना चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुल 5 मामले आए थे। सभी मामले राजस्व से संबंधित थे। हरपुर बुदहट ठंड में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता थानाध्यक्ष महेश कुमार चौबे ने किया। यहां कोई भी शिकायत नहीं दर्ज कराई गई। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित की गई है। जबकि पुलिस के मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया,प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह, एसओ विशाल उपाध्याय सहित अनेक राजस्व कर्मी मौजूद थे।

# अच्छे और बुरे दोस्त की पहचान

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** रमज़ान की पुर बरकत फ़ज़ा में शहर ए लखनऊ और अतराफ

**महदवी समाज दीनी क्लासेज़ का दसवां दौर**

ए लखनऊ में बरपा होने वाले दीनी व समाजी क्लासेज़ अपने पूरे ज़ोर ओ शोर से मुख्तलिफ मक़ामात पर जारी हैं. जिसमें शिरकत करने वालों की तादाद तक़रीबन दो हज़ार से ज़्यादा हो चुकी है जिसमें ख़वातीन के दीनी व समाजी जज़्बे को देख कर खुशी हो रही है। रोज़ ब रोज क्लासेज़ मे जॉइन होने के लिए एप्लीकेशन आ रही हैं जिसको जिम्मेदार लोग कुबूल नहीं कर सकते क्यूंकि सबके के लिए इंतेज़ाम करना एक साथ मुश्किल काम है. और इस 3 नयी जगहों पर क्लासेज शुरू हुए हैं जिसमें गोला गंज, अली गंज, इंद्रा नगर हैं। कल के लेक्चर में टीचर्स ने जवानों को एक अहम मसले पर तवज्जो दिलाई, अच्छे और बुरे दोस्त की पहचान पर गुफ़्तगू की जो जवानों की ज़रूरत भी है. और उनके फ्यूचर की कामियाबी और नाकामी काफी हद तक अच्छे और बुरे दोस्त की सुहबत से ताल्लुक रखती है। मौलाना सईद उल हसन साहब ने कर्बला दयानत उद्दौला में अपने लेक्चर मे अच्छे दोस्त के मेयारात बताते हुए कहा कि इंसान तन्हा नहीं रह सकता लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि वो हर एक को अपना दोस्त समझ कर अपने राज़ को बता दे ब्लकि दोस्त बनाते वक्त यह देखना ज़रूरी है कि वो कितना हमदर्द है, हमारे नफा ओ नुक़सान मे कितना शरीक है, सच्चा है कि नहीं, वादा पूरा करने वाला है कि नहीं, अक़लमंद है कि नहीं, जज़्बाती तो नहीं है, अपने गुनाहों को सबसे बताता तो नहीं है या हमारी ग़लतियो की तरफ तवज्जो दिलाता है कि नही। जो ऊपर बयान किया गया यह सब दोस्त की निशानियाँ हैं. मौलाना ने इमाम (अस) की हदीस को कोड किया कि इमाम फरमाते हैं कि बुरे दोस्त से दोस्ती करने से बचो नहीं तो तुम को पता भी नहीं चलेगा कि कब तुम उसके रंग में रंग गए हो. क्लास के आख़िर मे इमाम ज़माना (अस) की खिदमत मे सलाम आक़ा सलाम मौला की आवाज़ों पर ख़त्म हुआ।

## त्यौहार के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा विभाग के मुखिया द्वारा मिलावट खोरों के नाक में नकेल

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जनपद के जिलाधिकारी संजीन रंजन के



आदेश पर खाद्य सुरक्षा विभाग के मुखिया उप आयुक्त ग्रेड सेकंड डॉ दीनानाथ के निर्देशन में मिलावट खोरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए वाहन संख्या यूपी 81 सीटी 7483 में ड्राइवर सुभाष द्वारा ग्राम चखातल अलीगढ़ से ले जा रहे खाद्य पदार्थ खोवा का निरीक्षण खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवनाथ द्वारा किया गया। दौराने निरीक्षण मौके से प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 1 नमूना खोवा का संकलित किया गया। मिलावट पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत व्यापक जन स्वास्थ्य के हित में अपमिश्रण के विरुद्ध निरोधक कार्यवाही करते हुए खैर क्षेत्र टप्पल कट पर इको वैन को रोककर इस्तेकार निवासी जमुनका से 2 नमूने खोया तथा शिवम जादौन निवासी गंगई के इको वैन से 3 नमूने खोया के संग्रहित किए गए। नंदकिशोर खोया भट्टी/निर्माणशाला पर छापा मारकर 2 मिश्रित दूध और 2 खोया के खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रियेश कुमार सिंह, त्रिभुवन नारायण एवं श्वेता चक्रवर्ती द्वारा संग्रहित किए गए। खाद्य सुरक्षा की अन्य टीम ने मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में मदार गेट स्थित जलाली स्वीट्स एवं घंटे वाली की मशहूर दुकान, खाद्य प्रतिष्ठान का सघन निरीक्षण किया। दौरान निरीक्षण संदेह के आधार पर उक्त प्रतिष्ठानों से 01-01 खोया का नमूना नेहा एवं शिखा श्रीवास्तव द्वारा संग्रहीत किया गया।कुल संग्रहित 12 नमूनों को खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया जिसकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवमं मानक अधिनियम 2006 के सुसंगत प्रावधानों के तहत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# सीएम की शोभायात्रा को लेकर गोरखपुर अलर्ट

## त्योहारों में खलल पैदा करने वालो को बख्शा नहीं जाएगा: सीओ कोतवाली

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** रमजान का पवित्र महीना चल रहा है 14 मार्च को होली है और होली के दिन ही सीएम योगी आदित्यनाथ की शोभायात्रा निकलेगी फिर अलविदा की नमाज़ के बाद ईद का त्योहार मनाया जाएगा इन सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए गोरखपुर की पुलिस अलर्ट है एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर के निर्देश पर पुलिस ने सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली है सभी थानों पर पीस मीटिंग करके आमजनमानस से सहयोग की अपील की गई साथ ही अराजकता फैलाने वालों से कड़ाई से निपटने की गोरखपुर पुलिस से तैयारियां भी कर ली है।

गोरखपुर की पुलिस पूरी तरह से सतर्क और सजग है लगातार अपने अपने क्षेत्र में पुलिस गश्त कर हर एक गतिविधियों पर पैनी नजर बनाये हुए है। होली के दिन निकलने वाली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शोभायात्रा को लेकर गोरखपुर की शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए पुलिस कड़ी मेहनत करके हर एक गतिविधियों पर नज़र बनाए हुए है।

आज क्षेत्राधिकारी कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी के नेतृत्व में आज राजघाट थाना प्रभारी सदानंद सिन्हा कोतवाली निरीक्षक छत्रपाल सिंह और तिवारीपुर थाना प्रभारी पंकज गुप्ता भारी पुलिस फ़ोर्स के साथ घंटाघर चौराहा से मदरसा चौराहा,रहमत नगर, घासीकटरा, जाफरा बाजार, बेनीगंज, अलीनगर, बक्शीपुर, नख़ास चौराहा ,रेती चौराहा से पुनः घंटाघर तक पैदल गस्त किया पैदल गश्त के दौरान पुलिस ने तमाम दुकानदारों राहगीरों और आवाम से बातचीत भी करती हुई दिखाई दी पुलिस अधिकारियों ने लोगो से अपील भी किया कि जो दिशानिर्देश पुलिस द्वारा पीस मीटिंग में बताए गए सभी लोग उसका पालन करेगे कही पर भी कोई दिक्कत परेशानी होती है तो फौरन पुलिस को सूचना दे पुलिस तत्काल प्रभाव से आपकी मदद करेगी कानून व्यवस्था के खराब करने वालो को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा अपने परिवार के बच्चों को भी बताए कि शोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी न करे किसी की भी भावना को आहत न करे अन्यथा कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# सशक्त महिलाओं का बढ़ता कदम, बन रहा बदलाव की मिसालः स्वाति गौड़

*अवधनामा संवाददाता*

**कुमारगंज -अयोध्या।** आशा भगवान बक्श सिंह महाविद्यालय में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण के विषय पर परिचर्चा एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महराजगंज थाने की महिला उपनिरीक्षक स्वाति गौड़ एवं वैशाली अग्रवाल ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई और इसके बाद महिला सशक्तिकरण को लेकर कई प्रस्तुतियां दी गई। महाविद्यालय की डॉ. गीता आर्य ने आए हुए अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

प्राचार्य डॉ. नीलमणि सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। हमें प्रेरणा लेनी चाहिए कि बदलते परिवेश में महिलाओं ने पूरे विश्व में उन्नति व कामयाबी की एक नई मिसाल कायम की है।अगर महिलाएं सशक्त होगी तो समाज और ज्यादा सशक्त होगा और राष्ट्र भी उन्नति करेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान हमेशा हमारे लिए सर्वोपरि होना चाहिए।परिचर्चा में महिला उप निरीक्षक स्वाति गौड़ ने अलग-अलग स्तरों पर स्त्रियों के साथ होने वाले शोषण और विभिन्न क्षेत्रों में असमान प्रतिनिधित्व पर तथ्यों को प्रस्तुत करते हुए बताया कि स्त्री सशक्तीकरण राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संसाधनों तक महिलाओं की पहुंच संभव करता है। उन्होंने आर्थिक क्षेत्र में असमान वेतन दर और इस असमानता को कम करने के तरीकों पर भी विस्तार से चर्चा की। कार्य क्षेत्र में असमानता और शारीरिक शोषण जैसे संजीदा मुद्दों पर बोलते हुए उन्होंने जोर दिया कि लैंगिक भेद को कम करने में केवल स्त्रियों की नहीं अपितु पूरे समाज की समान भूमिका होती है। उन्होंने छेड़खानी की घटना होने पर क्या करें और यदि उनके साथ किसी तरह का अपराध होता है तो निडर होकर पुलिस तक कैसे पहुंचे इस बात पर भी विस्तृत चर्चा की। महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ इंचार्ज एवं विभागाध्यक्ष (विज्ञान) डॉ. नेहा श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में कहा कि महिलाओं के विकास में सरकार अहम भूमिका निभा रही है और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाएं इसकी परिचायक हैं। शिक्षा, व्यापार और राजनीतिक क्षेत्र में महिलाएं आज अहम भूमिका निभा रही हैं। आज समाज और देश के विकास में महिलाओं का अहम योगदान है। महिलाओं का आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है, क्योंकि आत्मनिर्भरता से आत्मविश्वास आता है और आत्मविश्वास से जीवन संवरता है। वैशाली अग्रवाल ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के महत्व पर अपने विचार साझा करते महिला सुरक्षा के प्रति सभी को प्रेरित किया। उन्होंने वित्तीय साक्षरता के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने की आवश्यकता को रेखांकित किया और इसके लिए उपयुक्त कदम उठाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। वाचन प्रतियोगिता में देवांसी ने प्रथम स्थान हासिल किया। साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता में कनिका ने प्रथम, आकांक्षा ने द्वितीय, मानसी ने तृतीय स्थान, मेंहदी में खुशी गौड़ ,रंगोली में रोशनी, स्लोगन में रानी मोदनवाल तथा निबंध प्रतियोगिता में रितिका सफल प्रतिभागी रहीं और उन सभी को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। अंत में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए डॉ. गोपाल नंदन श्रीवास्तव (समन्वयक राजर्षि टण्डन विश्वविद्यालय) ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि महिला दिवस का आयोजन सशक्तीकरण को प्रतिबिंबित करता है साथ ही महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ और छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आत्मरक्षा संगोष्ठी का आयोजन

**अयोध्या।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर के साकेत महाविद्यालय इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आत्मरक्षा विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दानपति तिवारी, मुख्य वक्ता डॉ. आलोक सिंह, खेलो भारत प्रांत सह-संयोजक नित्या पाठक और इकाई मंत्री नीलम गोस्वामी ने दीप प्रज्ज्वलन कर की। प्राचार्य प्रो. तिवारी ने महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व कर रही हैं, जिससे भारत प्रगति की ओर बढ़ रहा है। डॉ. आलोक सिंह ने बताया कि ABVP ने 1949 से महिलाओं और छात्राओं के बीच नेतृत्व का काम किया है। नित्या पाठक ने आत्मरक्षा के गुर सिखाए और कहा कि नारी सिर्फ एक शब्द नहीं, बल्कि सृष्टि का आधार है। कार्यक्रम में एक सैकड़ा से ज्यादा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# समाज सेविका भारती सिंह ने उठाया गंभीर मुद्दा

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** शहर के प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान समाज सेविका भारती सिंह ने पीड़ित अभिषेक कुमार सिंह के मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि पीड़ित अभिषेक कुमार सिंह, जो कि रानीबाजार निवासी और माझाकला के नए मकान में रहते हैं, बिजली कनेक्शन न मिलने से परेशान हैं।भारती सिंह ने बताया कि पीड़ित और गांव के अन्य लोग वर्षों पहले बिजली विभाग से सभी औपचारिकताएं पूरी कर चुके थे, लेकिन फिर भी विद्युत कनेक्शन और खम्भा लगाने के मामले में अवरोध उत्पन्न किया गया। पीड़ित अभिषेक ने बताया मिर्जापुर गांव के कुछ दबंग व्यक्तियों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों को न केवल काम करने से रोका, बल्कि खम्भा भी उखाड़ दिया और तारों को काट डाला। उन्होंने कर्मचारियों से अभद्रता करते हुए कहा कि अगर सपा सरकार होती तो तुम सालों की कब्र यही बनवा देता इसके बाद, विद्युत विभाग ने पुनः प्रयास किया और जूनियर इंजीनियर को पुलिस बल के साथ कार्रवाई करने का आदेश दिया। लेकिन जब 6 मार्च 2025 को खम्भा लगाया गया, तो आरोपियों ने फिर से पीड़ित पर हमला कर दिया और उसे मारने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और बिजली कर्मचारी अपनी जान बचाकर भाग गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है, लेकिन अब तक पुलिस की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई है। पीड़ित और उसके परिवार को लगातार इस डर का सामना करना पड़ रहा है कि आरोपित किसी भी समय उनके खिलाफ कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं। समाज सेविका ने इस मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित और उसके परिवार को न्याय मिल सके।

# सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** देवकाली बाईपास स्थित एक स्थानीय होटल में रिलायंस जिओ और सजेंकॉन की ओर से 54वें नेशनल सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रिलायंस जिओ के मुख्य मेंटेनेंस मैनेजर प्रकाश गिरी, विशिष्ट अतिथि दीपक दीक्षित, संदीप पाठक, देवेश अवस्थी, विवेक त्रिपाठी ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की महत्ता को साझा किया। इस सुरक्षा सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम में रिलायंस जिओ के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। कर्मचारियों को यह बताया गया कि सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें क्या हैं और किस तरह से वे अपनी सेफ्टी को सुनिश्चित कर सकते हैं। रिलायंस जिओ के क्लस्टर मैनेजर धर्मेंद्र सिंह ने इस अवसर पर बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का आयोजन कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य है कि लोग किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें। कार्यक्रम में सुरक्षा से जुड़े कई पहलुओं पर चर्चा की गई, जैसे कि सड़क पर बाइक चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल, कार चलाते समय सीट बेल्ट पहनना, मोबाइल फोन का प्रयोग न करना और अल्कोहल से बचना। इसके अलावा, सभी उपस्थित लोगों से सुरक्षा को लेकर शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में कंपनी में अच्छा कार्य करने वाले लगभग 50-60 कर्मचारियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।प्रकाश गिरी, रिलायंस जिओ के चीफ मेंटेनेंस मैनेजर, ने बताया कि ÷हम हर साल राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाते हैं, जो 4 मार्च से 10 मार्च के बीच आयोजित होता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों और समाज को सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना है।

# खाद्य सुरक्षा अभियान के तहत 13 नमूने संग्रहित



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा जनपद के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया और संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए।टीम का नेतृत्व सहायक आयुक्त (खाद्य) मानिक चन्द्र सिंह ने किया, और उन्होंने बताया कि यह अभियान विशेष रूप से होली पर्व के मद्देनजर आमजनमानस को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए चलाया जा रहा है। कुल 13 नमूने विभिन्न स्थानों से संग्रहित किए गए। निरीक्षण तहसील रुदौली रामनरेश मिष्ठान भंडार बेलसर से 1 नमूना छेना की मिठाई बालाजी मिष्ठान भंडार भेलसर चौराहा से 1 नमूना बूंदी का लड्डू मां जीवदायनी स्वीट भेलसर चौराहा से 1 नमूना खोआ,जेपी फूड कोर्ट मखवापुर से 1 नमूना अरहर दाल, 1 नमूना हल्दी पाउडर तहसील सदर श्वेत धारा डेयरी आशापुर से 1 नमूना भैंस का दूध,स्वीट फैक्ट्री इलाहाबाद रोड सुल्तानपुर बाईपास नाका से 1 नमूना खोआ, 1 नमूना पेड़ा गुड्डे बेकर्स सुल्तानपुर बाईपास से 1 नमूना मिल्क केक ,गुड्डे कैफे सुल्तानपुर बाईपास से 1 नमूना पनीर तहसील बीकापुर जयसवाल किराना स्टोर चांदपुर से 1 नमूना मैदा,घनश्याम मिठाई की दुकान तारुन बाजार से 1 नमूना पनीर,पाल मिष्ठान भंडार तारुन बाजार से 1 नमूना खोआ मिठाई की दुकान जाना बाजार से 1 नमूना पनीर सहायक आयुक्त (खाद्य) मानिक चन्द्र सिंह ने बताया कि होली के अवसर पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान जारी रहेगा और जनपद में प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जनता को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ मिले और त्योहारी सीजन में कोई भी अवैध या अमानक सामग्री बिकने न पाए।

## एसडीएम निधि बोली नारी एक शक्ति, एक प्रेरणा, एक उम्मीद है



**बरेलीः** हर वर्ष 8 मार्च का दिन दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तौर पर मनाया जाता है। ये दिन महिलाओं की उपलब्धियों को सलाम करने का दिन है। मीरगंज उपजिलाधिकारी (न्यायिक) निधि डोडवाल ने बताया कि बेटियां बहुत सहासी होती हैं। बेटियों को कामयाब महिलाओं से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का तरीका सीखना चाहिए। जब आप लक्ष्य की ओर बढ़ते है तो परिवार और समाज का साथ हर कदम पर मिलता है। बेटियां जो सपने देख रहीं हैं उनको पूरा करें। हर ब/बेटी अपने सपनों को पूरा करना चाहती हैं उनको अपनी परिस्थितियों से संघर्ष करना सीखना होगा। परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता। मनचाहा परिणाम जरूर मिलता है। समाज की सोच बदलने के लिए महिलाओं को सशक्त होना होगा। इसके लिए शिक्षा और संस्कारों का समावेश जरूरी है। जागरूक न होने की वजह से तमाम महिलाएं संविधान प्रदत्त अधिकारों से वंचित हैं। वहीं, संस्कारों के अभाव में वे सकारात्मक संदेश का प्रसार भी नहीं कर पा रहीं। मैं महिला दिवस के अवसर पर हर महिला को अपनी शुभकामनाएं देती हूं. ÷महिलाओं के लिए मेरा एक ही संदेश है कि साहसी बनो, मजबूत बनो, आत्मविश्वास से लबरेज रहो, बड़े सपने देखो और उन्हें हासिल करने के लिए कोई कसर मत छोड़ो।

**निधि डोडवाल**
**उपजिलाधिकारी (न्यायिक) मीरगंज**

# महिला दिवस पर सम्मानित हुई नारी शक्ति

## कलेक्ट्रेट परिसर में महिला सम्मान समारोह का आयोजन हुआ



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** अन्तरर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाली नारीशक्ति को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में सर्वप्रथम सफाईकर्मी के रूप में शीला शर्मा वो नियुक्ति पत्र दिया गया।तत्पश्चात पंचायती राज, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रोवेशन विभाग राजस्व विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग में कार्यरत नारीशक्ति को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पनियरा विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह, सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पलता मंगल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महराजगंज ने ने अपने विचार व्यक्त करते हुए महिला कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया और उपस्थित बेटियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सदर विधायक ने अपने उद्?बोधन में कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहीं है। आज बेटियां चन्द्र?मा पर अपना परचम लहरा रही हैं। पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि महिलाओं के उत्थान हेतु सरकार उन्हें आरक्षण देकर स्वावलम्बी बनाने की कार्य कर रही है। विधायक फरेंदा वीरेन्द्र चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए उपस्थित महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई प्रेषित किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाको को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने कार्यक्रम में उपस्थित नारी शक्ति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज बिना महिलाओं के अधूरा है और बिना महिला सहभागिता के समाज आगे बढ़ नहीं सकता। इस अवसर पर डीडीओ करुणाकर अदीब, एसडीएम सदर रमेश कुमार, एसीएमओ डॉ राजेंद्र प्रसाद, जिला प्रोवेशन अधिकारी शांत प्रकाश श्रीवास्तव, डीपीआरओ श्रेया मिश्रा सहित भारी संख्या में नारी शक्ति की उपस्थिति रही।

## महिलाएं हर क्षेत्र में परचम लहरा रहीः पीसीएस तृप्ति गुप्ता

**बरेलीः** नारी चाहे तो किसी भी क्षेत्र में अपना मुकाम पा सकती है। जरूरत है खुद पर विश्वास करने की। मीरगंज उपजिलाधिकारी तृप्ति गुप्ता ने कहा



समाज में महिलाओं की भी भागीदारी उतनी ही है, जितनी एक पुरुष की, लेकिन फिर भी महिलाओं को आज भी तमाम जगहों पर वो जगह नहीं मिल पाती, जिसकी वो हकदार हैं. अपने अधिकारों के लिए तमाम मुद्दों पर आज भी उन्?हें आवाज उठानी होती है. सामाजिक रूप से महिलाओं को बराबरी का हक दिलाने के लिए और उनके योगदान को समझाने के मकसद से हर साल 8 मार्च को अंतरराष्?ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है. भारत में भी सरकार महिलाओं के लिए कई तरह की स्?कीम चलाती है, ताकि उन्?हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जा सके। बेटियों को सशक्त बनाने का ह्यसबसे अच्छा तरीका है कि उसको जितना हो सके पढ़ाओ। सभी महिलाओं को प्रोत्साहित करना जरूरी है मन के हारे हार, मन के जीते जीत। हर काम को करने से पहले यही सोचना चाहिए। महिलाओं को सशक्त करने का सबसे अच्छा तरीका है कि सभी महिलाओं को प्रोत्साहित किया जाए। चाहे वह गृहिणी हों या ऑफिसर या फिर हाउस हेल्पर, सभी को सम्मान देना चाहिए। क्योंकि, ऑफिस में काम करने वाली ही सशक्त नहीं, बल्कि हर काम करने वाली महिला सशक्त हैं। महिला सशक्तीकरण का मतलब केवल ऑफिस जाकर काम करने तक सीमित नहीं हैं। जो घर में आपको खाना खिलाती हैं, जो बच्चे को दूध पिलाती हैं, जो बच्चों में संस्कार भरती हैं, जो कभी बच्चे को चलना सिखाती हैं और उसके गिरने पर खुद रोने लगती हैं, वह सब भी सशक्त हैं, क्योंकि महिला के रूप बहुत हैं। उनका हर रूप सशक्त रूप है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात



**अयोध्या ।** जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से विशेष मुलाकात की। यह मुलाकात दिल्ली में रक्षा मंत्री के आवास पर हुई, जिसमें क्षेत्रीय विकास और विभिन्न स्थानीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। आलोक सिंह रोहित ने रक्षा मंत्री को अयोध्या जिले में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर चर्चा की। उन्होंने पंचायत स्तर पर आधारभूत संरचना, सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति, ग्रामीण विकास, और शिक्षा से जुड़े मुद्दों को रक्षा मंत्री के समक्ष रखा।राजनाथ सिंह ने अयोध्या के विकास को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि केंद्र सरकार जनहित के कार्यों में हर संभव सहयोग करेगी। उन्होंने आलोक सिंह को आश्वासन दिया कि वे संबंधित मंत्रालयों और विभागों से वार्ता कर अयोध्या के विकास कार्यों को गति देने में मदद करेंगे। इस मुलाकात को अयोध्या की राजनीति में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे न केवल क्षेत्रीय विकास को बल मिलेगा बल्कि भविष्य की रणनीतियों पर भी प्रभाव पड़ेगा। आलोक सिंह रोहित की इस पहल को स्थानीय नेताओं और जनता से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। इस मुलाकात के बाद आलोक सिंह ने कहा कि वे अयोध्या के हर गांव और कस्बे तक विकास योजनाओं को पहुँचाने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने रक्षा मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि उनकी सराहना और सहयोग से अयोध्या को एक आदर्श जिला बनाने का सपना जल्द पूरा होगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, फंदे से लटकती मिली

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्रामसभा धरमौली में शनिवार की सुबह छाया गुप्ता 25 वर्ष की शव उसके ही कमरे में कुंडी से लटकते हुए पाया गया।

स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुंचे परतावल चौकी इंचार्ज मनीष पटेल ने जांच शुरू कर दिया। इसी बीच तहसीलदार सदर पंकज शाही भी घटनास्थल पर पहुच गए और मृतिका के परिवार जनों से पूछताछ शुरू किया। परिजनों द्वारा बताया गया कि रोजाना की भांति जब समय ज्यादा होने पर छाया नही दिखी तो उसकी सास ने कमरे में जाकर देखा तो उसके होश उड़ गये। छाया का शव कुंडी से लटक रहा था। यह देख उसकी सास ने शोर मचाना शुरू किया। शोर सुनकर अगल बगल के लोग इकट्ठा हो गये। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से मृतिका का शव को कुंडी से उतारा गया। घटना की जानकारी होने पर मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए साथ ही महिला के घर से उसके परिजन भी आ गए और हंगामा करते हुए परिजनों पर हत्या का आरोप लगाने लगे। जिस पर अपनी टीम के साथ मौजूद चौकी प्रभारी मनीष पटेल ने जांच करके कार्यवाही करने आश्वाशन दिया।

बात दें मृतिका छाया गुप्ता की शादी चार वर्ष पूर्व कुशीनगर जनपद के हनुमानगंज थाना क्षेत्र में हुआ था। उसकी दो वर्ष की बेटी रिद्धि है। पति अंगद गुप्ता मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता है यह परिवार बेहद ही गरीब है। इस सम्बंध में परतावल चौकी इंचार्ज मनीष पटेल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर नही प्राप्त हुई है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कलयुगी पिता नाबालिग बेटी के साथ किया दुष्कर्म

## ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में कामान्ध पिता ने अपनी 11 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म किया है।

इस घटना से गांव में आक्रोश का माहौल पैदा हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर कोतवाल मौके पर पहुंचे।

पीड़ित बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराने के लिए अस्पताल भेजा। इस मामले में पुलिस दुष्कर्म के आरोपित पिता के खिलाफ केस दर्ज कर ली है। इस जघन्य घटना से ग्रामीण आहत हैं। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में यह घटना गुरुवार की रात को बताई जा रही है।

ग्रामीणों के मुताबिक आरोपित नशे का आदी है। उत्पीड़न से तंग आकर पत्नी दो बच्चों को छोड़ कर चली गई है। पीड़ित 11 साल की बालिका बड़ी है। उससे छोटा सात साल का एक भाई है। गुरुवार की रात बालिका व उसका भाई घर में थे।

आरोप है कि रात में कामान्ध पिता घर पहुंचा। बेटी के साथ रिश्तों का तार तार करते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया।

शुक्रवार को बालिका व छोटे भाई ने घटना की सूचना आसपास के लोगों को दे दिया। यह बात पूरे गांव में आग की तरह फैलने लगी। ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम प्रधान ने कोतवाली पुलिस को सूचना दिया। उसके बाद कोतवाल सत्येंद्र कुमार राय पुलिस कर्मियों के साथ गांव में पहुंचे। घटना की जानकारी लिया।

पीड़ित बालिका को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा। कोतवाल सत्येंद्र कुमार राय का कहना है कि प्रकरण में बेटी के साथ दुष्कर्म के आरोप में पिता के खिलाफ केस दर्ज किया गया है जांच पड़ताल की जा रही है।

## समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**बीकापुर - अयोध्या।** कोतवाली परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी पीयूष पाल की अध्यक्षता मे शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में कल 9 शिकायतें आई। जिसमें दो शिकायत पुलिस विभाग से संबंधित तथा 7 शिकायत राजस्व और भूमि ववाद से संबंधित थी। मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। नगर पंचायत बीकापुर के तेंदुआ माफी वार्ड संख्या 7 निवासी कृपा शंकर मिश्रा द्वारा समाधान दिवस में शिकायत पत्र देकर भूमि की पैमाइश किए जाने की मांग की गई। बताया कि तेंदुआ माफी में गाटा संख्या 478 की पैमाइश करने का आदेश मुख्य राजस्व अधिकारी के कोर्ट से करीब 6 माह पूर्व हुआ है। कई बार तहसील का चक्कर लगाने के बावजूद पैमाइश नहीं हो पा रही है। द्वारा पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम गठित करके पैमाइशकरने के लिए कहा गया।

## एसपी ने ठूंठीबारी कोतवाली का दौरा किया



*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)** आगामी होली व रमजान त्योहार को लेकर दिन शनिवार को पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने इंडो नेपाल सीमा पर स्थित ठूठीबारी कोतवाली का दौरा किया। इस मौके पर त्यौहार में कानून व्यवस्था को लेकर मातहतों को दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि त्यौहार को शांति और सौहार्द पूर्वक मनाए, अगर किसी व्यक्ति द्वारा इसमें खलन डालने की कोशिश की तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने थानाध्यक्ष को थाना क्षेत्र उपद्रवियों के लिस्ट तैयार कर पाबंद करने का निर्देश दिया।वहीं तस्करी व अपराध के रोकथाम हेतु सघन तलाशी, नियमित पैदल गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच, बैंक चैकिंग व वाहनों की चेकिंग प्रभावी तरीके से कराने तथा बार्डर क्षेत्र मे सतर्कता बरतने के लिए निर्देश दिया। इस मौके परकोतवाली,ऑफिस, बैरेक, कारागार, मालखाना, मेस में साफ सफाई देखा। जिस पर संतुष्ट दिखाई दिए। उन्होंने वाहन चोरी, लूट, चोरी, महिलाओं से होने वाली छेड़छाड़/अपराध की घटनाओं पर रोकथाम पर विस्तृत चर्चा कर अति शीघ्र निपटाने का आदेश दिया। थाने की साफ सफाई व सुंदरीकरण को देख काफी खुश नजर आए। इस दौरान प्रभारी कोतवाल राघवेंद्र सिंह, लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी इंचार्ज अभय नारायण सिंह, एसएसआई प्रणव ओझा, एसआई दिव्य प्रकाश, एसआई दिनेश कुमार, एसआई अनुराग तिवारी, एसआई विक्की कुमार सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर विरजेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को सिविल कोर्ट, सिद्धार्थनगर व बाह्य स्थित न्यायालय बांसी, डुमरियागंज एवं जिला कारागार, तथा समस्त राजस्व, चकबन्दी न्यायालयों एवं बैंकों (भारतीय स्टेट बैंक शाखा-नौगढ़, बडौदा यू0पी0 बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक आफ बडौदा द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारम्भ माननीय जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र कुमार सिंह द्वारा सभी न्यायिक अधिकारीगण तथा प्रशासनिक अधिकारीगण की उपस्थिति में दीप प्रज्वल्लित कर व सरस्वती जी की प्रतिमा का माल्यापर्ण कर किया गया।

इस दौरान अरविन्द राय पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना प्रतिकर दावा अधिकरण, मो0 रफी अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-1, सुबाष चन्द्र तिवारी विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0 एक्ट), बीरेन्द्र कुमार अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, श्रीमती ऋद्धा भारतीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अरूण कुमार-चतुर्थ अपर सिविल जज (सी0डि0), शैलेन्द्र नाथ सिविल जज (सी0डि0)/एफ0टी0सी0, सुश्री अंकिता चौधरी सिविल जज (जू0डि0) नौगढ, श्रेय कुमार सिविल जज (जू0डि0)/एफ0टी0सी0-1, इन्दू सिंह अध्यक्ष सिविल सिद्धार्थबार एसोसिएशन, दिव्य प्रकाश शुक्ल महामंत्री सिविल सिद्धार्थबार एसोसिएशन, अश्वनी कुमार मिश्र चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल, फराज डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउन्सिल, एहतेशामुददीन असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउन्सिल, राजेश कुमार मुख्य प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक, अशोक कुमार उपप्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक व बैंक के अन्य कर्मचारीगण तथा विद्वान अधिवक्तागण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान 216776 मुकदमों का निस्तारण किया गया एवं समस्त मामलों में अर्थदण्ड एवं सेटलमेन्ट धनराशि के रूप में कुल धनराशि 10,55,39,986/- रूपये वसूले एवं दिलाये गये। विरजेन्द्र कुमार सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिद्धार्थनगर द्वारा अन्य सिविल के 3 वाद, प्रकीर्ण फौजदारी के 9 वाद एवं पारिवारिक मामलों के 11 वाद निस्तारित किये तथा समझौता राशि के रूप में धनराशि 1853388/- दिलवाया गया। अरविन्द राय, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना प्रतिकर दावा अधिकरण द्वारा मोटर दुर्घटना प्रतिकर व प्रकीर्ण के कुल 49 वाद को निस्तारित करते हुए पीड़ित पक्ष को कुल 2,58,78,000/- रूपया क्षतिपूर्ति के रूप में दिलवाया गया। मो0 रफी, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0 1, सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 225 वाद निस्तारित किये। सुबाष चन्द्र तिवारी विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0 एक्ट), सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 1 वाद निस्तारित किये। बीरेन्द्र कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट), सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 3 वाद निस्तारित किये। श्रीमती ऋद्धा भारतीय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 1162 वाद निस्तारित करते हुये अर्थदण्ड के रूप में 100220/- रूपये वसूले गये। अरूण कुमार-चतुर्थ, अपर सिविल जज (सी0डि0) सिद्धार्थनगर द्वारा अन्य सिविल वाद के 121 वाद निस्तारित किये। शैलेन्द्र नाथ, सिविल जज (सी0डि0)/ एफ0टी0सी0, सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 732 वाद निस्तारित किये।न्यायाधीश पंकज सिविल जज (जू0डि0)/जे0एम बांसी, सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 1726 वाद निस्तारित किये। सुश्री अंकिता चौधरी, सिविल जज (जू0डि0) नौगढ सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 5 वाद निस्तारित किये। सिद्धान्त यादव अपर सिविल जज (जू0डि0) बांसी, सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 1210 वाद निस्तारित किये। उमाम जाहीद सिविल जज (जू0डि0), डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 251 वाद निस्तारित किये। श्रीमती अभिलाषा अपर सिविल जज (जू0डि0) बांसी, सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 1015 वाद निस्तारित किये।

# चेतरा विद्यालय में वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता





**शोहरतगढ़।** ब्लाक संसाधन केन्द्र शोहरतगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय चेतरा शेख में शारदा संगोष्ठी वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर धूमधाम से मनाया गया।शारदा संगोष्ठी वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सशस्त्र सीमा चौकी खुनुवा निरीक्षक राकेश मनिपाल ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

शारदा संगोष्ठी वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह के मुख्य अतिथि एसएसबी सशस्त्र सीमा बल सीमा चौकी खुनुवा निरीक्षक राकेश मनिपाल ने छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र- छात्राएं शिक्षा की गुणवत्ता एवं शिक्षा के प्रति सदैव समर्पित होते हुए मन लगाकर पढ़ें। जिससे विद्यालय एवं क्षेत्र तथा अपने माता पिता के साथ जनपद का नाम रोशन करें। शिक्षा का जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है पढ़- लिखकर उच्च पद पर आसीन होंगे। आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रभारी खुनुवा डा अजय कुमार यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन होने से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। छात्र छात्राओं ने अपने हुनर व कला का प्रदर्शन करने का एक अच्छा प्लेटफार्म मिलता है। छात्र-छात्राओं सरोजनी, वन्दना, विन्दावती,विक्रम, नजिया, मुस्कान, साक्षी आदि बच्चों ने शारदा संगोष्ठी वार्षिकोत्सव व विदाई में सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरस्वती वंदना, होली गीत, स्वागत गीत,आहा टमाटर बड़े मजेदार टमाटर, बेटी हमारी अनमोल व पेड़ बचाओ नाटक बच्चों ने प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक अभय कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम संयोजक रामानंद पाण्डेय व सुनीता रहे। कार्यक्रम का संचालन राम अभिलाष सिंह व ओम प्रकाश ने किया। प्रधानाध्यापक अभय कुमार सिंह ने कार्यक्रम के अंत में आयें हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान सशस्त्र सीमा चौकी खुनुवा निरीक्षक राकेश मनिपाल, ग्राम प्रधान किसमत अली, खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला, अजय कुमार यादव,मानव सेवा एनजीओ खुनुवा प्रभारी नरेश यादव, प्रमोद चौधरी अमन शर्मा,संजीव कुमार प्रधानाध्यापक अभय कुमार सिंह, ओम प्रकाश, विनोद बघेल, ज्ञानेंद्र बहादुर सिंह, राम अभिलाष सिंह, रामानंद पाण्डेय ,सुनीता,सोनू,पार्वती, पुष्पा व ग्रामीण मौजूद रहें।

# शोहरतगढ़ ब्लाक परिसर में क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़।** शोहरतगढ़ विकास खण्ड के परिसर में शनिवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता शोहरतगढ़ ब्लाक प्रमुख प्रीती यादव ने की जबकि संचालन सचिव राम सिंह ने किया। बैठक के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शोहरतगढ के विधायक विनय वर्मा रहे ।

बैठक में शोहरतगढ़ विकास क्षेत्र के समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य व समस्त ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। बैठक का पिछली कार्यवाही की पुष्टि करते हुए एजेंडे में शामिल विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए 18.82 करोड़ के बजट का प्रस्ताव भी रखा गया। बैठक में गांव के विकास कार्यो को लेकर कुल छह बिंदुओं पर चर्चा की गयी। साथ ही विकास खण्ड में संचालित समस्त योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। गांव में स्वच्छ पेयजल, निःशुल्क बोरिंग, शौचालय, प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं के तहत पात्र और समाज के अंतिम व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ देने पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि विधायक श्री वर्मा ने कहा कि आपसी सामंजस्य बनाकर सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं पर सहयोग करें। विधायक ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों की समस्याओ कों सुनते हुए कहा कि मै प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी से मांग करुंगा कि बीडीसी भाइयों को भी मानदेय और अपनें क्षेत्र में काम मिलें। बैठक में मौजूद एम एल सी प्रतिनिधि डॉ पवन मिश्र ने कहा कि भाजपा की सरकार ग्राम सभाओं के विकास में एक नया आयाम स्थापित कर रही है।यह बैठक गांव व क्षेत्र के विकास के कार्ययोजना व बजट पारित के लिए किया जाता है, इसलिए सभी लोग अपने-अपने कार्य का प्रस्ताव जरूर दें। ब्लाक प्रमुख प्रीती यादव ने कहा कि क्षेत्र में ग्राम सभाओं का विकास क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधान के माध्यम से किया जायेगा। विकास खण्ड शोहरतगढ के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। क्षेत्र पंचायत सदस्य विक्रम यादव ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों की मांगों को उठाते हुए कहा विकास खण्ड के सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को विकास सम्बंधित कार्य को दिया जाय जिससे ग्राम सभाओं का विकास सम्भव हो सके। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी यशोवर्धन सिंह, एडीओ पंचायत मोहनलाल,एडीओ एजी राजीव सिंह, सीडीपीओ अभय प्रताप सिंह, डाक्टर ए के आजाद, प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष जफर आलम, सचिव राम स्वरूप गुप्ता, अजय भारतीय, लिपिक राकेश बाबू, मुस्ताक, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित कुमार यादव,प्रधान पंकज चौबे, शिवशंकर चौधरी, रामदास, पिन्टू पटेल, श्रवण जयसवाल,सुबास यादव, पवन कुमार, ओमप्रकाश यादव, अवनीन्द्र चौधरी, गंगाधर मिश्रा, अजय मिश्रा, कमलेश दूबे, संजय मिश्रा,कलीम, दुर्गा पांडेय, सर्वजीत यादव सहित तमाम ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

# क्षेत्र के विकास का खींचा खाका 27 करोड़ 74 लाख का बजट हुआ पास

अवधनामा संवाददाता



**बांसी।** स्थानीय ब्लॉक आजाद सभागार बांसी में शनिवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न हुआ । क्षेत्र के विकास कार्य के लिए 27 करोड़ 74 लाख का बजट पास हुआ है। इससे क्षेत्र में सड़क और नाली सहित अन्य कार्य किए जाएंगे। क्षेत्र पंचायत की बैठक की ब्लॉक प्रमुख नीलम यादव की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि राम किंकड मिश्र ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सभी सदस्यों के क्षेत्र में कार्य होना चाहिए। जिन विभागों के जिम्मेदार बैठक में नहीं आए, उनके खिलाफ नोटिस जारी किया जाए। सदस्यों को काम दिए जाएं, जिससे उनके ताकत में बढ़ोतरी हो । मजबूत प्रमुख के लिए सदस्यों का मजबूत होना आवश्यक हैं।खंड विकास अधिकारी कृतिका अवस्थी ने पिछले वर्ष की कार्रवाई सुनाई। साथ ही इस वित्तीय वर्ष होने वाले विकास कार्य के लिए बजट के बारे में बताया सभी सदस्यों से कार्ययोजना भी मांगी गई।

विकास क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत 27 करोड़ 74 लाख रुपये और राज्य व केंद्र वित्त की बजट पर चर्चा किया प्रधान राजेश पासवान ने कहा कि तमाम ग्राम पंचायत में आवास के सर्वे मे लापरवाही की जा रही है जबकि लापरवाही नहीं होनी चाहिए। क्षेत्र पंचायत सदस्य दिग्विजय सिंह ने कहा बैठक में ऐजंडा के अनुसार अनुपस्थित लोगों से मांगा जाए जवाब उन्होंने यह अभी कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना अमृत सरोवर जो अधर में लटका हुआ है उसको जल्द से जल्द पूर्ण कराने के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र व्यापक सुधार हेतु जहाँ दो सौ के लगभग विद्यार्थी उपस्थित रहते हैं वहां पर छात्र एवं छात्राओं के लिए शौचालय स्वच्छ पेयजल हेतु आरो प्लांट तथा लाइब्रेरी स्थापित कराने की माग किये ।इस दौरान बाल विकास विभाग से मंजू चौधरी वन दरोगा राज कपूर, शिक्षा विभाग से सुनील चौधरी, जिला पंचायत सदस्य निर्मला यादव, जल निगम से कमलेश कुमार, शांति व्यवस्था हेतु पुलिस प्रशासन उपस्थित रहे।

# शारदा संगोष्ठी एवं बाल मेला वार्षिकोत्सव का आयोजन



**बांसी।** विकास क्षेत्र के अंतर्गत कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय गोनहा ताल में शारदा संगोष्ठी एवं बाल मेला के साथ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बाल कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत की। क्षेत्र के बांसी - धानी मार्ग स्थित कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय गोनहा ताल मे शनिवार को विद्यालय द्वारा शारदा संगोष्ठी एवं बाल मेला के साथ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुरुआत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम अनुज एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजली कुमारी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप जलाकर फूलों की माला चढ़ाने के साथ की गई। उसके बाद बाल कलाकारों ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे दुर्गेश त्रिपाठी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किए गए बच्चों को बारी बारी बुलाकर उनके द्वारा मनमोहक प्रस्तुति करवाई। कार्यक्रम में प्रीति, ज्योति, महिमा, रुपा, वंशिका ,वंदना, रोहिणी, मोहिनी, आस्था ,शिवन्या, खुशबू, नैंनसी आदि बच्चो ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए उचित पुरस्कार वितरित किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को जल जलपान करवाया गया। इस दौरान स.अ.श्रीमती नीलम यादव, श्रीमती मनीषा चौधरी, शिक्षामित्र कपिल देव सिंह, अनुदेशक अभिषेक सिंह के साथ तमाम अभिभावक उपस्थित रहे।

# बालिकाएं बनी मुख्य अतिथि, मिशन शक्ति मेला का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को बेसिक शिक्षा विभाग ने मिशन शक्ति मेला व नोडल शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया। ब्लाक संसाधन केंद्र नौगढ़ के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनने का सौभाग्य कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भनवापुर में अध्ययनरत दो बालिकाओं पूजा चौधरी व निर्जला वर्मा को मिला।

यह दोनों छात्राएं कुछ दिन पूर्व बंगलौर में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए गुड व बैड टच विषय पर प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया गया था। प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह ने कहा कि देश विकसित तभी होगा जब आधी आबादी भी सशक्त होंगी। महिलाओं को शिक्षा के साथ विभिन्न गतिविधियों में अपनी सशक्त भूमिका निभानी होगी। बीएसए की उपस्थिति में मुख्य अतिथि बनी बालिकाओं ने समस्त विकास खंडों के मीना मंच के नोडल शिक्षकों को सम्मानित किया। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा सुरेंद्र श्रीवास्तव ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दिया। जिला नोडल पशुपतिनाथ दूबे ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबर वीमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 के बारे में बताया। अनामिका सिंह ने सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में बताया। महिला थानाध्यक्ष शाइस्ता ने घरेलू हिंसा और साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 की जानकारी दिया। इसके पूर्व कस्तूरबा विद्यालय उस्का , शोहरतगढ़ व नौगढ़, उच्च प्राथमिक विद्यालय महरिया व बाजारडीह के बच्चों ने महिला सशक्तिकरण पर एकांकी प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।कल्पना के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में जिला समन्वयक रीतेश श्रीवास्तव, अमित शुक्ला, अनुराधा, कुमार शिवम् ,अजय त्रिपाठी, आशुतोष त्रिपाठी, अनामिका, निशा सिंह, कुमकुम, मनीषा सरोज व राहुल आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण का रक्षक बनेगा इको क्लबः नियाज अहमद

**सिद्धार्थनगर।** सदर ब्लॉक नौगढ़ अन्तर्गत संचालित प्राथमिक विद्यालय झंडेनगर में शनिवार को इको क्लब के सदस्य बच्चों ने बागबानी किट से पौधों की निराई, गुड़ाई एवं सिंचाई की। तत्पश्चात आयोजित साप्ताहिक बैठक में प्रधानाध्यापक नियाज अहमद ने पेड़ पौधों की नियमित देखभाल, पशु पक्षियों से मित्रता, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता तथा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए इको क्लब के सदस्यों एवं बच्चों को प्रकृति प्रेम की सीख दी कहा कि इको क्लब पर्यावरण का रक्षक बनेगा।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय धुसवा में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव



**सिद्धार्थनगर।** विकास खंड जोगिया के पूर्व माध्यमिक विद्यालय धुसवा राजा में शनिवार को पूरे धूम धाम से वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव में विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वंदना त्रिपाठी ने बताया की वार्षिकोत्सव से बच्चों का सांस्कृतिक विकास होता है। किताबी ज्ञान के साथ बच्चों के भीतर कौशल प्रतिभाओं का विकास होता है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वंदना त्रिपाठी ने बताया कि वार्षिकोत्सव का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के दिन किया गया है इसलिए इस मायके पर सभी महिला अतिथियों को ही आमंत्रित किया गया जिससे बच्चों में महिला सशक्तिकरण के संदेश को भी प्रसारित किया जा सके। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सीएचसी जोगिया की डॉक्टर अंजलि तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता रुचि, भारतीय स्टेट बैंक कृषि विकास शाखा की प्रबंधक निशा उपस्थित रही जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। शानदार और सफल कार्यक्रम के लिए खंड शिक्षा अधिकारी जोगिया ने पूरे विद्यालय परिवार को बधाई और शुभकामना दिया।

## नर्वदेश्वर महराज शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा, भक्तिमय हुआ माहौल

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र ऐतिहासिक सिद्धपीठ व शक्तिपीठ सर्किट से जुड़े मां वटवासिनी गालापुर महाकाली मंदिर के प्रांगण में नवनिर्मित भगवान शिव की नर्वदेश्वर मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन हुआ, जिसमें गाजे बाजे के साथ भारी संख्या में श्रद्धालु सम्मलित हुए। कलश यात्रा का शुभारंभ गालापुर मंदिर से हुआ जो चौखड़ा, शाहपुर होते हुए राप्ती नदी तट पर पहुंचा। राप्ती नदी तट पर विद्वान पुरोहितों द्वारा विधि विधान से पूजन करवाया गया, पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं द्वारा नदी के पवित्र जल को कलश में भरकर वापस गालापुर मंदिर स्थित पूजन स्थल पर लाया गया। इस धार्मिक आयोजन से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में डूब गया। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर डीजे व गाजेबाजे से साथ देवी-देवताओं के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा में सम्मलित हियुवा प्रभारी उ. प्र. व पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सद्भाव और एकता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने आयोजन समिति एवं समस्त श्रद्धालुओं को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और बताया कि ऐसे आयोजन से न केवल गांव में धार्मिक उत्साह का प्रसार होता हैं, बल्कि समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार भी होता है। इस अवसर पर राजा योगेंद्र प्रताप सिंह, हरेंद्र विक्रम सिंह उर्फ हरि सिंह, कुंवर आनंद सिंह, अनिल कुमार सिंह, हरिशंकर सिंह, मनोज सिंह, संजय उर्फ पप्पू सिंह, मदन सिंह, बब्बू सिंह, लवकुश ओझा, चेयरमैन चंदू चौधरी, धर्मराज वर्मा, दिलीप पाण्डेय उर्फ छोटे, लालजी शुक्ला, मधुसूदन अग्रहरि, रमेशलाल श्रीवास्तव, संतोष पासवान, संजय मिश्रा, शत्रुहन सोनी, राजन अग्रहरि, सौरभ पाल सिंह, शिवकुमार दुबे, डंपू पाण्डेय, मंदिर व्यवस्थापक ठाकुर प्रसाद सिंह, विनोद बाबा आदि सहित मंदिर पुजारी तथा भारी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहें।



कलश यात्रा में गाजेबाजे के साथ भारी संख्या में श्रद्धालु जुटे

# 165 जोड़ो में हिन्दू समुदाय के 130 तथा मुस्लिम समुदाय के 14, बौद्ध धर्म -21 जोड़ो का विवाह हुआ सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बगल खाली प्रागंण में शनिवार को मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा श्री कन्हैया पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेंद्र प्रताप सिंह एवं जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। दीप प्रज्ज्वलन कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कुल 165 जोड़ो में हिन्दू समुदाय के 130 जोड़ों तथा मुस्लिम समुदाय के 14, बौद्ध धर्म -21 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें हिन्दू, बौद्ध एवं मुस्लिम समुदाय के लोग सम्मिलित हुए। इसश विवाह कार्यक्रम में हिन्दू परिवार के लोगों को पंडित द्वारा विवाह सम्पन्न कराया गया तथा मुस्लिम समुदाय के जोड़ों का निकाह मौलाना द्वारा निकाह पढ़कर शादी/विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम हेतु सभी पंक्तियों के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्ति किये गये थे। मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज श्री जगदम्बिका पाल ने सभी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कन्यादान सबसे बड़ा दान होता है आज मुझे महसूस हो रहा है कि जैसे मैं अपनी बेटी की शादी कर रहा हूं। मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 के निर्देशन में एवं जिला प्रशासन के कुशल नेतृत्व में भव्य रूप से सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हो रहा है। गरीब परिवारों के बेटियों को अपनी शादी धूमधान से होने की चिन्ता रहती है आज मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा उनकी चिन्ता को दूर करते हुये समान रूप से सामूहिक विवाह के माध्यम से भव्य रूप से करने का कार्य किया है। मा0 सांसद डुमरियागंज श्री जगदम्बिका पाल द्वारा सभी नवयुगल जोड़ों को अर्शीवाद दिया गया। विधायक शोहरतगढ़ श्री विनय वर्मा ने सभी नवयुगल जोड़ों को अर्शीवाद दिया। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी गरीबों को समानता की श्रेणी में लाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। इसका परिणाम है कि आज इतनी बड़ी संख्या में गरीब परिवारों की बेटियों की शादी सम्पन्न हो रही है। जिलाध्यक्ष भाजपा श्री कन्हैया पासवान ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा सामूहिक विवाह के माध्यम से गरीब परिवार के बेटियों की शादी कराना सराहनीय कार्य है। सभी नव विवाहित जोड़ों को आर्शीवाद प्रदान किया गया। जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0ने कहा कि प्रत्येक जोड़े के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 35000 दिया जा रहा है तथा 10000 का सामान भी दिया गया है तथा 6000 बारात के स्वागत पर व्यय किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सभी नवयुगल जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया।

## विधायक ने ओपेन जिम का किया उद्घाटन/लोकार्पण



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विधानसभा शोहरतगढ़ अन्तर्गत ग्राम पंचायत बसहिया में शनिवार को ओपेन जिम का उदघाटन/लोकार्पण विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा द्वारा किया गया। जिम उदघाटन/लोकार्पण के दौरान विधायक विनय वर्मा ने बताया कि शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अपने विधायक निधि 2023-2024 से 4 ओपेन जिम हेतु कुल लागत 89 लाख 55 हजार रुपये से जनता को समर्पित किया था। जिसके औपचारिक रुप से धरातल पर उतारने के क्रम में शनिवार को ग्राम पंचायत बसहिया में जिसका लागत 22.13 लाख में खुलने वाले ओपेन जिम शिलान्यास/लोकार्पण किया है। विधायक ने कहा कि अपने क्षेत्र में सर्वांगीण विकास हेतु लगातार समर्पित हैं और इसके लिए हर सम्भव सुविधाओं को क्षेत्र की जनता तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विधायक ने इस सुविधा से लाभान्वित होने वाले क्षेत्रवासियों को समर्पित कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक विनय वर्मा ने प्रधान प्रतिनिधि महेन्द्र निषाद के साथ ओपेन जिम में एक्सरसाइज भी किया। इस दौरान रामसूरत यादव, रामानन्द यादव, उमाशंकर निषाद, रामकुमार निषाद, शेषराम निषाद, ओमप्रकाश पासवान, हरिकेश निषाद सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रहीं।

## मजबूरी की पेशकश

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को यूक्रेन को दी जा रही मदद को रोकने का एलान कर दिया तो यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेस्की ने कुछ शर्तो के साथ युद्ध रोकने की पेशकश की है। यह पेशकश मजबूरी में करनी पड़ी है। अमेरिकी प्रेसिडेन्ट और यूक्रेनी प्रेसिडेन्ट के बीच जब तीखी नोकझोक हुई थी तो बाद में जेलेस्की ने इस तीखी बहस के प्रति खेद जताया था क्योंकि अमेरिकी मदद रोकने का ऐलान आ गया था। यूक्रेन बिना अमरिकी मदद के रूस से नहीं लड़ सकता। अमेरिका ने यूक्रेन पर अहसानफ़रामोशी का आरोप लगाया था। जेलेस्की ने कहा था युद्ध रोकने में ज्यादा समय लगेगा अमेरिकी दबाव में यह बयान देते हुये उन्होंने सशर्त युद्ध रोकने का एलान करना पड़ा।

ट्रम्प अपने पूंजीवादी नज़रिया का इज़हार करते हुये कहा कि यूक्रेन को जो 100 बिलियन डालर दी है उसके बदले यूक्रेन अपने यहां के रेयर मिनरल्स दे पर ट्रम्प ने कहा युद्ध रूकने के बाद यूक्रेन सुरक्षा गारन्टी नहीं देगे। वह कह रहे है रेयर अर्थ मिनरल्स की माइनिग के लिये अमेरिकी लोगो के यूक्रेन में रहने से रूस उन पर हमला नहीं कर सकेगा। पर याद रखना होगा तीन साल पहले जब रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था तो अमेरिकी कम्पनियां वहां काम कर रही थी इसलिये ट्रम्प की दलील कोई गारन्टी नहीं है। अमेरिकी और उसके नैटो सहायोगियों के बीच दूरी बढ़ती दिख रही है। बाइडन सरकार ने इस्राइल को जो मदद दी थी वह पूतिन के खिलाफ उनके विस्तारवादी नीति को रोकने के लिये, लोकतन्त्र की रक्षा के लिये और पूजीवादी रवैया के खिलाफ दी थी। ट्रम्प ने अपने पूजीवादी रवैया की वजह से सौदेबाजी में बदल दिया है। जेलेन्सकी को अपनी ताकत का अहसास है इसलिये ट्रम्प की बात मजबूरी में मान ली है। पर इससे अमेरिकी सहयोगी देशो के बीच गलत सन्देश जा रहा है। अमेरिका का यूक्रेन के साथ जो व्योहार है उसे देखते हुये शायद की कोई अमेरिकी सहयोगी देश उन पर विश्वास करेगा। पूजीवादी ट्रम्प खुलकर पूंजीवादी रवैया अपनाये हुये है। बहुत से पूंजीवादी रवैयो और कदम उठाते जा रहे है जिससे अमेरिका और अन्य देशों के लिये मुशकिले पैदा करते जा रहे है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद पूंजीवादी रवैये में जो गिरावट है उससे ट्रम्प अपनी नितियों और कदमों से फिर जीवित कर रहे है।

ट्रम्प को लगता है कि पुतिन यूक्रेन के बाद किसी देश पर हमला नहीं करेगे। पर इसकी क्या गारन्टी है। ट्रम्प की धारणा है कि रूस से अदावत खत्म कर लेने के बाद चीन को घेरने में अपनी पूरी ताकत लगा सकेगे। पर इसके लिये भी उन्हें प्रशान्त क्षेत्र में सहयोगियों की जरूरत होगी। पर ट्रम्प का यूक्रेन के साथ जो वर्ताव है उसे देश कर सवाल उठाता है कि क्या उनके सहयोगी देश उनको सहयोग देते रहेगे। उन पर भरोसा करते रहेगे। ट्रम्प को कुछ देर ठहर कर अपने रवैये पर गौर करना चाहिये और देखना चाहिये उनके सहयोगी देशों पर और इस्राइल पर भी इसका कैसा प्रभाव पड़ रहा है। कोई राष्ट्र कोई भी समझौता या मदद अपने देश के हित को देखते हुये करता है। पर ट्रम्प की नीतियों से अमेरिकी को फायदा होना कम दिखता है। खुद उनके मुल्क में भी उनका विरोध हो रहा है। लगता है पूंजीवादी ट्रम्प पूंजीवादी रवैया फिर स्थापित करने में लगे हुये है जबकि दुनियां लोकतन्त्र की ओर बढ़ रही है। वो कुछ अन्तरराष्ट्रीय जगह, नहर, द्वीप अपनी गिरफ्त में लेने की कोशिश में लगे हुये है। विदेशियों का अपने यहां आने के लिये भारी टैक्स लगा रहे हैं इतिहास उन्हें लोकतन्त्र का हत्यारा ही कहेगा। ट्रम्प अपनी व्यक्तिगत इच्छाओं और कोशिशों को अंजाम देने के लिये पहले से ही बदनाम है। पर व्यक्तिगत चीज और है राष्ट्रीय मुद्दे और होते है। ऐसा नहीं कि ट्रम्प यह सब जानते नहीं पर उनका व्यक्तिगत दृष्टि कोण इन सबके ऊपर है। अभी तो दूसरे कार्यकाल का शुरूआत है। आगे आगे देखिये होता है क्या।

## हर क्षण के महत्व को समझें


संजीव ठाकुर

जब जब मनुष्य ने जड़ता को ललकारा है तब तब परिवर्तन ने दस्तक दी है,और प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ-साथ बड़े तथा महान अवसर लेकर आया है। मनुष्य के जीवन में प्रगति विकास और परिवर्तन ही जीवन का असली गुंजन है, और यही विजय यात्रा की ओर मनुष्य, समाज तथा देश को अग्रसर करता है। अवसर का जिसने भी सदुपयोग कर लाभ उठाया है और अपने अनुकूल बनाने का ऊर्जा के साथ प्रयास किया है वह विश्व विजेता बनने में सक्षम हुआ है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस ÷आई हैव ए ड्रीम ÷की कल्पना की थी वह जीवन के नए अवसर की कल्पना थी। महात्मा गांधी जी ने भी जिस स्वराज की कल्पना अपने मन में की थी वह भी उसी नए अवसर की खोज में उसकी तरफ छेड़ा गया एक अभियान था और बराक ओबामा ने भी कहा था ÷यस वी कैन÷ ने भी बड़े परिवर्तन को सच्चाई के अवसर की तलाश थी। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भी मनुष्य से देवत्व की यात्रा का वर्णन किया था वह भी परिवर्तन के मुख्य द्वार से होकर गुजरता था .जीवन की संपूर्ण यात्रा में व्यक्ति को अपने जीवन में संघर्ष करना पड़ता है और तमाम कठिनाइयों को तोड़कर आगे की ओर अग्रसर होना पड़ता है। अवसर के मार्ग को खोलकर बड़ी विजय की महायात्रा प्राप्त हो सकती है। मूलतः परिवर्तन जीवन की एक मूलभूत विशेषता और एक जरूरी सत्य है बल्कि बेहतर कल तथा विकास के प्रत्येक सपने का हल भी होता है। परिवर्तन में अवसर तलाशने की यात्रा का अस्तित्व ही एक विजय गीत का गान है।

परिवर्तन की इस महा प्रक्रिया का साइकल स्वयं इस बात का साक्ष्य है की परिवर्तन खुद ही नवीनता की एक बड़ी खोज है और परिवर्तन का सीधा अर्थ है जड़ता का नाश है। जो हमारी पुरानी परंपराएं जड़ तथा जंगम हो चुकी है या जो स्वयं को नई परिस्थितियों के अनुसार ढाल पाने में सक्षम नहीं है उसका अंत ही परिवर्तन का प्रस्थान बिंदु होता है और इसका अंत एक बड़े शून्य को जन्म देता है और यह नवीन तथा प्राचीनता के बीच की एक समन्वय की कड़ी होती हैं। और इसमें वह सारे और अवसर निहित होते हैं जिनका चयन ही भविष्य की बुनियाद तय करता है और इस शून्य के काल में किया गया प्रयत्न और प्रयास भविष्य के बड़े भाग्य को तय करता है और किसी समय चक्र के बार-बार परिवर्तन को ही जीवन की संज्ञा दी गई है। गीता में कृष्ण ने इस परिवर्तन वह उसमें अंतर्निहित मौके की तलाश करने का संकेत दिया है। मानवीय इतिहास में भी यदि नजर दौड़ाई तो पहला परिवर्तन 1215 में नागरिक अधिकार पत्र यानी मैग्नाकार्टा की प्राप्ति हुई थी। 12वीं और 13वीं सदी का समय सामंती प्रथा व क्रूरता से भरा समय था जहां मनुष्य एक साधन मात्र था। और उसी समय जब सदियों से भरी जनता को ललकारते हुए परिवर्तन का महत्व तथा सपना मनुष्य के दिमाग में पैदा हुआ,परिवर्तन की इस घड़ी ने एक अवसर को जन्म दिया था और उसी अवसर का उपयोग करते हुए मानव को नागरिक अधिकार पत्र प्रदान किया था। अब मनुष्य स्वयं का कर्ताधर्ता था और उसी नागरिक अधिकार पत्र में किए उल्लेख का परिणाम है कि आज हर समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र के आधार पर दिया जाता है। बीसवीं सदी ने जड़ता पर चोट की, मशीनों के शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का उपहार दिया था। इस बड़े परिवर्तन ने संपूर्ण मानव समाज को एक बड़ा अवसर प्रदान किया पूरी कार्यप्रणाली को सरल बनाने और संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का उपहार भी दिया था। यह तो तय है कि जब जब जनता ने समाज की गति को रोकने का प्रयास किया तब मानवीय उद्यम और साहस ने उसे चुनौती दी और नए नए अवसरों की तलाश कर उसका नवीन परिवर्तन का सकारात्मक उपयोग किया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**भारतीय स्वाधीनता संग्राम के नायक महात्मा गांधी ने 23 दिसंबर 1936 को अखिल भारतीय महिला सम्मेलन के अपने भाषण में कहा था जब महिला, जिसे हम अबला कहते हैं, सबला बन जाएगी , तो वे सभी जो असहाय हैं, शक्तिशाली बन जाएंगे। इसी क्रम में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर भी सशक्त भारत के निर्माण में महिलाओं के महत्त्व को रेखांकित करते हुए लिखते हैं सामाजिक न्याय के लिए महिला सशक्तिकरण का होना जरूरी है तभी समाज में महिला का उत्थान हो सकता है।**

# 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करेंगी महिलाएं


अन्नपूर्णा देवी

आदिकाल से ही भारत में महिलाओं का समाज में प्रमुख स्थान रहा है। हम 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' का देश हैं। अर्थात 'जहाँ स्त्रियों का सम्मान होता है वहाँ देवता निवास करते हैं और जहाँ स्त्रियों का सम्मान नहीं होता है वहाँ किये गये समस्त अच्छे कर्म भी निष्फल हो जाते हैं- यह भाव, विचार और विश्वास भारतीय मानस में बसा हुआ है। 'शतपथ ब्राह्मण' में उल्लेख मिलता है कि श्रीराम के गुरु वशिष्ठ के गुरुकुल में संगीत व पर्यावरण- संरक्षण का शिक्षण उनकी महान विदुषी पत्नी अरुन्धति ही देती थीं। ऋग्वेद में भी गार्गी, मैत्रेयी, घोषा, अपाला, लोपामुद्रा, रोमशां जैसी अनेक वेद मंत्रद्रष्टा ऋषिकाओं का उल्लेख मिलता है जिनके ब्रह्मज्ञान से समूचा ऋषि समाज उल्लसत था, परन्तु दुःख का विषय है कि स्त्री-शिक्षा की इतनी गौरवपूर्ण व स्वर्णिम परिपाटी, परवर्ती काल में खासतौर से मध्ययुग में आक्रांताओं के शासनकाल और उसके बाद फिरंगियों की गुलामी के दौरान छिन्न-भिन्न होती चली गयी। आजादी के संघर्ष के दौरान और आजादी के बाद महिलाओं का समाज में पुनः कुछ सम्मान बढ़ा, लेकिन उनके प्रगति की गति दशकों तक धीमी रही। गरीबी व निरक्षरता महिलाओं के सशक्तिकरण में गंभीर बाधा रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक समानता दिलवाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस दिवस का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है । महिलाओं और पुरुषों के बीच समाज में जड़ें जमा चुकी असमानताओं को मिटाकर समानता लाने के उद्देश्य से महिला दिवस मनाया जाता है।

भारतीय स्वाधीनता संग्राम के नायक महात्मा गांधी ने 23 दिसंबर 1936 को अखिल भारतीय महिला सम्मेलन के अपने भाषण में कहा था जब महिला, जिसे हम अबला कहते हैं, सबला बन जाएगी , तो वे सभी जो असहाय हैं, शक्तिशाली बन जाएंगे। इसी क्रम में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर भी सशक्त भारत के निर्माण में महिलाओं के महत्त्व को रेखांकित करते हुए लिखते हैं सामाजिक न्याय के लिए महिला सशक्तिकरण का होना जरूरी है तभी समाज में महिला का उत्थान हो सकता है। महिलाओं के उत्थान से ही स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के लोकतांत्रिक विचारों के साथ समाज का पुनः निर्माण संभव है। जब 1920 के आसपास दुनिया भर में महिलाएं अपने समान नागरिक अधिकारों के लिए आंदोलन कर रही थीं तब हिंदी के ख्यातिलब्ध रचनाकार मुंशी प्रेमचंद लिख रहे थे कि 'यदि पुरूष में स्त्री के गुण आ जायें तो वह देवता हो जाता है'। रानी अहिल्याबाई होलकर से लेकर झांसी की रानी लक्ष्मीबाई तक, रानी गाइदिन्ल्यू से लेकर सावित्रीबाई फुले तक महिलाओं ने समाज में बदलाव के बड़े उदाहरण स्थापित किए हैं। वर्तमान



भारत इन महान महिलाओं के प्रेरणादायी जीवन से तत्व ग्रहण कर अग्रसर हो रहा है।

इस बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम 'कार्रवाई में तेज़ी लाना' (Accelerate Action) है। इस थीम का संदेश है कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ठोस और तेजी से कदम उठाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार ने विभिन्न नीतियों और योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण हेतु अनेक ठोस कदम उठाए हैं। यह नीतियां महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वतंत्रता, सुरक्षा और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई गई हैं। पिछले दस वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं का जमीन पर लाभ दिखना शुरू हो गया है।

गरीब परिवारों की महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन प्रदान करना हो, स्वास्थ्य और सुविधा में सुधार हेतु 'उज्ज्वला योजना' हो या बालिकाओं की शिक्षा और भविष्य की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'सुकन्या समृद्धि योजना' हो, महिलाओं-बेटियों का हित भारत सरकार की प्राथमिकता हैं। मातृत्व लाभ अधिनियम में संशोधन कर महिला कर्मियों को मिलने वाले मातृत्व अवकाश की अवधि 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दी गई है। उधर मोदी सरकार द्वारा छोटे व्यवसायियों की मदद के लिए शुरू की गई मुद्रालोन योजना में महिलाओं की भागीदारी 69 प्रतिशत है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। इसके अलावा स्टैंड अप इंडिया के तहत खास तौर पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग की महिलाओं को ऋण दिया जाता है जिसके तहत अब तक 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक के ऋण स्वीकृत किया जा चुके हैं। बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ और मिशन शक्ति जैसी योजनाओं एवं सेल्फ़ी विद डॉटर जैसी पहलों ने हमारी बालिकाओं- युवतियों के लिए नया आसमान खोला है। महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी/सात) सशक्तिकरण योजना द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिला समूहों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उनकी भागीदारी को बढ़ाने के नए कीर्तिमान बनाए जा रहे हैं। आज भारत की नारी एक नए आर्थिक क्षितिज की ओर अग्रसर है। शिक्षा, सफलता की महत्वपूर्ण सीढ़ी मानी जाती है। इस सन्दर्भ में महात्मा गांधी का यह कथन और भी अर्थवान है- जब एक पुरुष शिक्षित होता है तब एक व्यक्ति शिक्षित होता है लेकिन जब एक महिला शिक्षित होती है तब एक परिवार शिक्षित होता है'। इस सूक्ति के मद्देनज़र मोदी सरकार के शासन में भारत में उच्च शिक्षा में महिलाओं की स्थिति संतोषजनक रूप से बढ़ रही है। 2014-15 के बाद से उच्च शिक्षा में नामांकन दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, महिला नामांकन दर 1.57 करोड़ से बढ़कर 2.18 करोड़ हो गया है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' द्वारा संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का अद्वितीय कार्य हो, तीन तलाक़ कानून द्वारा मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की रक्षा हो, पुलिस बल में महिलाओं की संख्या बढ़ाने के लिए महिला बटालियनों का गठन हो, अथवा शिक्षा और कौशल विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए नए संस्थान और ट्रेनिंग प्रोग्राम, हमारी सरकार महिलाओं की अग्रणी भूमिका को सुनिश्चित करने के लिए कृत संकल्पित है। कला, खेल, अभिनय, राजनीति से लेकर सरकारी नौकरियों व प्रोफेशनल जगत- सभी महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में भारतीय महिलाएं अपनी भागीदारी न सिर्फ़ सुनिश्चित कर रही हैं बल्कि अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए अपनी धाक भी बना रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब विकसित भारत के लिए अपने चार स्तंभों की बात करते हैं तो उसमें महिलाएं भी एक हैं। इस 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि में निसंदेह महिलाओं की चतुर्दिक भूमिका होने वाली है। ऐसे में हमें महिलाओं के पराक्रम और क्षमता को समझने की जरूरत है।

# जाकिर हुसैन : भारतीय शास्त्रीय संगीत और तबले के आइकन सम्राट


हर्षवर्धन पाण्डे

**एक कलाकार के रूप में हुसैन कई फिल्मों में अपने झंडे गाड़ते दिखाई दिए जैसे कि वृत्तचित्र ज़ाकिर एंड हिज फ्रेंड्स (1998) और द स्पीकिंग हैंडः ज़ाकिर हुसैन एंड द आर्ट ऑफ़ द इंडियन ड्रम (2003) जिसका निर्देशन सुमंत्र घोषाल ने किया था। हुसैन ने 1983 की मर्चेंट आइवरी फिल्म हीट एंड डस्ट में इंदर लाल के रूप में अपनी अभिनय प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया जहाँ उन्होंने एक सहयोगी संगीत निर्देशक के रूप में काम किया। 2018 में फिल्म निर्माता और लेखक नसरीन मुन्नी कबीर ने 'जाकिर हुसैनः ए लाइफ इन म्यूजिक' पुस्तक में हुसैन के जीवन और करियर के बारे में लिखा।**

जाकिर हुसैन भारतीय शास्त्रीय संगीत के एक महान तबला वादक और संगीतकार थे। उन्होंने अपनी शानदार तबला वादन शैली से पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाई। जाकिर हुसैन का नाम भारतीय संगीत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। वह भारतीय संगीत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने वाले एक अग्रणी कलाकार थे जिन्होंने अपनी कला से संगीत की नई ऊँचाइयों को छुआ। जाकिर हुसैन का जन्म 9 मार्च 1951 को मुंबई में हुआ था। वह प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद अली अकबर खान के घराने से ताल्लुक रखते थे। उनके पिता, उस्ताद अल्लाह रक्खा खान, भी एक प्रसिद्ध तबला वादक थे, जो पं.रविशंकर के साथ कई संगीत समारोहों में भाग ले चुके थे। जाकिर हुसैन ने बचपन से ही अपने पिता से संगीत की शिक्षा ली। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण वे बहुत जल्दी एक शानदार तबला वादक बन गए।

जाकिर हुसैन का संगीत का सफर बहुत ही प्रेरणादायक रहा। उन्होंने अपनी शुरुआत भारतीय शास्त्रीय संगीत से की लेकिन समय के साथ-साथ उन्होंने वर्ल्ड म्यूजिक, जाज और अन्य संगीत शैलियों को भी अपनाया। वह संगीत के विविध रूपों को समझते हुए विभिन्न शैलियों में माहिर हो गए। जाकिर हुसैन ने न केवल भारतीय संगीत में उत्कृष्टता प्राप्त की, बल्कि उन्होंने पश्चिमी संगीतकारों के साथ भी काम किया। उनका संगीत भारतीय और पश्चिमी संगीत का एक अनोखा संगम प्रस्तुत करता है। उनका नाम ऐसे संगीतकारों के साथ लिया जाता है जिन्होंने भारतीय संगीत को पश्चिमी दर्शकों के बीच लोकप्रिय बनाया। जाकिर हुसैन की वादन शैली अद्वितीय और प्रभावशाली थी। उनके तबला वादन में एक विशेष तरह की ताजगी और नवीनता दिखती थी। वह शास्त्रीय तकनीकों के साथ-साथ संगीत में सुधार करने की कला में भी माहिर रहे। जाकिर हुसैन लय, गति और ताल की जटिलताओं को साधारण रूप में प्रस्तुत करने में सक्षम थे। उनके तबला वादन की शैली इतनी सहज और सजीव होती थी कि वह श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देती थी।



लगभग छह दशकों के करियर में हुसैन ने पंडित रविशंकर और उस्ताद विलायत खान जैसे महान भारतीय कलाकारों के साथ काम किया। उन्होंने जॉन मैकलॉघलिन के साथ शक्ति और ग्रेटफुल डेड के मिकी हार्ट के साथ प्लैनेट ड्रम जैसे प्रतिष्ठित फ्यूजन बैंड बनाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नई जमीन बनाई जिसने भारतीय शास्त्रीय संगीत की पहुंच का विस्तार किया जिससे यह दुनिया भर के दर्शकों के लिए सुलभ हो गया। उन्होंने मलयालम फिल्म वनप्रस्थम (1999) के लिए संगीत सलाहकार के रूप में अपने काम के लिए प्रशंसा प्राप्त की जिसका कान फिल्म महोत्सव में प्रीमियर हुआ था। फिल्म को ए.एफ.आई.लॉस एंजिल्स अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में ग्रैंड जूरी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था और 2000 में इस्तांबुल अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते थे। एक कलाकार के रूप में हुसैन कई फिल्मों में अपने झंडे गाड़ते दिखाई दिए जैसे कि वृत्तचित्र ज़ाकिर एंड हिज फ्रेंड्स (1998) और द स्पीकिंग हैंडः ज़ाकिर हुसैन एंड द आर्ट ऑफ़ द इंडियन ड्रम (2003) जिसका निर्देशन सुमंत्र घोषाल ने किया था। हुसैन ने 1983 की मर्चेंट आइवरी फिल्म हीट एंड डस्ट में इंदर लाल के रूप में अपनी अभिनय प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया जहाँ उन्होंने एक सहयोगी संगीत निर्देशक के रूप में काम किया। 2018 में फिल्म निर्माता और लेखक नसरीन मुन्नी कबीर ने जाकिर हुसैनः ए लाइफ इन म्यूजिक पुस्तक में हुसैन के जीवन और करियर के बारे में लिखा। यह कार्य 2016 और 2017 में आयोजित 15 साक्षात्कार सत्रों पर आधारित था। हुसैन ने इस्माइल मर्चेंट की इन कस्टडी और द मिस्टिक मैसर जैसी फिल्मों के साउंडट्रैक में भी अपना बेमिसाल योगदान दिया। उनके तबला प्रदर्शन को फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की एपोकैलिप्स नाउ और बर्नार्डो बर्टोलुची की लिटिल बुद्ध में भी जोड़ा गया था। हुसैन तबला बीट साइंस के संस्थापक सदस्य भी थे जो अमेरिकी संगीतकार बिल लासवेल के नेतृत्व में एक विश्व संगीत सुपरग्रुप था। इस ग्रुप नेसमकालीन इलेक्ट्रॉनिक और वैश्विक संगीत शैलियों के साथ पारंपरिक भारतीय लय को मिश्रित किया। 2016 में हुसैन ने व्हाइट हाउस में अंतर्राष्ट्रीय जैज़ डे ऑल-स्टार ग्लोबल कॉन्सर्ट में प्रदर्शन किया जिसकी मेजबानी तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने की थी। जाकिर हुसैन ने संगीत की कई शैलियों में योगदान दिया और भारतीय संगीत को पश्चिमी दुनिया में फैलाने के लिए कई पुरस्कारों से नवाजा गया। उन्हें 1987 में भारत सरकार द्वारा ÷पद्मश्री÷ और 2002 में ÷पद्मभूषण÷ जैसे सम्मान प्राप्त हुए। जहाँ संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1990) प्रदर्शन कला में उत्कृष्टता के लिए इस राष्ट्रीय मान्यता के सबसे कम उम्र के प्राप्तकर्ताओं में से एक रहा वहीं 7 बार के ग्रैमी विजेता, जिसमें 1992 में प्लैनेट ड्रम के लिए उनकी ऐतिहासिक पहली जीत और 2024 में ऐज वी स्पीक, दिस मोमेंट और पश्तो के लिए तीन जीत शामिल रही। हिलेरी क्लिंटन द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक कलाओं के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका का सर्वोच्च पुरस्कार राष्ट्रीय विरासत अध्येतावृत्ति (1999 ) भी प्राप्त किया। कालिदास सम्मान (2006) कला में असाधारण योगदान के लिए मिला वहीं क्योटो पुरस्कार (2022) संगीत में वैश्विक उपलब्धि के लिए जापान का प्रतिष्ठित पुरस्कार से भी उन्हें नवाजा गया। उन्हें 2022 में मुंबई विश्वविद्यालय से डॉक्टर ऑफ लॉ की मानद उपाधि और 2017 में सैन फ्रांसिस्को जैज़ सेंटर से लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला। इसके अलावा, उन्हें कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी मिले।

वे महान तबला वादक साथ ही एक संगीतकार और कुशल एक्टर भी रहे। उन्होंने 'द परफेक्ट मर्डर', 'मिस बीटीज चिल्ड्रन, 'साज' और 'मंटो' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय की विशेष छाप छोड़ी। बतौर अभिनेता पहली बार 1983 की फिल्म 'हीट एंड डस्ट' में नजर आए। 1998 की फिल्म 'साज' में जाकिर हुसैन ने शबाना आजमी के साथ अहम रोल निभाया था, जो अपने कॉन्टेंट की वजह से काफी विवादों में रही थी। शबाना आजमी के प्रेमी के रोल में उनके अभिनय को काफी सराहा गया था। हुसैन ने तबला की भूमिका को बदल दिया और इसे एक सहायक वाद्ययंत्र से शास्त्रीय प्रदर्शन के केंद्र में बढ़ा दिया। उनकी जटिल लय और अभिव्यंजक वादन शैली ने भारत और विदेशों दोनों में व्यापक प्रशंसा प्राप्त की। जाकिर हुसैन ने अपनी पत्नी एंटोनिया मिनेकोला से शादी की, जो एक कथक नर्तकी और शिक्षिका थीं, जिन्होंने अपने करियर का प्रबंधन भी किया था। जाकिर हुसैन का नाम भारतीय संगीत के क्षेत्र में हमेशा सम्मान से लिया जाएगा। उन्होंने अपने अद्वितीय वादन शैली और संगीत के प्रति अपने समर्पण से भारतीय शास्त्रीय संगीत को पूरी दुनिया में प्रसिद्ध किया।

# सीखने की राह में नन्हे कदमों की चुनौतियाँ


अंजली कबडोला

**स्कूल के एकमात्र शिक्षक रमेश अपनी जिम्मेदारी को पूरी लगन से निभाते हैं। उनकी आंखों में बच्चों को आगे बढ़ते देखने की चमक साफ झलकती है। वह कहते हैं कि यहां पढ़ने वाले बच्चे बहुत होशियार हैं। वे सीखना चाहते हैं, समझना चाहते हैं। जब वे कोई नया शब्द सीखते हैं या कोई सवाल हल करने में जो उत्साह झलकता है, वही मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी होती है। उनकी बातें बताती हैं कि शिक्षा केवल किताबों से नहीं, बल्कि एक शिक्षक की मेहनत और बच्चों की जिज्ञासा से जीवंत होती है। वह कहते हैं कि यहां के बच्चे हर सुबह उम्मीदों के साथ स्कूल का रुख करते हैं।**

गनीगांव, उत्तराखंड का एक शांत और मनोरम गांव है। बागेश्वर जिला स्थित गरुड़ ब्लॉक अंतर्गत यह गांव शहर से काफी दूर है। यहां की ठंडी हवाओं में बच्चों की खिलखिलाहट घुली रहती है, मगर उन मासूम हंसी के पीछे एक अनकही दास्तान छुपी है - सीखने की अनवरत जिज्ञासा और चुनौतियां। सीखने की जिज्ञासा उन्हें गांव में संचालित राजकीय प्राथमिक विद्यालय तक तो ले आता है मगर यहां शिक्षकों की कमी उनके सीखने में एक बड़ी बाधा उत्पन्न करता है। 27 वर्षीय राधा देवी बड़ी उम्मीदों से कहती हैं, मेरा बेटा बहुत जिज्ञासु है। वह हर चीज़ को समझने की कोशिश करता है, कभी-कभी घर आकर मुझसे सवाल करता है, जिसका उत्तर मैं नहीं दे पाती हूं। उसे स्कूल जाना और पढ़ना तो बहुत पसंद है, लेकिन स्कूल में एक ही शिक्षक हैं। जिनके ज़िम्मे बच्चों को पढ़ाने के साथ साथ बाकी काम भी देखना होता है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई में बड़ी रुकावट आती है राधा देवी के शब्दों में चिंता तो है, मगर उससे कहीं ज्यादा था अपने बच्चे की लगन पर गर्व भी है।

गांव की एक अन्य महिला देवकी देवी की आंखों में अपने बच्चों को लेकर अनगिनत सपने हैं। लेकिन चिंता भी है। वह कहती हैं कि ÷मेरी बेटी पांचवीं कक्षा में है और बेटा चौथी कक्षा में पढता है। लेकिन मुझे चिंता है कि जब मेरी बेटी छठी कक्षा में जाएगी, तो क्या वह सही से पढ़ पाएगी? क्योंकि एक शिक्षक सभी बच्चों पर कितना ही ध्यान दे पाते होंगे? यह सवाल सिर्फ देवकी देवी का नहीं, बल्कि गनीगांव की हर उस माँ का है जो अपने बच्चों को आगे बढ़ते देखना चाहती है। पंचायत में दर्ज आंकड़ों के मुताबिक गनीगांव की आबादी लगभग 1445 है और साक्षरता दर करीब 80 प्रतिशत है। इस गांव में स्थापित एकमात्र प्राइमरी स्कूल बच्चों को पढ़ाने के लिए सिर्फ एक ही टीचर नियुक्त है, जिसकी वजह से स्कूल जाने वाले बच्चो के अभिभावक उनकी बेहतर शिक्षा को लेकर परेशान दिखते हैं।



इस स्कूल की छात्रा रह चुकी 19 वर्षीय किशोरी दीपा बचपन की उन यादों को संजोए हुए कहती है, जब मैं पहली बार स्कूल गई थी, तब सब कुछ नया था। पहली बार किताबों को खोलना, रंगों से खेलना, अक्षरों को जोड़ना, यह सब एक नई दुनिया में कदम रखने जैसा था। अब छोटे-छोटे बच्चे भी उसी दुनिया में प्रवेश कर रहे हैं। वे सीखना चाहते हैं, आगे बढ़ना चाहते हैं। गांव के कई बच्चे इस छोटी सी पाठशाला से बड़े सपने लेकर निकलना चाहते हैं। कुछ डॉक्टर बनना चाहते हैं, कुछ शिक्षक, तो कुछ अपनी कल्पनाओं को रंगों में उकेरना चाहते हैं। मगर उनके इस सपने को पूरा करने के लिए हर दिन एक नई चुनौती होती है। सबसे बड़ी चुनौती विद्यार्थियों की तुलना में शिक्षक की संख्या कम होना है।

वहीं स्कूल के एकमात्र शिक्षक रमेश अपनी जिम्मेदारी को पूरी लगन से निभाते हैं। उनकी आंखों में बच्चों को आगे बढ़ते देखने की चमक साफ झलकती है। वह कहते हैं कि यहां पढ़ने वाले बच्चे बहुत होशियार हैं। वे सीखना चाहते हैं, समझना चाहते हैं। जब वे कोई नया शब्द सीखते हैं या कोई सवाल हल करने में जो उत्साह झलकता है, वही मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी होती है। उनकी बातें बताती हैं कि शिक्षा केवल किताबों से नहीं, बल्कि एक शिक्षक की मेहनत और बच्चों की जिज्ञासा से जीवंत होती है। वह कहते हैं कि यहां के बच्चे हर सुबह उम्मीदों के साथ स्कूल का रुख करते हैं। उनके छोटे-छोटे कदम जब मिट्टी की पगडंडियों से होकर स्कूल के आंगन तक पहुँचते हैं, तो उनमें एक अनकही ऊर्जा होती है। यह ऊर्जा उन्हें आगे ले जाएगी, उनमें सीखने की प्रवृति को आगे बढ़ाएगी।

इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता नीलम ग्रैंडी कहती हैं कि प्राइमरी स्कूल बच्चों में शिक्षा की नींव रखते हैं। यहीं पर वे पहली बार किताबों, पेंसिल, कॉपी और रंगों से परिचित होते हैं। यह उम्र उनमें खेल-खेल में सीखने की होती है। लेकिन अगर स्कूल में शिक्षक की कमी होगी तो बच्चों की पढ़ाई पर इसका असर पड़ना स्वाभाविक है। यहां नियुक्त एकमात्र शिक्षक को पढ़ाने के साथ-साथ प्रशासनिक कार्य भी करने पड़ते हैं। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई सही से नहीं हो पाती है। इस स्थिति के चलते आर्थिक रूप से संपन्न गांव के कई परिवार अब अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए शहरों की ओर रुख कर रहे हैं, ताकि वे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकें। लेकिन यह सभी के लिए संभव नहीं है। गांव के अधिकतर अभिभावक आर्थिक रूप से इतने सक्षम नहीं होते कि वे अपने बच्चों को गांव से बाहर पढ़ने भेज सकें। हालांकि गरुड़ की खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश्वरी मेहता आश्वस्त करती हैं कि जल्द ही इस प्राथमिक विद्यालय में एक और शिक्षक की नियुक्ति होने वाली है। जिससे बच्चों की पढ़ाई में आने वाली सबसे बड़ी बाधा दूर हो जाएगी। शिक्षा विभाग की ओर से इस संबंध में प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है।

बहरहाल, गनीगांव के लोग इस छोटे से स्कूल को एक बड़े सपनों की पाठशाला मानते हैं। उनका सपना है कि उनके बच्चे सही शिक्षा पाएं, आगे बढ़ें और अपने सपनों को पूरा करें। यह कहानी सिर्फ गनीगांव की नहीं, बल्कि हर उस गाँव की है जहाँ बच्चे हर सुबह एक नई उम्मीद के साथ स्कूल जाते हैं, सीखते हैं और एक दिन अपने सपनों को हकीकत में बदलने का सपना देखते हैं। शिक्षा की यह यात्रा यूँ ही चलती रहेगी, क्योंकि हर बच्चा के अंदर एक अनकही कहानी है - सीखने की, आगे बढ़ने की और सपनों की अनवरत उड़ान भरने की। (चरखा फीचर्स)

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : उत्कृष्ट कार्य करने वाली नारी शक्तियों को किया सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले भर में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली नारी शक्तियों को सम्मानित किया गया तथा उनके कार्यों की सराहना की गई। इसी क्रम में उदित नारायण पीजी कॉलेज पडरौना में एनआरएलएम, आकांक्षा समिति तथा डूडा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित आकांक्षा मेला, महिला बाजार का शुभारंभ फीता काटकर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज तथा आकांक्षा समिति अध्यक्ष महोदया डॉ. अंगीरा भारद्वाज द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद में गठित विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के अंतर्गत महिला उद्यमियों के द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पादों, सामग्रियों तथा उनके द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर उनका उत्साह भी बढ़ाया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने महिला एवं बालिका स्वास्थ्य, शिक्षा के प्रति जागरूकता, रोजगार परक शिक्षा एवं महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से सामाजिक आर्थिक सुदृढ़ता पर जोर दिया एवं उनके कुशल कियान्वयन के बारे में भी सभी को अवगत कराया। अध्यक्ष महोदया आकांक्षा समिति ने स्वयं सहायता समूहों के आजीविका के विविधीकरण और मजबूती के लिए समर्थन, समाज में उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए कौशल विकास, आर्थिक स्वतंत्रता सामाजिक सुरक्षा के बारे में भी बताया। इस अवसर पर विकास खंड कसया ग्राम मधवापुर साबिया खातून को उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत विवाह सहायता धनराशि एक लाख एक हजार का प्रतीकात्मक चेक तथा जनपद में गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न कार्यों हेतु सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार राजेंद्र प्रसाद मिश्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, डॉ. यशा मिश्रा, डॉ. रूपम जायसवाल, मीनू जिन्दल, सुनीता पांडेय तथा अन्य संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सेंट जेवियर्स स्कूल में महिलाएं हुई सम्मानित

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** सेंट जेवियर्स स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस दिवस पर अभिभावक शिक्षक गोष्ठी के साथ दादा दादी, नाना नानी दिवस भी मनाया गया जिसका उद्घाटन स्थानीय निर्देशक आकाश चन्द्रा व रत्नेश चंद्रा ने किया। इस कार्यक्रम में सम्मानित अभिभावक दादा दादी नाना नानी के लिए उनके सम्मान स्वरूप कुछ कार्यक्रम जैसे आर्ट प्रतियोगिता, कुर्सी रेस प्रतियोगिता, बैग पैक प्रतियोगिता, बच्चों के द्वारा डांस, ड्रामा, भाषण का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से उपप्रधानाचार्य शशि कुमार चौरसिया, सतीश द्विवेदी, रेहाना ने किया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य अरविंद कुमार पांडेय ने किया। इस अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्थानीय सब इंस्पेक्टर उपासना और कांस्टेबल ज्योत्सना ने संबोधित किया और महिलाओं को जागरूक किया।

## रनवारी में रंजिशन खेली खून की होली

**मथुरा।** रनवारी में तीन सगे भाईयों ने एक खेत पर काम कर रहे एक युवक को पकड लिया और सिर व सीने में तीन गोलियां दाग दीं। मौके पर ही युवक की मौत हो गई। हत्या करने के बाद तीन आरोपितों में से एक भाई ने खुद थाने पर सरेंडर कर दिया। शनिवार की सुबह करीब साढे दस बजे दिनदहाडे हुई हत्या की इस वारदात की वजह सामने नहीं आई है। मृतक युवक के परिजन भी वजह नहीं बता रहे हैं, लेकिन माना जा रहा है कि रंजिश में यह हत्या की गई है। मृतक युवक के परिवार में शादी का माहौल था। बडा भाई कल्लू पहलवान घर पर शादी का काम निपटा रहा था। भारतपाल उर्फ पप्पू पुत्र हरिराम (32) खेत पर काम करने आ गया था। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। छाता थाना प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा ने बताया मामले की जांच की जा रही है। प्रथमदृष्टया पुरानी रंजिश को लेकर हत्याकांड सामने आ रहा है। मृतक युवक के दो बेटी और एक बेटा है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में, ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी अभियंत्रण विभाग के छात्रों ने एक महत्वपूर्ण सामुदायिक आउटरीच पहल के तहत एक मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य, स्वच्छता और समग्र कल्याण के महत्व के बारे में जागरूक करना था।

यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के प्रति छात्रों की प्रतिबद्धता का एक उदाहरण था, जिसमें छात्रों ने गाँव की महिलाओं के साथ बातचीत की और उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता को सुरक्षित और प्रभावी तरीके से प्रबंधित करने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। छात्रों ने विभागाध्यक्ष डॉ. आर.के. त्रिपाठी और शिक्षकों - इंजीनियर धीरेंद्र सिंह, इंजीनियर शिवांशी त्रिपाठी और इंजीनियर राशि श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन और शैक्षिक सामग्री वितरित की, ताकि एक स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दिया जा सके।

छात्रों के इस प्रयास को समुदाय द्वारा अच्छी प्रतिक्रिया मिली, और विश्वविद्यालय ने यह निर्णय लिया है कि वह इस प्रकार के आउटरीच कार्यक्रमों को जारी रखेगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाया जा सके और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा दिया जा सके। भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में, ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी अभियंत्रण विभाग के छात्रों ने एक महत्वपूर्ण सामुदायिक आउटरीच पहल के तहत एक मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य, स्वच्छता और समग्र कल्याण के महत्व के बारे में जागरूक करना था। यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के प्रति छात्रों की प्रतिबद्धता का एक उदाहरण था, जिसमें छात्रों ने गाँव की महिलाओं के साथ बातचीत की।

# महिलाएं सृष्टि के सृजन को गोद में पालने की क्षमता रखती : गौरी शंकर

अवधनामा संवाददाता

**अंतरराष्ट्रीयय महिला दिवस पर व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान ने एसडीएम को किया सम्मानित**

**संभल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान जनपद संभल की टीम ने जिला अध्यक्ष मो कासिम एवं जिला चेयरमैन गौरीशंकर चौधरी के संयुक्त नेतृत्व में उप जिलाधिकारी वंदना मिश्रा को अंतरराष्ट्रीयय महिला दिवस के अवसर पर सम्मानित करते हुए संस्था का स्मृति चिन्ह सम्मान पत्र एवं उपहार भेंट किया इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन गौरी शंकर चौधरी ने कहा कि महिलाएं सृष्टि के सृजन को गोद में पालने की क्षमता रखतीं हैं महिलाएं पुरुषों से ज्यादा संवेदनशील एवं सहन शक्ति रखने बाली होती हैं इसीलिए महिलाओं का नाम पुरुषों से पहले लिया जाता है जैसे सीताराम राधा कृष्णा इत्यादि जिलाध्यक्ष मो कासिम ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।

## एसपी ने थाना धनारी व हयातनगर में जनसुनवाई की

**संभल।** शनिवार को थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर परथाना धनारी व हयातनगर मे जनसुनवाई की गयी पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल श्री कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में थाना धनारी व थाना हयातनगर पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें थानों पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान राजस्व विभाग के सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र में नौ परिवारो को मिलाया

**संभल।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की देखरेख में चलाई जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग आज सुबह 10:30 बजे पुलिस क्षेत्र अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार की देखरेख में पुलिस लाइन मंडी समिति में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी पारिवारिक विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया यहां कुल 74 पत्रावली सुनकर 22 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं 9 परिवारों को मिलाया गया तथा एक पत्रावली विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई तथा 12 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद की गई इस अवसर पर सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद तथा काउंसलर अखिलेश अग्रवाल एवं विधि परामर्शदाता लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट तथा काउंसलर सीमा बबीता आदि लोग उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एल्डा फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया सम्मान समारोह



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** एल्डा फाउंडेशन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित किया विभिन्न क्षेत्र की महिलाओं को आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एल्डा फाउंडेशन ने देश की सभी कर्मशील महिलाओं को लखनऊ के बौद्ध संस्थान में सम्मानित किया। इसके अंतर्गत वूमेन ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड दो हजार पच्चीस में समाज के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को अलंकृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर ज्योति दीवान जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंटरप्रेन्योर सेल की अध्यक्ष रही,साथ ही अमृता पांडे स्पेशल जज लोक अदालत विशिष्ट अतिथि के रूप में ,विक्रम शर्मा आर जे रेडियो सिटी से गुरमीत सिंह रीजनल मैनेजर रेडियो सिटी से एवं एनटीपीसी से अमित कुमार बेहरा उपस्थित हुए। फाउंडेशन की तरफ से डॉक्टर पूजा शाहीन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष विमला भसीन जी, मनीषा तिवारी, कविता चौबे, अनिमा दवे ,राजश्री नीरज ,प्रवीण टंडन, श्वेता सूरी कोषाध्यक्ष, सचिव जुनैद अहमद मौजूद रहे।

कार्यक्रम में महिला स्वास्थ्य पर मेनोपॉज पर डॉक्टर प्रतिभा सिंह द्वारा वार्तालाप की गई एवं नेचुरोपैथी पर डॉक्टर शिखा गुप्ता द्वारा बातचीत हुई ,साथ ही धन्य नारी सांस्कृतिक प्रस्तुति अंजुल बाजपेई, अलायना अहमद, पीयूष पांडे, अनामिका एवं सीमा द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रोफेशनल डांस अकादमी द्वारा बच्चों का नृत्य प्रस्तुत किया गया।

इस कार्यक्रम को एन टी पी सी द्वारा सपोर्ट किया गया। साथ ही साथ उत्तर प्रदेश रनर ,बन एवं याकुल्ट द्वारा सह- सपोर्ट किया गया। इन सभी सपोर्टर का फाउंडेशन बहुत-बहुत आभार प्रकट करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### छिनौती करने वाले बदमाशों से हुई पुलिस मुठभेड़

**सुल्तानपुर।** शहर के गभडिया क्षेत्र में बीती 02 मार्च की रात्रि में एक विवाह समारोह में राजस्व निरीक्षक के साथ एक छिनैती की घटना हुई थी। इस सम्बन्ध में थाना को0नगर में अभियोग पंजीकृत किया गया था।
सी.सी.टी.वी. फुटेज के आधार पर 02 अभियुक्त 1. मंगल और कृष्णा प्रकाश में आये थे। अपर पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया कि बीती रात मुखबिर की सूचना पर पता चला कि ये दोनों अपराधी दुर्गापुर की तरफ भाग रहे हैं। तत्पश्चात पुलिस टीम ने इनका पीछा किया। पीछा करने में इन लोगों ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस द्वारा जवाबी कार्यवाही की गयी जिसमें एक अभियुक्त मंगल के पैर में गोली लगी है और दूसरा अभियुक्त फरार होने में कामयाब रहा।

### पीस कमेटी की हुई बैठक



**कुड़वार, सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देशन में आगामी त्यौहार/उत्सव रमजान/ईद एवं होली के संबंध में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु, उपजिलाधिकारी सदर विपिन कुमार द्विवेदी तथा सीओ सिटी प्रशांत सिंह व थानाध्यक्ष चन्द्रभान वर्मा की अध्यक्षता में थाना कुड़वार में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई। सभी सम्मानित व्यक्तिगण, धर्मगुरु, जनप्रतिनिधियों को बुलाकर आगामी त्यौहारो के शांतिपूर्ण समापन हेतु सभी लोगों से आपसी सामंजस्य की अपील की गई। उन्हें शासन और प्रशासन द्वारा प्राप्त आदेशो-निर्देशों से सभी को अवगत कराया गया।

### ब्राह्मण संगठन ने किया बिटिया के शादी मे सहयोग



**सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर जिले मे परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक रजि. संगठन जो की ब्राह्मण संगठन है जो सामाजिक कार्यों मे बढ़ चढ़ के हिस्सा लेती है और लोगों का मदद करती है। इसी कड़ी मे इस बार पुनः कन्यादान दुबेपुर ब्लॉक के उतरी के खुशहालपुर ग्राम सभा मे मनीषा बिटिया की 6 मार्च 2025 को शादी होनी थी। पिता की आर्थिक हालात ठीक न होने की खबर संगठन के पदाधिकारियों को लगी। जिसकी सूचना उच्च पदाधिकारियो को बताई गयी। तत्काल एक मीटिंग बुलाई गयी और बैठक करके एक सहयोग करने का निर्णय लिया और संगठन के पदाधिकारियों और सभी सहयोगी बंधुओ द्वारा आर्थिक सहयोग एकत्रित किया गया और बिटिया के लिए संगठन के माध्यम से रेफ्रीजेटर खरीद कर भदैया ब्लॉक अध्यक्ष पं आकांशा मिश्रा, ब्लॉक उपाध्यक्ष पं शुभम उपाध्याय,पं शैलेश तिवारी,पं अंजनी मिश्रा अहिमाने, पं संतोष तिवारी, पं दिनेश पाण्डेय वा अन्य लोग मौजद रहे संगठन के तरफ से सहयोग देख पिता भावुक हो उठे।

### महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन



**संभल।** एमजीएम कॉलेज संभल में मिशन शक्ति के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख माल्यार्पण से हुआ। डा विजयलक्ष्मी शर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। डा प्रकाश नारायण ने कविता के माध्यम से नारी शक्ति की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य प्रोफेसर डॉ योगेंद्र सिंह ने कहा कि महिलाएं वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं।

# भाजपा सरकार में ही महिलाएं सुरक्षित और समृद्ध हो रही

अवधनामा संवाददाता



**सब्जी विक्रेता से लेकर महिला पुलिसकर्मी तक को किया सम्मानित**

**मथुरा।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पुष्पांजलि स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर एक गोष्ठी कर विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत स्वावलंबी वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया गया। वहीं गोष्ठी के मुख्य वक्ता कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने क्षेत्र में विशिष्ट योगदान करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। वहीं उन्होंने कहा कि ऐसी महिलाओं का सम्मान करने के लिए भाजपा का नेतृत्व संकल्पित है।

वहीं उन्होंने कहा कि योगी और मोदी की सरकार में ही महिलाएं सुरक्षित और समृद्ध हो रही हैं। यह सरकार महिला के विकास के लिए समर्पित और संकल्पित हैं। वहीं सभी का आभार व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने कहा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ मोदी सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जो भारत में लड़कियों के जीवन को बेहतर बनाने में मदद कर रही है वहीं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मुद्रिता शर्मा ने भारत में पिछले कुछ सालों में महिलाओं के लिए कई ऐसी लाभकारी योजनाएं लॉन्च हुई हैं, जिन्होंने महिलाओं के जीवन को बदल दिया है।

मोदी सरकार की इन योजनाओं से महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता और सामाजिक सुरक्षा प्रदान हुई है. वहीं मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने बताया महिला दिवस पर गोष्ठी के उपरांत सब्जी विक्रेता सोनिया अनुराधा थाना बलदेव इंचार्ज एंटी रोमियो अंशुल थाना गोविंद नगर इंचार्ज एंटी रोमियो पुलिसकर्मी, कवित्री मीरा चौधरी, अध्यापिका तनु, एडवोकेट अनीता चावला पत्रकार शिवांगी चौधरी , चिकित्सक डॉ रजनी अग्रवाल सहित 14 नारी शक्तियों को सम्मान किया गया। वही कार्यक्रम के संयोजक अनिल चौधरी एवं गोष्ठी का संचालन महामंत्री नीलम गोस्वामी ने किया।

## सिपाही हेलिकॉप्टर से लाया दुल्हनियां...

**मथुरा।** मांट थाना क्षेत्र के छोटे से गांव जाबरा में शादी कर सिपाही दूल्हा और दुल्हन हेलिकॉप्टर से पहली बार गांव में पहुंचे, तो ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। दूल्हा-दुल्हन से ज्यादा लोग हेलिकॉप्टर को देखने के लिए उत्साहित दिखाई दिए। इस दौरान ढोल नगाड़े के साथ परिवार के लोगों ने दूल्हा और दुल्हन का स्वागत किया। जाबरा निवासी गजेंद्र सिंह यूपी पुलिस से रिटायर कर्मी हैं। उनके छोटे बेटे अरविंद कुमार यूपी पुलिस में सिपाही के पद तैनात हैं, जिसकी शादी आगरा के मधु नगर की रहने वाली अंतरा के साथ हुई है। परिवार वालों की इच्छा के अनुसार अरविंद अपनी पत्नी अंतरा को हेलिकॉप्टर से विदा कराकर गांव जाबरा लेकर आए। हैरानी की बात तो ये रही जब इस गांव में हेलिकॉप्टर उतरा तो दूल्हा-दुल्हन से अधिक लोगों में उत्सुकता उड़नखटोले के देखने की रही। अरविंद के खेत में ही बनाए गए हेलीपैड पर हेलिकाप्टर उतरा। यहां पहले से ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मौजूद रही।

# महिला दिवस पर उप जिलाधिकारी को सम्मानित किया गया



अवधनामा संवाददाता

**संभल।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रतिनिधि मंडल ने, उप जिलाधिकारी महोदया वंदना मिश्रा को शॉल उड़ाकर एवं बुके भेंट करके सम्मानित किया।

इस अवसर पर संगठन की जिलाध्यक्ष अमीर ज़हां तुर्की ने कहा कि नारी आज समाज के लिए सदैव समर्पित है, अपने परिवार के लिए पूरा समय देती है, सहनशीलता का गुण नारी शक्ति में कूट-कूट कर भरा होता है। आज समय है कि नारी अपने संकल्पों को लेकर आगे बढ़े, अपने कदमों को आगे बढ़ाए और उनको पूर्ण करे। इस अवसर पर अमीर जहां तुर्की, आफिया तलत, स्वालेहा सिद्दीकी, जैनब आरा, वसीम अख्तर, मोहम्मद जीशान, अतुल कुमार शर्मा, राजेंद्र सिंह गुर्जर, मनाजिर हुसैन, सुबोध कुमार गुप्ता आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# 'सफलता के लिए छात्र जीवन में अनुशासन पर काम करे



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज, सुल्तानपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ ओम प्रकाश पाण्डेय 'बजरंगी' जी की अध्यक्षता में उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुई, जिसके उपरांत अतिथियों का स्नेहपूर्ण स्वागत और अभिनन्दन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बृजेश मिश्र (आई.पी.एस.) पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, सुल्तानपुर ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह युवाओं में अनुशासन, सेवा-भाव और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का एक उत्तम मंच है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अंग्रेज सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और शिविरार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होली मिलन समारोह आज

**मथुरा।** ब्रज में होली का पावन महोत्सव सभी वर्गों के लोग धूमधाम से मनाते रहे हैं, हर समाज अपने लोगों के बीच इस पर्व को सामाजिक एकता और सौहाद्र के रूप में मनाने का प्रयास करता रहा है। इसी क्रम में मथुरा जनपद में खंडेलवाल समाज प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी पूरे जोश के साथ होली के पर्व को सामाजिक स्तर पर मना रहा है। इस अवसर पर खंडेलवाल समाज के शैलेश खंडेलवाल ने बताया कि इस वर्ष होली मिलन समारोह मथुरा के गोवर्धन रोड स्थित खंडेलवाल सेवा सदन में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रमेश चंद्र खंडेलवाल अध्यक्ष खंडेला धाम ट्रस्ट खंडेला सूरत से, प्रमुख उद्योगपति घनश्याम दास रावत जयपुर से, किशन कोड़ियां जयपुर, प्रमुख उद्योगपति महेश कानूनगो दिल्ली, स्वागत अध्यक्ष का कार्यभार सुनील खंडेलवाल एस के मुकुट वाले तथा स्वागत मंत्री का कार्य अरुण खंडेलवाल के द्वारा किया जाएगा।

# 'ऐसे लट्ठ बरसे बरसाने, सुधबुध भूल गये देखनवारे'



अवधनामा संवाददाता

**बरसाना में लठामार होली का नजारा देख श्रृद्धालु हुए भाव विभोर**

**मथुरा।** 'रंग मत डारे नन्दकिशोर हमारी राधा गोरी है।' जब नन्दगांव से नन्दनन्दन बरसाना होली खेलने आये तो सखियां कहती हैं कि नन्दबाबा गोरे, यशोदा मइय्या गोरी और दाऊजी भी गोरे हैं तो तुम कारे कहा ते हो गये। तुम पे तो कोई रंग चढ़ेगो ना हीं। हमारी श्रीराधेजू गोरी है सब रंग दिखेंगे। ब्रज की लठामार होली का वर्णन बड़ा ही सुन्दर और पौराणिक है। आज भी वही द्वापरयुग की परम्परा बरसाना नन्दगांव के बीच निभाई गई। नन्दगांव के हुरियारे बरसाना होली खेलने पहुंचे। प्रियाकुण्ड पर बरसाने के ग्वाल बालों ने उनका ठण्डाई पिलाकर स्वागत किया। जहां नन्दगांव के छोटे बड़े ग्वाल सब ने लठामार होली खेलने के लिए अपने फेंटा (पाग) सिर पर कसे, बरसाने की ग्वलिनों के लठ्ठ झेल सकें। यहां से नन्दगांव के हुरियारे सीधे सीढ़ियों से होते हुए रसीली गालियां देते हुए नन्दनन्दन के नामों के जयकारे करते हुए मन्दिर पहुंचे। श्रीराधारानी के दर्शन किये राधारानी के चरणों में गुलाल अर्पित किया और होली खेलने की अनुमति मांगी। वहां बरसाना के ग्वाल बाल पहले से ही टेसू व नाना प्रकार रंग लिए मन्दिर में खड़े थे। नन्दगांव से आये ग्वालबालों की खुब खातिर की। यहां से टेसू के रंगों से सराबरो हुरियारों ने सीधे रंगली गली का रूख किया। मन्दिर से नीचे आने के बाद नन्दगांव के हुरियारें नीचे गलियों मौहल्लों में इस कदर फैल गये जैसे युद्ध में सैनिक अपने अपने मोर्चो पर खड़े हो जाते हैं। हौं भी क्यों नहीं यह लठामार होली युद्ध से कम थोरई है। पहले से ही लठ्ठ लिए खड़ी बरसाना की ग्वालिनें (हुरियारिनों) नन्दगांव के हुरियारों को देख लठ्ठ लिए टुट पड़ीं। लठामार होली का वह अद्भुत दृश्य साकार हो उठा जिसे देखने के लिए मानवत क्या देवता भी तरसते हैं।

# भारतीय किसान यूनियन की बैठक में बनाई रणनीति



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** रविवार को प्रातः 10:00 बजे ग्राम - देवपुरा, अंबेडकर पार्क धनौरा, जिला - अमरोहा में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (पुरस्कार समारोह) कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक प्रोफेसर विनोद नागर एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार अधाना के निर्देशानुसार एडवोकेट ललित कुमार गुर्जर कानूनी सलाहकार तहसील संभल युवा मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद के द्वारा मनीराम सिंह खारी ब्लॉक महामंत्री सम्भल के आवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसका संचालक मांगेराम नागर जी तथा अध्यक्षता सुखपाल सिंह खारी ने की जिसमें बताया गया कि रविवार को अमरोहा जिले के गांव देवपुरा में भारतीय किसान यूनियन की एक विशाल मीटिंग को संबोधित किया जाएगा जिसमें आज आनंद खारी फौजी, अमरीश खारी, केंद्रपाल सिंह खारी, नितिन खारी, ओपेंद्र खारी, शिवम खारी, राहुल खारी, पिंकू मावी, कविंद्र अवाना, गौरव खारी, कौशल खारी, रामचंद्र सिंह सैनी, अमित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाइक में टेंपो ने मारी टक्कर तीन परीक्षार्थी घायल



■ चरखारी से महोबा के संत जोसफ स्कूल में परीक्षा देने आ रहे थे छात्र

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** चरखारी से संत जोसफ स्कूल में इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा देने जा रहे छात्रों की बाइक में टेंपो ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों बाइक सवार मदारन देवी मंदिर के गेट के पास सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों और पुलिस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल महोबा पहुंचाया गया, जहां पर छात्रों का उपचार कराने के बाद पुलिस ने उन्हे संत जोसफ स्कूल में भेज कर परीक्षा दिलाई। कस्बा चरखारी के मुहल्ला बजरिया निवासी अंकित साहू 18 पुत्र कपिल साहू, नीरज 17 पुत्र राजेश और प्रदीप का 17 वर्षीय पुत्र अंकित का परीक्षा केन्द्र संत जोसफ स्कूल महोबा बनाया गया था, तीनों छात्र शनिवार को सुबह बाइक से संत जोसफ स्कूल में इंटरमीडिएट का पेपर देने जा रहे थे। तभी रास्ते में मदारन देवी मंदिर के गेट के नजदीक सामने से आ रही ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे तीनो बाइक सवार खून से लतपथ होकर सड़क पर गिर गए। नाजुक हालत में उन्हे जिला अस्पताल महोबा में उपचार कराने के बाद परीक्षा केन्द्र भेजा गया। दुर्घटना के बाद टेंपो चालक मौके से फरार हो गया, आस पास के लोगों और पुलिस की मदद से छात्रों का इलाज होने के उन्हे समय से परीक्षा केन्द्र भेज कर उनकी एक साल बर्बाद होने से बचा ली। पुलिस टेंपो चालक की तलाश में जुट गई है। उधर राहगीरों और पुलिस की सक्रियता के चलते छात्रों का पेपर हो जाने पर उन्होने पुलिस के इस कार्य की सराहना की।

# समाधान दिवस में आई तीन शिकायतें, नहीं हो सका निस्तारण



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शासन के निर्देश पर कोतवाली में एसडीएम व सीओ द्वारा आयोजित समाधान दिवस में पीडितों की समस्यायें सुनकर अधीनस्थों को समय बद्ध ढंग से निस्तारण करनें के निर्देश दिये गये।

शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में छिबरामऊ एसडीएम ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी एवं सीओ सदर कमलेश कुमार के समक्ष दो पुलिस व एक राजस्वा संबधित कुल तीन शिकायतें आई जिसमें से मौके पर इन शिकायतों का निस्तारण नहीं हो सका। जिससे पीडितों में निराशा देखने को मिली। इस दौरान छिबरामऊ एसडीएम एवं सीओ सदर ने सभी शिकायतों को संबंधित कर्मियों को तीनों समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किये जाने के निर्देश दिये। समाधान दिवस के दौरान लोग निराश दिखे, क्योंकि उनके द्वारा की गई शिकायतों का त्वरित निपटारा नहीं हो पाया।

हालांकि एसडीएम और सीओ ने आश्वासन दिया कि वे इन मामलों की जांच कराकर उचित समाधान प्रदान करेंगे। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे, निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, राजस्व निरीक्षक प्रेमकृष्ण मिश्रा, लेखपाल कौशल पाण्डेय, कुलदीप यादव, अतुल प्रताप सिंह, अभिषाक कटियार सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# केन्द्र सरकार महिलाओं के लिए चला रही तमाम योजनाएं : जिला पंचायत अध्यक्ष

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** भाजपा कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सम्मेलन एंव सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां पर केन्द्र सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बावत जानकारी दी गई। इस मौके पर स्वय सहायता समूह की महिलाओं ने किस तरह से घर से निकल कर अपने परिवार का भरण पोषण और समाज की सेवा की। इस बावत जानकारी दी।

जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने कहा कि 2014 से नरेंद्र मोदी के प्रधान मंत्री बनने के बाद से महिलाओं को स्वय सहायता समूह केन्द्र के माध्यम से सहयोग राशि को या सम्मान दोनो बढा है, लगातार केन्द्र और राज्य सरकार महिलाओं के लिए नई नई योजनाए ला रही है। मोदी जी ने 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देने के बाद जब वह क्रियान्वयन होगा तो हर ब्लाक प्रमुख, पार्षद, जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक और सांसद तक महिलाओं की भागीदारी होगी। महिला आज समानांतर रूप से हर क्षेत्र में खड़ी है।

पूर्व जिला महामंत्री संदीप शुक्ला ने कहा कि भाजपा ने महिलाओं को बराबर का अधिकार दिया है, जिससे महिलाएं पुरुषों की तरह तेजी से आगे बढ रही है। सरकार भी महिलाओं के उत्थान के लिए तमाम योजनाएं चला रही है। इस मौके पर हमीरपुर सहकारी बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, नीतू पालीवाल, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष विभा पुरवार, जिला मंत्री दीपाली तिवारी, सहित तमाम वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए।

# बेटियों को बेटों की तरह शिक्षा दिलाने का लिया संकल्प




**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम पंचायत लुहारी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोकपथ चैरीटेबल ट्रस्ट की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्याओं में महिलाओं और किशोरियों ने हिस्सा लिया, महिलाओं ने बेटियों को बेटों की तरह शिक्षा दिलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश बेटियों की शिक्षा पर बढावा देना और बाल विवाह को रोकना था। इस मौके पर ब्रजेंद्र निगम ने कहा कि यह दिन महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का अवसर है, उन्होने महिला शिक्षा समाज की प्रगति से जोड़ा। अर्पणा ने बेटियों की शिक्षा को पूरे समाज की जिम्मेदारी बताया जबतक हम लोग बेटियों की शिक्षा के प्रति सजग नही होंगे तबतक बेटियां आगे नही बढ सकेंगी, उन्होने माताओं से बेटियों को बेहतर शिक्षा दिलाने की अपील की। रिंकी ने कहा कि अब वक्त बदल गया है, बेटियां भी बेटों से पीछे नही है ट्रेन से लेकर हवाई जहाज तक बेटियां उड़ा रही है, उन्होने कहा कि कम उम्र विवाह करना नुकसानदायक होता है। पूजा ने महिला सशक्तिकरण पर प्रेरक गीत प्रस्तुत किया, और महिला अधिकारों पर जानकारी दी। कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने बेटियों की शिक्षा पर जोर दिया।

# चर्च की बाउण्ड्री तोड़ने व सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला

■ कमेटी सचिव की तहरीर पर पुलिस ने मां-बेटी समेत तीन पर दर्ज की एफआईआर

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** चर्च की बाउण्ड्री तोड़कर अवैध कब्जा करने का प्रयास एवं चर्च सम्पति को नुकसान पहुँचाने का आरोप लगाते हुये चर्च कमेटी ने विगत दिनों डीएम-एसपी को शिकायती पत्र भेजा था। पत्र पर कार्यवाही करते हुये कोतवाली पुलिस ने मां-बेटी समेत तीन पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्रकरण को लेकर सिविल लाइन निवासी सेन्ट जॉन्स चर्च सचिव प्रमोद हूरीलाल पुत्र एडविन हूरीलाल ने बताया कि सिविल लाईन सेन्ट जन्स चर्च परिसर में विगत 2 मार्च को घुसकर रिनीव विश्वनाथन पुत्री राजन विश्वनाथन, ग्रेसी विश्वनाथन पत्नी राजन विश्वनाथन एवं राजन विश्वनाथन पुत्र अकैया विश्वनाथन अपराह्न 01.30 पर तोडऩे लगे। कोषाध्यक्ष आकाश मसीह ने जब इन्हें रोका तो उन्हें गन्दी गन्दी गालियों देने लगीं एवं मारने पर आमादा हो गई। शोर सुनकर सचिव प्रमोद हूरीलाल एवं चर्च सदस्य अनूप हैरीसन वहां पहुँचे तो उक्त लोगों ने उन्हें भी जान से मारने एवं झूठे केस में फसाने की धमकी दी। जब ये नहीं मानी तो कमेटी सदस्य आकाश मसीह तनय तिमाँथी ने सी.ओ. सिटी, सिविल लाईन चौकी इन्चार्ज एवं 112 नंम्बर डायल कर के पुलिस को बुलाया। कुछ समय बाद वहां पर पुलिस आ गई, जिन्होने तोड़ फोड़ कर रही महिलाओं को रोका और कोतवाली जाने को कहा परन्तु उक्त महिलायें पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गई। चर्च कमेटी सदस्यों द्वारा चर्च बाउण्ड्री को तोड़े जाने के सम्बन्ध में लिखित सूचना सिविल लाइन चौकी प्रभारी को रात लगभग 8 बजे दी गई। उसी रात लगभग 10 बजे रिनीव विश्वनाथन जो अपने पिता के साथ घर में रहती है। उनकी शह पर हथोड़ा लेकर आई और चर्च की बाउण्ड्री को पूरी तरह से तोड़ दिया और वहा लगे दधि के वोर्ड को उखाडने लगी। जिसकी सी.सी.टी.वी. कैमरे की फुटेज सुरक्षित है। बताया कि उक्त महिलायें सरकसी किस्म की महिलायें है जो भूमाफियाओं की शह पर चर्च की जमीन एवं पादरी निवास पर कब्जा करने के लिये किसी हद तक जा सकती हैं। उक्त महिलाये अपने आप को नुकसान पहुंचाकर और अन्य तरीको से चर्च की कमेटी के सदस्यों पर किसी भी प्रकार का आरोप लगा सकती है। साथ ही जान माल की क्षति पहुँचा सकती है जिसकी क्षतिपूर्ति करना सम्भव नहीं होगा। पुलिस ने चर्च कमेटी सचिव की तहरीर पर उक्त महिलाओं के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 131, 351 (3), 351 (2) व 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मेले का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना : अमित यादव

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज में पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के सानिध्य में आयोजित रोजगार मेले में 758 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों और संगठनों द्वारा किया गया। इस रोजगार मेंले में विभिन्न उद्योगों और कंपनियों ने भाग लिया और इच्छुक अभ्यर्थियों के साथ इंटरव्यू और चयन प्रक्रिया पूरी की। शनिवार को बाबू जागेश्वर प्रसाद इंटर कॉलेज तेराजाकेट में आयोजित रोजगार मेले में पूरे भारत से कंपनियों ने आकर भाग लिया और लगभग 1200 अभ्यर्थियों ने भाग लिया व 758 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न कम्पनियों के लिए किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य अमित यादव ने बताया कि मेले का उद्देश्य युवा बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान करना और उनके कौशल के अनुसार उपयुक्त नौकरी दिलाना था। चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों में नौकरी के प्रस्ताव दिए गए, जिनमें उनकी शैक्षिक योग्यता, कार्य अनुभव और साक्षात्कार के आधार पर चयन किया गया।

# प्रभावी डायवर्जन प्वाइंट्स का किया गया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** यातायात व्यवस्था को गतिमान बनाये रखने तथा सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी रोक लगाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मृदुल चौधरी तथा पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा जनपदीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनपद के समस्त प्रभावी डायवर्जन प्वाइंटस का निरीक्षण किया गया तथा ड्यूटीरत कर्मचारियों को डायवर्जन के संचालन हेतु कड़ाई से अनुपालन करने व कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में विभिन्न जनपदों के लिए जाने वाली भारी माल वाहक वाहनों के डायवर्जन के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया है कि जनपद महोबा से जनपद कानपुर, उन्नाव, लखनऊ, औरैया, इटावा के लिए जाने वाले ट्रक, डम्फर, ट्रेलर आदि माल वाहक वाहनों को थाना खन्ना क्षेत्र से डायवर्ट कर बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे से ही आगे की ओर रवाना किया जाये। किसी भी माल वाहक वाहन को मौदहा, हमीरपुर, घाटमपुर, कानपुर के रास्ते न जाने दिया जाये। इसी प्रकार जनपद महोबा से जनपद फतेहपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ, बांदा, कौशाम्बी जाने वाले माल वाहक वाहनों को जनपद बांदा की ओर से ही जाने दिया जाये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी राम प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, वरिष्ठ खान अधिकारी, उपजिलाधिकारी जितेन्द्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक कबरई नरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक खन्ना बीरेन्द्र प्रताप सिंह, पीआरओ अरविन्द सिंह गौर सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

# महिला दिवस पर विद्यालय की मेधावी छात्राओं बांटी ड्रेस व लेखन सामग्री

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को विद्यालय प्रबंध समिति गुगरवारा की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम प्रधान द्रौपदी यादव मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रही। अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष सुषमा यादव ने की। महिला दिवस के अवसर पर विद्यालय की मेधावी छात्राओं को गणवेश, स्कूल बैग अभ्यास पुस्तिकाएं एवं अधिगम संवर्धन से संबंधित सामग्री, वितरित की गयी। कार्यक्रम में विद्यालय की बालिका खुशी एवं संस्कृति यादव ने बुंदेले हरबोलों के हमने सुनी कहानी थी खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष डा.हेमंत तिवारी ने छात्राओं को बुंदेलखंड की वीरागना रानी लक्ष्मीबाई, वीरांगना अवंती बाई, महिला गौरव श्रीमती इंदिरा गांधी, भारत गणराज्य की प्रथम महिला राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती प्रतिभा देवी पाटिल, महामहिम द्रौपदी मुर्मू के उपलब्धियां से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सुषमा यादव, संजय टडैया, सीताराम यादव, रविंद्र सिंह, खुशबू सैनी, मयभान सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पू मा वि पनारी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**ललितपुर।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय पनारी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया, जिसमें सभी बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। साथ ही में चित्रकला का भी आयोजन किया गया, जिसमें एक बिटिया सोनाक्षी तिवारी को एक दिन का प्रधानाध्यपिका बनाया गया। जो बच्चे प्रतिदिन स्कूल आते थे उनका भी सम्मान किया गया। विद्यालय में जो रसोईया खाना बनाने के लिए मध्याह्न भोजन के लिए कार्यरत हैं उनका भी सम्मान किया गया। अनुदेशक तारा तिवारी ने बेटियों को अपनी रक्षा के लिए बताया कि वह कैसे अपनी रक्षा करे बहुत सारे टिप्स दिए। इस अवसर पर श्रीमती प्रतिभा यादव, सीमा जैन, तारा तिवारी, पूर्णिमा, नंदिनी, खुर्शीद बानो, चन्द्रवती, गेंदाबाई, रामाबाई आदि उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय रजवारा में महिलाओं का हुआ सम्मान

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** प्राथमिक विद्यालय रजवारा में वार्षिकोत्सव को महिला स्पेशल दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि एडीएम नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव, आबकारी निरीक्षक अन्विता तिवारी, सीओ अभय नारायण, महिला सदस्य अनुपमा जैन, शिक्षिका ऋचा अग्रवाल, दर्शन सराफ व समाजसेविका अर्चना अग्रवाल आदि सशक्त महिलाएं उपस्थित रही। आबकारी निरीक्षक ने सशक्त एवं स्वयं निर्णय वाली निर्णय लेने वाली महिला बने जागरूकता का संदेश दिया एवं बच्चों की कार्यक्रम की बहुत प्रशंसा की गई कि बच्चों ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी है। एडीएम ने शुद्ध पेयजल एवं जल संचयन आदि पर अपने विचार प्रस्तुत किए एवं नमामि गंगे जल परियोजना के बारे में विशेष विस्तार से बताया एवं बच्चों को उनके द्वारा किताबें वितरित की गई। सभी बच्चों को जल संचयन एवं जल के उपयोग पर शपथ दिलाई गई एवं बच्चों के उच्च स्तरीय प्रदर्शन की प्रशंसा की। जागरूकता अभियान के तहत स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक से दूर रहो, करो योग रहो निरोग, निपुण विद्यालय एवं सरस्वती वंदना, चलो प्रयागराज ऐगिरी नंदिनी, होली आदि कार्यक्रम में बच्चों ने खूब रंग बिखेरे एवं मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रधानाध्यापक नीलम जैन द्वारा आबकारी निरीक्षक, एडीएम की धर्मपत्नी के अलावा सभी महिला सदस्यों का सम्मान किया। इस दौरान ग्राम प्रधान सुमन राय, प्रधानाध्यापक प्रीति गुप्ता, नीलम गुप्ता, तेजिन्दर कौर, ज्योति व्यास, शोभना शांडिल्य के अलावा प्राथमिक विद्यालय रजवारा की शिक्षिकाएं अंजलि तिवारी, मंजू, ज्योति, नीता, शिक्षामित्र रूपांता, सीमा आदि उपस्थित रही। पूर्व एसएमसी अध्यक्ष धर्मसिंह कुशवाहा को उनके अच्छे कार्य के लिए नवनिर्मित अध्यक्ष बबलेश राय एवं नेहा जैन ने सम्मानित किया।

# कीतिशेष वरिष्ठ पत्रकार स्व. बाबूलाल राठौर की पुण्यतिथि मनायी



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** सुपर मार्केट स्थित अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में कीर्तिशेष वरिष्ठ पत्रकार स्व.बाबूलाल राठौर की पुण्यतिथि मनायी गयी। पुण्यतिथि सभा की अध्यक्षता करते हुये कार्यालय प्रभारी अजित जैन भारती ने स्व.बाबूलाल राठौर जी के जीवन परिचय से जुड़े संस्मरणों को सुनाया। वहीं संरक्षक मण्डल सदस्य मंजीत सिंह सलूजा ने कहा कि स्व.बाबूलाल राठौर जी ने जिले के विकास में अहम योगदान दिया। बताया कि किसी प्रकार वह बेवाक अंदाज से अपने समाचार पत्र में खबरों का संकलन प्रकाशित करते थे। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि अपने मधुर वाणी से वह हर किसी से बात करते थे। संचालन कर रहे प्रेस क्लब महामंत्री अमित सोनी ने भी अपने विचार रखते हुये कहा कि चाचा स्व.बाबूलाल राठौर के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। सभा उपरान्त उत्तर प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त पत्रकार दिनेश संज्ञा के तालबेहट निवासी चचेरे भाई वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार संज्ञा के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। अंत में पत्रकारों ने दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामनायें कीं। इस दौरान पूर्व महामंत्री रवि जैन चुनगी, पूर्व कोषाध्यक्ष रमेश कुमार रायकवार, अजय प्रताप सिंह तोमर, संजय ताम्रकार, दिव्यांश शर्मा, विनोद मिश्रा, कृष्णकांत सोनी, प्रदीप रिछारिया, अमित संज्ञा, सुनील सैनी, शहनाज, अमित लखेरा, अनूप राठौर, मनीष पाठक, शिब्बू राठौर, स्वतंत्र रिछारिया, मनोज जैन, अक्षय अलया, राजेश कुमार राठौर, सोनू ताम्रकार, गनेशराम रजक, रामस्वरूप नामदेव, राममूर्ति तिवारी, निहाल सेन, नीरज कुमार, भगवान सिंह, आशीष तिवारी आदि मौजूद रहे।

# कुछ महत्वपूर्ण संशोधन के साथ एआइपीएमएम ने वक्फ संशोधन विधेयक का किया समर्थन

■ 10 मार्च 2025 को जंतर-मंतर पर होने वाले धरना प्रदर्शन से एआइपीएमएम ने खुद किया अलग

■ वक्फ संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वाले प्रावधान विधेयक में शामिल न हों : आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज

**अवधनामा संवाददाता**




**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ (एआइपीएमएम) की एक महत्वपूर्ण जूम मीटिंग आयोजित हुई। इस मीटिंग की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज़ हनीफ ने की, जबकि मीटिंग के कोऑर्डिनेटर एवं ऑर्गनाइजर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद युनुस थे। बैठक में राष्ट्रीय, प्रदेश, ज़िला स्तर के पदाधिकारी, पसमांदा विचारक एवं पसमांदा एक्टिविस्ट शामिल हुए।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का संगठन समर्थन करता है, लेकिन कुछ महत्वपूर्ण संशोधनों की मांग के साथ। संगठन ने सरकार से आग्रह किया कि वक्फ संपत्तियों को किसी भी प्रकार का नुकसान पहुंचाने वाले प्रावधान विधेयक में शामिल न किए जाएं।

संगठन का मानना है कि वक्फ संपत्तियों का दुरुपयोग और उन पर अवैध कब्जे समाप्त किए जाने चाहिए तथा वक्फ संपत्तियों से मिलने वाली आय को सही दिशा में प्रयोग किया जाना चाहिए, जिससे समाज के वंचित तबकों को वास्तविक लाभ मिल सके। संगठन ने इस धन के उपयोग के लिए निम्नलिखित प्राथमिकताएं तय की हैं जिसमे ग़रीब और बेसहारा पसमांदा मुस्लिम बच्चियों एवं बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और सुधार, आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के उत्थान हेतु योजनाएं इसके अलावा, कुछ सदस्यों का मत था कि वक्फ संशोधन विधेयक को सिलेक्ट कमेटी में भेजा जाए, ताकि इसमें सुधार के लिए सभी पक्षों की राय ली जा सके। संगठन का मानना है कि इस विधेयक पर सिलेक्ट कमेटी में चर्चा होने से इसे और प्रभावी बनाया जा सकता है।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने स्पष्ट रूप से 10 मार्च 2025 को जंतर-मंतर पर होने वाले धरना प्रदर्शन से खुद को अलग रखने का निर्णय लिया है। संगठन ने कहा कि यह प्रदर्शन राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से किया जा रहा है और इसका असली मकसद वक्फ संपत्तियों के सही इस्तेमाल को सुनिश्चित करना नहीं है।

संगठन ने पसमांदा मुस्लिम समाज के युवाओं, बच्चों और बच्चियों से अपील की है कि वे इस प्रकार के धरना प्रदर्शनों का हिस्सा न बनें। संगठन का स्पष्ट मत है कि वक्फ संपत्तियों का मुद्दा धरने-प्रदर्शन से नहीं, बल्कि प्रभावी नीति और पारदर्शी प्रशासन से हल होगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद यूनुस, राष्ट्रीय महासचिव व महाराष्ट्र संयोजक कमरुद्दीन, पूर्व आईएएस आफिसर अनीस अंसारी, कोषाध्यक्ष मोहम्मद इदरीस, राष्ट्रीय सलाहकार डॉ. फैयाज अहमद फैजी, इं. अख्तर हुसैन, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ताहिर हुसैन, मध्य उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अफजल अंसारी, झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष अब्बू शहीद अंसारी, प्रभारी इं. शफकत अली, पसमांदा एक्टिविस्ट अब्दुल्ला मंसूर, जिला अध्यक्ष डॉरु तारिक शाह, शादाब, सलीम मोहम्मद, अबू हुरैरा, अब्दुल रकीब आलम, इरफान अंसारी, शकील लेड़ी, एहतेशाम आदिल लोग उपस्थित रहे।

# पंकज वर्मा बनें अध्यक्ष, फैज महामंत्री तो रंजीत ठाकुर उपाध्यक्ष



मनोनीत प्रेस क्लब अध्यक्ष पंकज वर्मा का स्वागत करते संरक्षक संजीव त्रिपाठी आदि

**अवधनामा संवाददाता**

■ नगर प्रेस क्लव की बैठक में कोर कमेटी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से किया मनोनीत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर प्रेस क्लब गुरसहायगंज की एक बैठक आहूत की गई। जिसमे कोर कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से नगर की कमेटी का गठन किया गया जिसमे पंकज वर्मा को अध्यक्ष एवं फैज खान को महामंत्री मनोनीत किया गया है। मनोनीत पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया। शनिवार को नगर में आयोजित नगर प्रेस क्लब की बैठक में कोर कमेटी के पदाधिकारी संजीव त्रिपाठी, स्वदेश गुप्ता, ज्ञानेंद्र गुप्ता, शकील अहमद एवं रामसेवक बाथम द्वारा नगर की कमेटी के गठन को लेकर चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से पंकज वर्मा को नगर अध्यक्ष एवं फैज खान को महामंत्री को उपाध्यक्ष रंजीत ठाकुर, आफताब खान, नईम खान एवं फहीम खान को कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री रजाउल अली एवं इरशाद खान व एडवोकेट जितेंद्र सिसोदिया को कानूनी सलाहकार मनोनीत किया गया। सभी मनोनीत पदाधिकारियों से कमेटी के संरक्षक शकील अहमद, स्वदेश गुप्ता, ज्ञानेंद्र गुप्ता, संजीव त्रिपाठी, मास्टर रामसेवक बाथम आदि ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सभी मनोनीत पदाधिकारी संगठन के हितों में पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर उमर इदरीसी, रहीस खान, आशुतोष श्रीवास्तव, दानिश अली, नरेन्द्र त्रिपाठी, वारिश, अमन खान आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## स्मार्टफोन यूजर्स सावधान!

# फोन में ये साइन दिखे तो समझ लें, हो रही है स्क्रीन रिकॉर्डिंग

जब भी आप अपने फोन का कैमरा ऑन करते हैं, तो आपको नोटिफिकेशन बार में एक छोटा-सा कैमरा आइकन और ग्रीन लाइट



दिखाई दे सकती है। यह इस बात का संकेत है कि कैमरा इस समय एक्टिव है और कोई ऐप इसका उपयोग कर रही है।

आज के डिजिटल युग में स्मार्टफोन हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि आपका फोन किसी और के कंट्रोल में हो सकता है और आपको इसका अंदाजा तक नहीं लगे? फोन हैकिंग इतनी सिक्रेट तरीके से की जाती है कि यूजर को इस बात का पता ही नहीं चलता कि उसका फोन किसी और की नजरों में है। हालांकि, कुछ संकेत (साइन्स) ऐसे होते हैं जो बताते हैं कि आपका फोन हैक हो सकता है या आपकी स्क्रीन रिकॉर्ड हो रही है। आइए जानते हैं ऐसे ही एक महत्वपूर्ण साइन के बारे में, जिससे आप सतर्क रह सकते हैं।

**कैसे पता चलेगा कि आपकी स्क्रीन रिकॉर्ड हो रही है?**

अगर आपके स्मार्टफोन में स्क्रीन रिकॉर्डिंग ऑन हो जाती है, तो आपको नोटिफिकेशन बार या स्क्रीन पर कुछ अलग तरह के संकेत मिल सकते हैं। इन संकेतों की पहचान करके आप समझ सकते हैं कि आपके फोन की स्क्रीन चोरी-छिपे रिकॉर्ड हो रही है।

**ग्रीन लाइट दिखना- एक अहम संकेत**

अगर आपके फोन की स्क्रीन रिकॉर्ड हो रही है, तो आपके नोटिफिकेशन बार में ग्रीन लाइट दिखाई दे सकती है। यह लाइट तब जलती है जब आपका कैमरा, माइक या स्क्रीन रिकॉर्डिंग फीचर एक्टिव होता है। यह सुरक्षा फीचर कुछ नए स्मार्टफोन्स में दिया जाता है ताकि यूजर को अलर्ट किया जा सके कि कोई ऐप उसकी गतिविधियों को ट्रैक कर रही है।

**कैमरा ऑन होते ही दिखेगा यह संकेत**

जब भी आप अपने फोन का कैमरा ऑन करते हैं, तो आपको नोटिफिकेशन बार में एक छोटा-सा कैमरा आइकन और ग्रीन लाइट दिखाई दे सकती है। यह इस बात का संकेत है कि कैमरा इस समय एक्टिव है और कोई ऐप इसका उपयोग कर रही है। अगर आपने कैमरा ऑन नहीं किया और फिर भी यह साइन दिख रहा है, तो तुरंत अलर्ट हो जाएं और अपने फोन की सेटिंग्स में जाकर जांच करें कि कौन-सी ऐप इसे एक्सेस कर रही है।

**माइक और स्क्रीन रिकॉर्डिंग के दौरान भी मिलेगा यह संकेत**

अगर आपका माइक एक्टिव होता है, तो भी नोटिफिकेशन बार में ग्रीन लाइट और माइक का साइन दिख सकता है। इसी तरह, अगर कोई ऐप आपके फोन की स्क्रीन रिकॉर्ड कर रही है, तो आपको इसी तरह का एक संकेत मिलेगा।

**कैसे बचें फोन हैकिंग और स्क्रीन रिकॉर्डिंग से?**

अगर आपको लगे कि आपके फोन में कोई अनजान ऐप आपकी स्क्रीन रिकॉर्ड कर रही है, तो आप इन स्टेप्स को फॉलो करके अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं-

- अनजान ऐप्स की जांच करें - फोन की सेटिंग्स में जाकर यह चेक करें कि कौन-कौन सी ऐप्स को कैमरा, माइक और स्क्रीन रिकॉर्डिंग की अनुमति मिली हुई है। अगर कोई अनजान ऐप दिखे तो उसे तुरंत हटा दें।

- एंटीवायरस और सिक्योरिटी ऐप का उपयोग करें- अपने फोन में अच्छी सिक्योरिटी ऐप इंस्टॉल करें जो फोन में किसी भी संदिग्ध गतिविधि को पकड़ सके।

- सिक्योरिटी सेटिंग्स को अपडेट रखें- अपने फोन की प्राइवेसी सेटिंग्स को समय-समय पर चेक करें और अनावश्यक ऐप्स को कैमरा और माइक एक्सेस देने से बचें।

- अनजान वाई-फाई नेटवर्क से बचें- कई बार हैकर्स पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क के जरिए आपके फोन तक पहुंच सकते हैं, इसलिए हमेशा सिक्योर नेटवर्क का ही इस्तेमाल करें।

- संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें- अगर आपका फोन अचानक स्लो हो जाए, बैटरी जल्दी खत्म हो, या बिना कारण किसी ऐप का इस्तेमाल बढ़ जाए, तो यह संकेत हो सकता है कि कोई आपका डेटा ट्रैक कर रहा है।

फोन हैकिंग और स्क्रीन रिकॉर्डिंग से बचने के लिए सतर्क रहना बेहद जरूरी है। अगर आपके फोन में ग्रीन लाइट अचानक जलती है और आपको पता नहीं कि कौन-सी ऐप इसे एक्सेस कर रही है, तो तुरंत जांच करें और जरूरी कदम उठाएं। डिजिटल सुरक्षा को हल्के में न लें और हमेशा अपने फोन को अपडेट और सुरक्षित रखें।

# स्पैम कॉल से छुटकारा पाने के लिए सरकार उठाया बड़ा कदम!

## हर एक दिन ब्लॉक किए जा रहे स्पैम कॉल्स



टेलीकॉम विभाग ने जागरुकता बढ़ाने के लिए टेलीकॉम ऑपरेटरों को निर्देश दिया है कि 3 महीने तक कॉल कनेक्ट होने से पहले कॉलर ट्यून की जगह जागरुकता संदेशों का प्रयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि सरकार हर दिन 1.3 करोड़ (13 मिलियन) फर्जी कॉल्स का ब्लॉक किया है।

डिजिटल युग में धोखाधड़ी के मामले काफी बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में टेलीकॉम विभाग और टेलीकॉम नियामक प्राधिकरण कंपनियां स्पैम कॉल्स की समस्या से निपटने के लिए निश्चित तौर पर काम कर रहे हैं। फर्जी कॉल्स के माध्यम से हो रही धोखाधड़ी और ठगी को रोकने के लिए सरकार ने अपनी कोशिशों को तेज कर दिया है। जागरुकता बढ़ाने के लिए टेलीकॉम ऑपरेटरों को निर्देश दिया है कि 3 महीने तक कॉल कनेक्ट होने से पहले कॉलर ट्यून की जगह जागरुकता संदेशों का प्रयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि सरकार हर दिन 1.3 करोड़ (13 मिलियन) फर्जी कॉल्स का ब्लॉक किया है।

**रोजाना 1.3 करोड़ स्पैम कॉल्स ब्लॉक हो रही हैं**

हाल ही में स्पेन के बार्सिलोना में आयोजित मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भाषण दिया। सिंधिया ने संचार साथी पोर्टल की जानकारी शेयर की है, जिसमें उन्होंने बताया कि यह पोर्टल फर्जी कॉल्स को रोकने और चोरी हुए मोबाइल उपकरणों को ट्रैक करने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। इस दौरान, उन्होंने बताया कि फर्जी कॉल्स को ट्रेस और ब्लॉक किया जा रहा है। अब तक 2.6 करोड़ (26 मिलियन) साइबर धोखाधड़ी से जुड़े मोबाइल उपकरणों को ब्लॉक किया गया है। वहीं, 1.6 करोड़ चोरी हुए मोबाइल डिवाइसेज को भी ट्रेस किया गया है। इसके साथ ही हर दिन 1.3 करोड़ स्पैम कॉल्स को रोका जा रहा है।

# रंगों के त्योहार पर जमकर खेलें होली, पानी और रंग कुछ नहीं बिगड़ पाएगा, पहले करें ये इंतजाम



हिंदू धर्म में होली के त्योहार का सबसे ज्यादा महत्व होता है। होली का त्योहार हर्षोल्लास और रंगों का त्योहार। इस लोग सभी शिकवे-गिले मिटाकर जमकर होली खेलते हैं, लेकिन इस दौरान अपने स्मार्टफोन सुरक्षित रखना भी जरुरी है। आइए आपको बताते हैं कैसे अपने स्मार्टफोन को पानी और रंगों से बचाएं? होली का फेस्टिवल आने अब ज्यादा समय बचा नहीं है। होली का पर्व उल्लास और रंगों की बौछार का है। होली के दिन कब, कहां और कैसे पानी या गुलाल आप पर बरस जाए, कोई पता नहीं है। इस त्योहार पर आपका स्मार्टफोन भी गीला हो सकता है। जिससे आपका फोन भी खराब हो सकता है। इसलिए होली के जश्न में डूबने से पहले आप अपने फोन को अच्छे से इंतजाम के साथ रख सकेंगे तो आपका फोन सुरक्षित रहेगा। आइए हम आपको इस लेख में कुछ प्रभावी टिप्स बताने जा रहे हैं, जिससे आपका फोन सुरक्षित रहेगा और आप बिना फिकर के त्योहार का आनंद उठा सकते हैं।

**वायरलेस स्पीकर**

अगर आप होली के दौरान घर के आस-पास हैं, तो आप इस स्थिति में ब्लूटूथ डिवाइस का प्रयोग कर सकते हैं। ज्यादातर ब्लूटूथ वाटरप्रूफ होते हैं, जिससे फोने को बचाया जाता है। वरना सस्ता सा ईयरफोन भी ले सकते हैं और उसी से बात कर सकते हैं। जो कि खराब भी हो जाए, तो ज्यादा नकुसान न हो।

**टेप प्रयोग करें**

आप ऐसा कर सकते हैं कि अपने फोन के सारे खुले हिस्सों को एक टेप लगा कर ढंक दें। जैसे कि माइक, चार्जिंग पोर्ट, हेडफोन जैक, स्पीकर आदि को टेप लगाकर ढंक दें।

**प्लास्टिक बैग**

मार्केट में कुछ ऐसे लिक्विड प्रोटेक्शन वाले प्लास्टिक बैग मिलते हैं जिनका उपयोग आप फोन को सुरक्षित रखने के लिए कर सकते हैं। अगर आप किसी भी तरह का कोई खर्च नहीं करना चाहते तो आप एक छोटा सा प्लास्टिक का पाउच तो जेब में रख ही सकते हैं। ऐसे प्लास्टिक बैग आपको 99 रुपये में मिल जाएंगे।

**लेमिनेशन भी आ सकता है काम**

यह ऑप्शन काफी पुराना है, आप अपने फोन को लेमिनेशन करा दें। हालांकि, इससे फोन की शक्ल खराब हो सकती है, लेकिन महंगे फोन को बचाने के लिए कुछ दिन यदि लेमिनेशन में हो रहे तो कोई हर्ज नहीं। वहीं, लेमिनेशन का खर्च भी काफी कम है।

**क्या करें और क्या ना करें**

यदि आपको फोन पानी में चला जाए तो उसे ऑन करने की गलती ना करें। इसलिए सबसे पहले आप सिम कार्ड और बाकी चीजें हटा सकते हैं। बार-बार फोन की पोजीशन चेंज करते रहें। ऐसा करने से आपके फोन के अंदर घुसा सारा पानी निकल जाएगा। हेयर ड्रायर से सुखाने की भी गलती न करें। फोन को चावल के कंटेनर में रखने की भूल ना करें।

# अब आधार में ऑथेंटिकेशन होगा आसान, नया पोर्टल हो गया लॉन्च



नया आधार पोर्टल आधार सेवाओं में कई बड़े सुधार लेकर आएगा। मंत्रालय का कहना है कि ये आधार को और ज्यादा यूजर फ्रेंडली बनाएगा। लोगों के जीवन को आसान बनाएगा, और आधार से जुड़ी सेवाओं को और बेहतर तरीके से लोगों तक पहुंचाने में मदद करेगा।

आधार में अब ऑथेंटिकेशन और आसानी से हो सकेगा। इसके लिए सरकार ने नया पोर्टल लॉन्च किया है। भारत सरकार ने आधार गुड गवर्नेंस पोर्टल लॉन्च किया है जो ऑथेंटिकेशन रिक्वेस्ट प्रोसेस को पहले से आसान बना देगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के द्वारा इस पोर्टल को लॉन्च किया गया है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का नया आधार पोर्टल आधार सेवाओं में कई बड़े सुधार लेकर आएगा। मंत्रालय का कहना है कि ये आधार को और ज्यादा यूजर फ्रेंडली बनाएगा। लोगों के जीवन को आसान बनाएगा, और आधार से जुड़ी सेवाओं को और बेहतर तरीके से लोगों तक पहुंचाने में मदद करेगा। मिनिस्ट्री का कहना है कि इस नए बदलाव से सर्विस देने, और लेने वाले को भरोसेमंद ट्रांजैक्शन करने में सहायता मिलेगी।

UIDAI के CEO भुवनेश कुमार के अनुसार देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था की विकास दर को बढ़ाने में आधार का बड़ा हाथ है। उन्होंने कहा कि आधार गुड गवर्नेंस पोर्टल को निर्धारित नियमों के अनुसार संस्थाओं द्वारा प्रस्तावों को प्रस्तुत करने और अनुमोदन में आसानी की सुविधा के लिए विकसित किया गाय है। कुमार ने बताया कि आधार दुनिया की सबसे विश्वसनीय डिजिटल आईडी है। पिछले गुजरे दशक में एक अरब से ज्यादा भारतीय आधार पर भरोसा जता चुके हैं। करीब 100 अरब से ज्यादा बार आधार के जरिए ऑथेंटिकेशन हो चुका है।

# इन्फिनिक्स फ्लिप फोन पर बंपर ऑफर!

## डिस्काउंट, एक्सचेंज बोनस और कैशबैक का फायदा उठाएं



इन्फिनिक्स फ्लिप फोन अपने डुअल डिस्प्ले फीचर के कारण खास है। इसमें 6.9 इंच का फुल एचडी+ मेन डिस्प्ले दिया गया है, जो शानदार विजुअल एक्सपीरियंस प्रदान करता है। वहीं, इसका कवर डिस्प्ले 3.64 इंच का है, जो गोरिल्ला विक्टस 2 प्रोटेक्शन के साथ आता है।

अगर आप नया फ्लिप फोन खरीदने की सोच रहे हैं, तो आपके लिए शानदार मौका है। इन्फिनिक्स का नया फ्लिप फोन धांसू फीचर्स और आकर्षक ऑफर्स के साथ उपलब्ध है। इस फोन की खासियत इसका डुअल डिस्प्ले और 50MP का दमदार सेल्फी कैमरा है। अच्छी खबर यह है कि यह फोन 2 हजार रुपये के बैंक डिस्काउंट और कैशबैक ऑफर के साथ आ रहा है। आइए जानते हैं इस डिवाइस के बारे में विस्तार से।

**मिलेगा धांसू कैमरा सेटअप**

कैमरा लवर्स के लिए यह फोन किसी वरदान से कम नहीं है। इस फ्लिप फोन में एलईडी फ्लैश के साथ 50 मेगापिक्सल के दो रियर कैमरे दिए गए हैं, जिससे शानदार फोटो और वीडियो कैप्चर किए जा सकते हैं। वहीं, सेल्फी के लिए भी 50 मेगापिक्सल का दमदार फ्रंट कैमरा दिया गया है, जो आपकी सेल्फी क्वालिटी को नए स्तर पर ले जाएगा।

**मिलेंगे दो शानदार डिस्प्ले**

यह स्मार्टफोन अपने डुअल डिस्प्ले फीचर के कारण खास है। इसमें 6.9 इंच का फुल एचडी+ मेन डिस्प्ले दिया गया है, जो शानदार विजुअल एक्सपीरियंस प्रदान करता है। वहीं, इसका कवर डिस्प्ले 3.64 इंच का है, जो गोरिल्ला विक्टस 2 प्रोटेक्शन के साथ आता है। यह डिस्प्ले फोन के स्टाइलिश लुक को और भी बेहतर बनाता है।

**2 हजार रुपये का बैंक डिस्काउंट**

इस प्रीमियम फ्लिप फोन की मूल कीमत 49,999 रुपये है, लेकिन अगर आप इसे अभी खरीदते हैं तो 2 हजार रुपये के बैंक डिस्काउंट का फायदा उठा सकते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि यह स्मार्टफोन आपको सिर्फ 47,999 रुपये में मिल सकता है।

**कैशबैक के साथ खरीदने का शानदार मौका**

अगर आप इस फोन को और भी किफायती दाम में खरीदना चाहते हैं, तो फ्लिपकार्ट ऐक्सिस बैंक कार्ड का उपयोग करें। इस कार्ड से पेमेंट करने पर 5त्र तक का कैशबैक मिलेगा, जिससे आपकी कुल बचत और भी बढ़ जाएगी।

**तगड़ा एक्सचेंज ऑफर**

अगर आप अपने पुराने फोन को अपग्रेड करना चाहते हैं, तो 48,850 रुपये तक का एक्सचेंज बोनस भी इस फोन पर मिल रहा है। हालांकि, यह एक्सचेंज वैल्यू आपके पुराने फोन की ब्रांड, कंडीशन और कंपनी की एक्सचेंज पॉलिसी पर निर्भर करेगी। अगर आपका पुराना फोन अच्छी स्थिति में है, तो आपको बड़ा डिस्काउंट मिल सकता है।

अगर आप एक प्रीमियम फ्लिप फोन की तलाश में हैं, तो इन्फिनिक्स का यह नया मॉडल आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकता है। डुअल डिस्प्ले, 50MP का कैमरा, दमदार स्टोरेज और शानदार ऑफर्स इसे एक आकर्षक डील बनाते हैं। 2 हजार रुपये के बैंक डिस्काउंट, 5% कैशबैक और 48,850 रुपये तक के एक्सचेंज ऑफर के साथ इसे और भी किफायती बनाया गया है। ऐसे में अगर आप नया स्मार्टफोन खरीदने का प्लान कर रहे हैं, तो यह शानदार मौका आपके हाथ से न जाने दें!

# जियो भारत फोन पर फ्री जियोसाउंडपे, छोटे दुकानदारों को होगी बड़ी बचत

जियोसाउंडपे यूपीआई भुगतान का तत्काल और बहुभाषी ऑडियो अलर्ट प्रदान करेगा। यह सेवा मुख्य रूप से छोटे दुकानदारों, किराना स्टोर्स, सब्जी विक्रेताओं और सड़क किनारे लगे छोटे व्यवसायों के लिए व्यापार को और सरल और सुगम बनाएगी।

भारत के टेलीकॉम सेक्टर में अग्रणी कंपनी जियो ने एक नई और क्रांतिकारी सेवा जियोसाउंडपे लॉन्च की है। यह सेवा विशेष रूप से जियो भारत फोन उपयोगकर्ताओं के लिए पूरी तरह मुफ्त होगी। इस नई तकनीक की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यूपीआई भुगतान का अलर्ट प्राप्त करने के लिए अब किसी साउंड बॉक्स की जरूरत नहीं पड़ेगी। जियोसाउंडपे भारत में किसी भी मोबाइल फोन पर उपलब्ध अपनी तरह की पहली सेवा है, जो छोटे दुकानदारों और व्यापारियों के लिए एक बेहद फायदेमंद विकल्प साबित हो सकती है।

**कैसे काम करेगा जियोसाउंडपे?**

जियोसाउंडपे यूपीआई भुगतान




का तत्काल और बहुभाषी ऑडियो अलर्ट प्रदान करेगा। यह सेवा मुख्य रूप से छोटे दुकानदारों, किराना स्टोर्स, सब्जी विक्रेताओं और सड़क किनारे लगे छोटे व्यवसायों के लिए व्यापार को और सरल और सुगम बनाएगी। आमतौर पर, व्यापारी यूपीआई भुगतान की पुष्टि के लिए साउंड बॉक्स का उपयोग करते हैं, जिसके लिए हर महीने लगभग 125 रुपये का खर्च करना पड़ता है। जियोसाउंडपे के मुफ्त होने से जियो भारत फोन उपयोगकर्ताओं को सालाना लगभग 1,500 रुपये तक की बचत होगी, जिससे छोटे व्यापारियों का आर्थिक बोझ कम होगा और वे डिजिटल पेमेंट को और अधिक अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।

**जियो भारत फोन पर मुफ्त होगा यह फीचर**

जियो भारत फोन को करीब एक साल पहले मात्र 699 रुपये की शुरुआती कीमत पर लॉन्च किया गया था। इसे दुनिया का सबसे किफायती 4G फोन माना जाता है, जो खासतौर पर उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है, जो स्मार्टफोन का उपयोग नहीं करते हैं लेकिन डिजिटल सेवाओं का लाभ उठाना चाहते हैं। जियो का दावा है कि कोई भी व्यापारी अगर नया जियो भारत फोन खरीदता है, तो मात्र छह महीने में इसकी पूरी कीमत वसूल कर सकता है।

जियोसाउंडपे डिजिटल पेमेंट सिस्टम में एक नया और प्रभावी बदलाव लाने जा रहा है। छोटे व्यापारियों और दुकानदारों के लिए यह सेवा सुरक्षित, तेज और किफायती साबित होगी। यूपीआई भुगतान की पुष्टि के लिए अब अलग से साउंड बॉक्स की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे सुविधा के साथ-साथ बचत भी होगी। जियो की यह नई पहल डिजिटल इंडिया को आगे बढ़ाने और देश में कैशलेस इकोनॉमी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# सावधान! होटल रूम में हिडन कैमरा हो सकता है, ऐसे करें पहचान

भारत में घूमने-फिरने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। फूड ब्लॉगर, बाइकर्स, व्लॉगर्स और परिवार के लोग अब महीने-दो महीने में नई जगहों की यात्रा का प्लान बनाते हैं। सफर के दौरान आराम और रात बिताने के लिए होटल बुक करना आम बात हो गई है। लेकिन कई बार आपने सुना या पढ़ा होगा कि किसी होटल के कमरे में छुपा हुआ कैमरा पाया गया। ऐसे मामलों में सबसे ज्यादा खतरा उन लोगों को होता है जो प्राइवेसी को लेकर सजग रहते हैं। छुपे हुए कैमरे से रिकॉर्ड किए गए वीडियो का गलत इस्तेमाल हो सकता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपके स्मार्टफोन की मदद से इन हिडन कैमरों का पता लगाया जा सकता है? जी हां, कुछ आसान ट्रिक्स अपनाकर आप यह जान सकते हैं कि आपके होटल रूम में कहीं कोई गुप्त कैमरा तो नहीं लगा हुआ। आइए जानते हैं कैसे–

**मोबाइल से छुपे कैमरे का पता कैसे लगाएं?**

**1. वाई-फाई नेटवर्क को चेक करें**

अधिकांश हिडन कैमरे वाई-फाई नेटवर्क से जुड़े होते हैं ताकि वे लाइव स्ट्रीमिंग या रिकॉर्डिंग कर सकें। इसीलिए, जब आप होटल रूम में पहुंचें तो सबसे पहले वाई-फाई नेटवर्क को स्कैन करें। इसके लिए–

- अपने स्मार्टफोन या लैपटॉप में वाई-फाई ऑन करें।

- देखें कि कोई अनजान डिवाइस कनेक्टेड तो नहीं है। अगर आपको कोई ऐसा डिवाइस दिखे जो "IP Camera," "Spy Cam," "Hidden Cam" जैसे नाम से जुड़ा हो, तो सतर्क हो जाएं।

- आप "Fing" जैसे ऐप का इस्तेमाल कर सकते हैं, जो नेटवर्क से जुड़े सभी डिवाइसेज की लिस्ट दिखाता है। अगर कोई अज्ञात डिवाइस जुड़ा हुआ हो, तो यह कैमरा हो सकता है।

**2. स्मार्टफोन की टॉर्च से करें जांच**

हिडन कैमरे अक्सर छोटे-छोटे छेदों में छुपाए जाते हैं। इन्हें पहचानने के लिए आप स्मार्टफोन की टॉर्च का इस्तेमाल कर सकते हैं।



- कमरे की लाइट बंद करें और अपने स्मार्टफोन की फ्लैशलाइट ऑन करें।

- धीरे-धीरे दीवारों, आईने, स्पीकर, एलईडी बल्ब, स्मोक डिटेक्टर, पावर सॉकेट आदि पर टॉर्च की रोशनी डालें।

- अगर कहीं पर लाइट रिफ्लेक्ट होती है या कोई असामान्य चमक दिखती है, तो वहां हिडन कैमरा हो सकता है।

3. स्मार्टफोन के कैमरा से करें जांच

कुछ हिडन कैमरे इंफ्रारेड लाइट का इस्तेमाल करते हैं, जो आम आंखों से दिखाई नहीं देती, लेकिन स्मार्टफोन का कैमरा इसे पकड़ सकता है।

- अपने स्मार्टफोन का फ्रंट कैमरा खोलें और कमरे में घुमाएं।

- अगर किसी जगह पर हल्की गुलाबी या बैंगनी लाइट चमकती हुई दिखे, तो वहां हिडन कैमरा हो सकता है।

- रिमोट कंट्रोल टेस्ट- किसी टीवी या एसी के रिमोट का इंफ्रारेड बटन दबाकर अपने फोन के कैमरे से देखें। अगर आपको रोशनी दिखाई देती है, तो इसका मतलब है कि आपका फोन इंफ्रारेड लाइट डिटेक्ट कर सकता है। इसी तरह हिडन कैमरे की जांच भी की जा सकती है।

**4. कैमरा-डिटेक्शन ऐप्स का इस्तेमाल करें**

अगर आपको अपने होटल रूम में छुपे हुए कैमरे की जांच करनी है, तो कैमरा डिटेक्शन ऐप का सहारा ले सकते हैं। ये ऐप्स मैग्नेटिक फील्ड और रेडियो वेव्स की मदद से छुपे कैमरों को पकड़ सकते हैं। कुछ लोकप्रिय ऐप्स हैं

इन ऐप्स को डाउनलोड करने के बाद, अपने कमरे में चेक करें। अगर कोई संदिग्ध इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस या कैमरा पाया जाता है, तो ऐप आपको अलर्ट कर देगा।

**किन जगहों पर हो सकता है हिडन कैमरा?**

होटल रूम में कुछ ऐसी जगहें होती हैं, जहां हिडन कैमरा छुपाए जाने की संभावना अधिक होती है। जैसे,

- स्मोक डिटेक्टर

- टीवी सेट, एसी वेंट्स और लाइट बल्ब के अंदर

- आईने के पीछे

- बेड के सामने रखे शोपीस, घड़ी या चार्जिंग पोर्ट के पास

- वॉल हैंगिंग्स, पेंटिंग्स, और दीवार पर लगे फैंसी आइटम में

अगर आपको किसी भी जगह पर संदिग्ध गतिविधि लगे, तो वहां जांच जरूर करें।

**क्या करें अगर होटल रूम में हिडन कैमरा मिले?**

अगर आपको किसी होटल के कमरे में हिडन कैमरा मिलता है, तो तुरंत नीचे दिए गए कदम उठाएं–

1. होटल स्टाफ को तुरंत इसकी सूचना दें।

2. स्थानीय पुलिस को सूचित करें और कानूनी कार्रवाई की मांग करें।

3. अगर संभव हो तो उस कैमरे की तस्वीरें और वीडियो रिकॉर्ड करके सबूत इकट्ठा करें।

4. होटल चेंज कर लें और अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

आज के डिजिटल युग में हिडन कैमरा जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं।

# 'महिलाओं को एक हत्या करने की दी जाए छूट, शरद पवार की पार्टी ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

**अपराध**

**खडसे ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। उन्होंने हाल ही में मुंबई में 12 वर्षीय लड़की के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की घटना का जिक्र किया।**



**नई दिल्ली।** शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी की महिला विंग की अध्यक्ष रोहिणी खडसे ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लिखे पत्र में कहा कि महिलाएं दमनकारी मानसिकता, बलात्कारी मानसिकता और निष्क्रिय कानून व्यवस्था की प्रवृत्ति को खत्म करना चाहती हैं।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) की महिला शाखा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर अजीबोगरीब मांग कर दी है। महिला शाखा ने महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मद्देनजर एक हत्या के लिए सजा से छूट देने का आग्रह किया है। शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी की महिला विंग की अध्यक्ष रोहिणी खडसे ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लिखे पत्र में कहा कि महिलाएं दमनकारी मानसिकता, बलात्कारी मानसिकता और निष्क्रिय कानून व्यवस्था की प्रवृत्ति को खत्म करना चाहती हैं।

खडसे ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। उन्होंने हाल ही में मुंबई में 12 वर्षीय लड़की के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की घटना का जिक्र किया। खडसे ने पत्र में कहा, ÷हम सभी महिलाओं की ओर से एक हत्या करने पर (दंड से) छूट की मांग कर रहे हैं। इस पत्र का उद्देश्य राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधना है। उन्होंने एक सर्वेक्षण रिपोर्ट का भी हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि भारत महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित देश है क्योंकि उनके खिलाफ अपहरण और घरेलू हिंसा सहित कई अपराध हो रहे हैं। खडसे ने कहा कि हमें उम्मीद है कि हमारी मांग पर गंभीरता से विचार करने के बाद उसे स्वीकार कर लिया जाएगा। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पिछले 10 वर्षों में उनकी सरकार ने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों के लिए मृत्युदंड का प्रावधान करने के लिए कानूनों में संशोधन किया है। मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नवसारी जिले के वांसी बोरसी गांव में एक जनसभा में कहा कि भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।

## ठाणे की अदालत ने सामूहिक बलात्कार मामले में दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने 2017 में एक महिला से बलात्कार के मामले में दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वसुधा एल भोसले ने शुक्रवार को आरोपी सुरेश पांडुरंग गोसावी (40) और उमेश उर्फ राकेश झाला (39) को भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 55,000 रुपये का जुर्माना लगाया। आरोपियों को महिला का अपहरण करने और डकैती का भी दोषी ठहराया गया तथा उन्हें अलग-अलग अवधि के कारावास की सजा सुनाई गई।

न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा कि सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि आरोपी पीड़िता को मुआवजे के रूप में 40,000 रुपये का भुगतान करें।

# पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी की कोशिश नाकाम, एक व्यक्ति की मौत

**महसूस**

**"अपनी जान को खतरा महसूस करते हुए जवान ने अपनी राइफल से गोली चलाई और बदमाश भाग गए।"**

**सिलीगुड़ी।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी की कोशिश को नाकाम करते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक अज्ञात व्यक्ति को मार गिराया और इस मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया। यह घटना शुक्रवार तड़के दार्जिलिंग जिले के खालपारा गांव के पास हुई। बदमाशों ने एक जवान से उसका हथियार छीनने की कोशिश की।

पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी की कोशिश को नाकाम करते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक अज्ञात व्यक्ति को मार गिराया और इस मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया। यह घटना शुक्रवार तड़के दार्जिलिंग जिले के खालपारा गांव के पास हुई। बदमाशों ने धारदार हथियार और लाठियों से हमला कर दिया, उन्होंने पथराव भी किया। बदमाशों ने एक



बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि 15 से 20 बांग्लादेशी बदमाशों के एक समूह ने अवैध रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में काफी अंदर तक प्रवेश कर लिया था। प्रवक्ता ने बताया कि इन लोगों की मवेशियों और प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी के लिए भारतीय क्षेत्र के बदमाशों से साठगांठ है।

उन्होंने बताया कि जब बीएसएफ के गश्ती दल ने उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा तो सभी जवान से उसका हथियार छीनने की कोशिश की। प्रवक्ता ने कहा, ''अपनी जान को खतरा महसूस करते हुए जवान ने अपनी राइफल से गोली चलाई और बदमाश भाग गए।'' उन्होंने बताया कि बीएसएफ का एक जवान 'बुरी तरह घायल' हो गया और एक अज्ञात व्यक्ति का शव मौके पर मिला। उन्होंने बताया कि बांग्लादेशी तस्करों ने सीमा पर लगी सुरक्षा बाड़ को क्षतिग्रस्त कर दिया था।

## गृहमंत्री के निर्देश के बाद एक्शन में दिल्ली पुलिस, बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ जारी है अभियान

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस राजधानी के अलग-अलग इलाकों में रह रहे अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान के लिए सत्यापन अभियान चला रही है। आज दिल्ली पुलिस ने दिल्ली के वसंत कुंज स्थित जय हिंदी कैंप में अवैध प्रवासियों के खिलाफ सत्यापन अभियान चलाया। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने काली बाड़ी मार्ग के पास जेजे कॉलोनी इलाके में सत्यापन अभियान चलाया था। संगम विहार और मंदिर मार्ग में भी इस तरीके का अभियान चलाया जा चुका है।

सब-इंस्पेक्टर रवि मलिक ने बताया कि हम उनके सत्यापन के लिए उनके सभी पहचान-पत्र मांगते हैं। अगर हमें कोई संदिग्ध लगता है, तो उसके पहचान-पत्र सत्यापन के लिए उसके संबंधित जिलों में भेज दिए जाते हैं। अगर हमें कोई अवैध रूप से यहां रहता हुआ मिलता है, तो उसे निर्वासित कर दिया जाता है। उसके सभी विवरणों का सत्यापन किया जाता है। इस वर्ष जनवरी में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पुलिस को राष्ट्रीय राजधानी में रह रहे बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान के लिए एक विशेष मिशन शुरू करने का निर्देश दिया था।

दिल्ली चुनाव में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों का मुद्दा खूब उठा था। भाजपा के सत्ता में आने के साथ ही इसके खिलाफ अभियान में तेजी देखी जा रही है।

वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस के शीर्ष अधिकारियों को राजधानी में बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं सहित अनधिकृत प्रवासियों से निपटने के दौरान स्पष्ट और त्वरित कानूनी दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया। बैठक में शामिल एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, फिलहाल, उन कॉलोनियों में ऑडिट किया जा रहा है, जहां बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं की बड़ी आबादी रहती है। इन अवैध कब्जेदारों को रहने में मदद करने वालों और उन्हें फर्जी दस्तावेज हासिल करने में मदद करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली की महिलाओं के लिए 2500 रुपये वाली योजना को कैबिनेट की मंजूरी, रेखा गुप्ता बोलीं- सभी वादे पूरा करेंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला दिवस कार्यक्रम के दौरान एक सभा को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा मौजूद रहे। इस दौरान रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास सुनिश्चित करने के अपने सभी वादों को पूरा करेगी। हमने स्वास्थ्य, शिक्षा और हमारी नीतियों के मामले में दिल्ली को सुरक्षित और बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करने की योजना बनाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने महिला सुरक्षा बढ़ाने के हर संभव पहलू पर चर्चा की। महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए वन स्टॉप सेंटर स्थापित किया जाएगा। पूरी दिल्ली में पिंक टॉयलेट बनाए जाएंगे। प्रस्तावित महिला समृद्धि योजना के संबंध में दिल्ली मंत्रिमंडल की बैठक 8 मार्च को हुई, जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाली महिलाओं को 2,500 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।



प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी भी मिल गई है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली महिला समृद्धि योजना के अवसर पर एक सभा को संबोधित किया। यह योजना दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनावी वादों में से एक थी।

रेखा गुप्ता ने कहा कि आज महिला दिवस है। आज हमारी कैबिनेट मीटिंग हुई, और हमारी कैबिनेट ने इस योजना को मंजूरी दे दी है जो वादा हमने दिल्ली चुनाव के दौरान किया था कि महिलाओं को 2500 रुपये दिए जाएंगे। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए हमने दिल्ली के बजट में 5100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। हमने एक कमेटी बनाई है, जिसका नेतृत्व मैं करूंगी और इस योजना के लिए जल्द ही रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा - जल्द ही एक पोर्टल लॉन्च किया जाएगा। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि इस योजना को लागू करने के लिए एक साल के लिए 5100 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। अब हम पंजीकरण शुरू करेंगे और इस योजना को लागू किया जाएगा। भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि आज दिल्ली कैबिनेट द्वारा इस योजना के लिए बजट को मंजूरी दे दी गई है। मैं सीएम को धन्यवाद देती हूं और दिल्ली की महिलाओं को बधाई देती हूं। हमारी सभी योजनाएं लागू होंगी।

इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये का भत्ता मिलेगा। 8 मार्च को योजना शुरू होने के बाद उसी दिन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। दिल्ली महिला समृद्धि योजना मध्य प्रदेश में लाडली बहना योजना और महाराष्ट्र में लड़की बहिन योजना सहित अन्य भाजपा शासित राज्यों में किए गए प्रयासों के अनुरूप है।

## कर्नाटक के एक कस्बे में इजरायली पर्यटक के साथ हुआ सामूहिक बलात्कार, साथी यात्री मिला मृत

**बैंगलोर।** कर्नाटक में इजरायली पर्यटक के साथ सामूहिक बालात्कार की घटना सामने आई है। ये घटना छह मार्च की रात को हुई है, जिसमें तीन लोग शामिल थे। तीन लोगों ने मिलकर दो महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार किया है। इस घटना में एक 27 वर्षीय इजरायली पर्यटक और एक होमस्टे मालिक शामिल हैं। यह घटना तब हुई जब वे तीन अन्य यात्रियों के साथ टेक हब बेंगलुरु से लगभग 350 किलोमीटर दूर कोप्पल में एक नहर के शांत किनारे पर तारों को निहार रही थीं।

आरोपियों ने महिलाओं को निशाना बनाने से पहले तीन यात्रियों को नहर में धकेल दिया। जबकि अमेरिका के डेनियल और महाराष्ट्र के पंकज तैरकर बाहर निकलने में कामयाब रहे, ओडिशा के बिबाश डूब गए। उनका शव शनिवार सुबह बरामद किया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस ने बताया कि महिलाएँ सरकारी अस्पताल में भर्ती हैं। कोप्पल के पुलिस अधीक्षक राम एल अरासिद्दी ने बताया, पांच लोगों दो महिलाएँ और तीन पुरुष पर सनापुर के पास हमला किया गया। उनमें से दो विदेशी हैं एक अमेरिकी और दूसरी इज़रायल की महिला। महिला ने अपनी शिकायत में कहा कि मारपीट के अलावा, आरोपियों ने दोनों महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न भी किया।


होमस्टे की मालकिन 29 वर्षीया ने अपनी शिकायत में कहा कि वह और उसके चार मेहमान रात्रि भोज के बाद तुंगभद्रा लेफ्ट बैंक नहर के किनारे तारों को देखने गए थे, तभी आरोपी बाइक पर सवार होकर वहां पहुंचे। शिकायत में कहा गया है कि उन्होंने पहले पूछा कि उन्हें पेट्रोल कहां मिलेगा और फिर यात्रियों से 100 रुपये मांगने लगे। मना करने पर उन्होंने यात्रियों पर हमला किया, पुरुषों को नहर में धकेल दिया और महिलाओं के साथ बलात्कार किया।

# ट्रंप प्रशासन ने सस्ते घरों के प्रोजेक्ट का फंड रोका, अधर में लटकी छह करोड़ डॉलर की परियोजनाएं

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के आवास और शहरी विकास विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि अनुदान पर रोक नहीं लगाई गई है और सिर्फ समीक्षा की जा रही है। अभी ये साफ नहीं है कि फंडिंग पर लगी रोक कब हटेगी।

ट्रंप प्रशासन ने सस्ते घरों के प्रोजेक्ट्स की फंडिंग रोक दी है, जिससे ये परियोजनाएं अधर में लटक गई हैं। ट्रंप प्रशासन ने संघीय सरकार के खर्च को सीमित करने के उद्देश्य से कई विभागों की फंडिंग या तो रोक दी है या फिर उसमें कटौती की है। इसी के तहत ट्रंप प्रशासन ने स्न्ढ्ढष्ठ की फंडिंग रोकी थी और अब माना जा रहा है कि इसलिए ही सस्ते घरों के प्रोजेक्ट की करीब छह करोड़ डॉलर की फंडिंग को रोक दिया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सस्ते घरों के प्रोजेक्ट्स के लिए अमेरिकी सरकार गैर लाभकारी संगठनों को छोटे-छोटे फंड के रूप में आर्थिक मदद देती है। अब ट्रंप प्रशासन ने गैर लाभकारी संगठनों को



जारी होने वाले करीब छह करोड़ डॉलर पर रोक लगा दी है, जिसके चलते ये गैर लाभकारी संगठन जिन घरों का निर्माण कर रहे थे, वो प्रोजेक्ट अब अटक गए हैं। अमेरिका के आवास और शहरी विकास विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि अनुदान पर रोक नहीं लगाई गई है और सिर्फ समीक्षा की जा रही है। अभी ये साफ नहीं है कि फंडिंग पर लगी रोक कब हटेगी।

ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को कोलंबिया यूनिवर्सिटी के 40 करोड़ डॉलर के संघीय अनुदान को भी रोक दिया है। ट्रंप प्रशासन ने यह कार्रवाई यूनिवर्सिटी में यहूदी छात्रों के उत्पीड़न के मामलों से न निपट पाने के चलते की है।

यहूदी विरोधी भावना से निपटने के लिए गठित संयुक्त टास्ट फोर्स ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी के अनुदानों की समीक्षा करने के बाद 3 मार्च को यूनिवर्सिटी के कार्यवाहक अध्यक्ष को इस बारे में सूचित किया था। शिक्षा सचिव लिंडा मैकमोहन ने कहा, 'यहूदी छात्र 7 अक्टूबर से अपने विश्वविद्यालय परिसर में लगातार हिंसा, धमकियों और उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं, लेकिन उन्हें विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नजरअंदाज किया गया। जबकि उन्हें छात्रों की रक्षा करनी चाहिए थी। यदि विश्वविद्यालयों को संघीय राशि प्राप्त करनी है, तो उन्हें सभी संघीय भेदभाव-विरोधी कानूनों का पालन करना होगा।'

## कनाडा के टोरंटो में गोलीबारी, पब में फायरिंग से 12 लोग घायल

**टोरंटो।** पूर्वी टोरंटो के एक पब में गोलीबारी की घटना हुई है। इस गोलीबारी में 12 लोग घायल हुए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात को टोरंटो के स्कारब्रो टाउन सेंटर मॉल के नजदीक स्थित पब में गोलीबारी हुई। घायलों में कई की हालत गंभीर है। हमलावर फरार है, जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार रात करीब 10.40 बजे हुई।

शुरुआत में 11 लोगों के घायल होने की खबर थी, लेकिन बाद में कनाडा पुलिस ने 12 लोगों के घायल होने की पुष्टि की। घायलों में से छह को मामूली चोटें लगी हैं, अन्य की चोटें गंभीर बताई जा रही हैं। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध हमलावर ने काला जैकेट पहना हुआ था और वह एक सिल्वर रंग की कार में भागता हुआ देखा गया। पुलिस ने लोगों को घरों के भीतर ही और चौकन्ना रहने की सलाह दी है।

# उत्तर कोरिया ने पहली बार दिखाई परमाणु पनडुब्बी की झलक

## अमेरिका और दक्षिण कोरिया की बढ़ेगी चिंता

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाली निर्माणाधीन पनडुब्बी को पहली बार दुनिया के सामने पेश किया है। यह घातक हथियार दक्षिण कोरिया और अमेरिका के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। शनिवार को उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस पनडुब्बी की तस्वीरें जारी की। इस दौरान किम जोंग उन ने उस शिपयार्ड का दौरा किया जहां यह युद्धपोत का निर्माण किया जाता है।

कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंस या केसीएनए ने पनडुब्बी से जुड़ी ज्यादा जानकारी साझा नहीं की लेकिन कहा कि किम जोंग उन को इसके निर्माण के बारे में जानकारी दी गई। दक्षिण कोरियाई परमाणु पनडुब्बी विशेषज्ञ मून केउन-सिक सियोल के हानयांग विश्वविद्यालय में पढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पनडुब्बी 6 या 7 हजार टन क्लास की हो सकती है और यह 10 मिसाइलों को ले जाने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि इस तरह के हथियारों को स्ट्रैटिजिक गाइडेड मिसाइल कहा जाता है। आसान भाषा में कहें तो यह परमाणु संपन्न हथियारों



को ले जाने में सक्षम पनडुब्बी है।

किम जोंग उन ने 2021 में एक बड़े राजनीतिक आयोजन के दौरान घातक और एडवांस हथियार विकसित करने की कसम खाई थी ताकि अमेरिका की अगुवाई में मिलने वाली सैन्य चुनौती का सामना किया जा सके। इसी के तहत परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा कई अन्य हथियार भी विकसित किए जा रहे हैं जिनमें अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें, हाइपरसोनिक हथियार, जासूसी उपग्रह और मल्टी-वॉरहेड मिसाइलें शामिल हैं।

उत्तर कोरिया का पानी के नीचे से मिसाइल दागने की क्षमता हासिल करना उसके विरोधियों के लिए चिंता का सबब बन सकता है। इस तरह के हथियारों का दागे जाने से पहले पता लगाना मुश्किल होता है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि भारी प्रतिबंधों और गरीबी का सामना कर रहा नॉर्थ कोरिया न्यूक्लियर पनडुब्बियों के निर्माण के लिए संसाधन और तकनीक कैसे हासिल कर रहा है।

पनडुब्बी विशेषज्ञ मून इस बात का जवाब देते हैं। उनका कहना है कि उत्तर कोरिया यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को सैनिकों और पारंपरिक हथियार की आपूर्ति कर रहा है। इसके बदले में रूस से उसे न्यूक्लियर पनडुब्बी बनाने के लिए जरूरी तकनीक मिल रही है। मून की मानें तो उत्तर कोरिया 1-2 साल में इस पनडुब्बी को लांच कर सकता है ताकि तैनाती से पहले इसकी क्षमताओं को परखा जा सके।

अनुमान के मुताबिक उत्तर कोरिया के पास डीजल से चलने वाली 70-90 पनडुब्बियां हैं जो इसे दुनिया के सबसे बड़े बेड़ों में शुमार करती है। हालांकि, इनमें से ज्यादातर पनडुब्बियां पुरानी हैं जो केवल टॉरपीडो और माइंस लांच करने में सक्षम हैं। इनसे मिसाइल नहीं दागी जा सकती हैं।

## साल 2023 के रेल हादसे को लेकर ग्रीस में बवाल, संसद के बाहर फेंके गए बम

**एथेंस।** ग्रीस के दो शहरों में शुक्रवार को हिंसक भड़क गई। यह हिंसा साल 2023 में हुए रेल हादसे के खिलाफ हुई। हिंसा के दौरान ग्रीस की राजधानी एथेंस में संसद के बाहर बम फेंके गए। यह हिंसा ग्रीस की संसद में सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने के दौरान हुई। पुलिस ने हिंसक प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस और स्टन ग्रेनेड दागे और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। वहीं प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों पर पेट्रोल बम फेंके।

ग्रीस की संसद में 2023 के रेल हादसे को लेकर तीन दिवसीय बहस चल रही थी। इस बहस में शुक्रवार को जैसे ही प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने बोलना शुरू किया, उसके कुछ देर बाद ही झड़पें शुरू हो गईं। शुक्रवार देर रात घोषित नतीजों के अनुसार, सरकार 157-136 वोट के अंतर से सरकार बचाने में सफल रही।

# पाकिस्तान में गहराया जल संकट, जल प्राधिकरण ने किसानों को दी चेतावनी- 35 फीसदी तक हो सकती है कमी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अभी गेहूं की फसल की बुवाई चल रही है, ऐसे में पानी की कमी का व्यापक असर पड़ सकता है। हालांकि बीते दिनों हुई बारिश से किसानों को थोड़ी राहत मिली है। पाकिस्तान की जीडीपी में कृषि की हिस्सेदारी 24 फीसदी है।

पाकिस्तान इन दिनों पानी की कमी से जूझ रहा है। अब पाकिस्तान के जल प्राधिकरण ने देश के किसानों से अपील की है कि इस साल 35 प्रतिशत तक पानी कम उपलब्ध रहेगा, ऐसे में वे हालात के लिए तैयार रहें। दरअसल पाकिस्तान के दो प्रमुख जलाशयों में पानी की भारी कमी है। पाकिस्तान के जल प्राधिकरण की यह चेतावनी ऐसे समय आई है, जब पाकिस्तान में गेहूं की फसल का मौसम चरम पर है, लेकिन इस फसल के लिए ज्यादा पानी की जरूरत है।

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, इंडस रिवर सिस्टम अथॉरिटी ने



शुक्रवार को पंजाब और सिंध के किसानों को 35 फीसदी पानी की कमी के लिए तैयार रहने को कहा है। पाकिस्तान के तरबेला और मंगला बांधों में तेजी से पानी तय मानकों से कम हो रहा है। प्राधिकरण ने सिंचाई सचिवों को पत्र लिखकर यह जानकारी दी है। इंडस रिवर सिस्टम अथॉरिटी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, तरबेला बांध में पानी का स्तर 1409 फीट है, जो तय न्यूनतम मानकों से सिर्फ नौ फीट ज्यादा है। तरबेला बांध में 17 हजार क्यूसेक पानी आता है, वहीं बांध से 20 हजार क्यूसेक पानी निकाला जाता है।

इसी तरह से मंगला बांध में अपने न्यूनतम जल स्तर से महज 28 फीट ज्यादा ही पानी मौजूद है। मंगला बांध में हर रोज 16,400 क्यूसेक पानी आता है और बांध से रोजाना 18 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाता है। यही वजह है कि दोनों जलाश्यों में तेजी से पानी कम हो रहा है। इसरा ने आशंका जताई है कि कुछ ही दिनों में दोनों जलाश्यों में पानी अपने न्यूनतम स्तर को छू सकता है। पाकिस्तान में अभी गेहूं की फसल की बुवाई चल रही है, ऐसे में पानी की कमी का व्यापक असर पड़ सकता है। हालांकि बीते दिनों हुई बारिश से किसानों को थोड़ी राहत मिली है। पाकिस्तान की जीडीपी में कृषि की हिस्सेदारी 24 फीसदी है। साथ ही पाकिस्तान में विदेशी मुद्रा आय का सबसे बड़ा स्त्रोत भी खेती ही है।

# दक्षिण कैरोलिना में 15 साल बाद फायरिंग स्क्वाड ने पहली बार कैदी को दी मौत की सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के दक्षिण कैरोलिना में हत्या के दोषी ब्रैड सिगमॉन (67) को शुक्रवार को फायरिंग स्क्वाड के जरिए मौत की सजा दी गई। यह अमेरिका में पिछले 15 वर्षों में पहली बार हुआ है जब किसी कैदी को इस तरीके से फांसी दी गई। तीन स्वयंसेवी जेल कर्मियों ने राइफलों से सिगमॉन को गोली मारी, जिसे शाम 6:08 बजे मृत घोषित किया गया। सिगमॉन ने 2001 में अपनी पूर्व प्रेमिका के माता-पिता की हत्या कर दी थी। उसने पुलिस को बताया था कि वह अपनी प्रेमिका को रोमांटिक वीकेंड पर ले जाने और फिर उसे और खुद को मारने की योजना बना रहा था।

सिगमॉन ने 2001 में अपनी पूर्व प्रेमिका के माता-पिता को ग्रीनविल काउंटी स्थित उनके घर में बेसबॉल बैट से मार डाला था ताकि उनकी बेटी का अपहरण किया जा सके। उसने पुलिस को बताया कि वह उसे एक रोमांटिक वीकेंड पर ले जाने की योजना बना रहा था, फिर उसे और खुद को मार देने का प्लान था।

सिगमॉन के वकीलों ने कहा कि उसने फायरिंग स्क्वाड को इसलिए चुना क्योंकि बिजली की कुर्सी उसे



जिंदा पका देगी, और उसे डर था कि उसकी नसों में पेंटोबार्बिटल का घातक इंजेक्शन लगाने से उसके फेफड़ों में तरल पदार्थ और रक्त का प्रवाह बढ़ जाएगा। दक्षिण कैरोलिना में घातक इंजेक्शन विधि का विवरण गुप्त रखा जाता है, और सिगमॉन ने गुरुवार को राज्य के सर्वोच्च न्यायालय से इस कारण से अपनी सजा को रोकने का अनुरोध किया। लेकिन उसकी याचिका खारिज कर दी गई। सजा के दौरान सिगमॉन को काले जंपसूट में एक कुर्सी पर बैठाया गया। उसके सिर पर हुड और छाती पर सफेद रंग का एक लाल निशान लगा था। तीन बंदूकधारी जेल कर्मी 15 फीट की दूरी से एक साथ गोली चलाई। गोली लगने के बाद सिगमॉन ने कुछ गहरी सांसें लीं, और उसके सीने पर लाल धब्बे दिखाई देने लगे। लगभग 90 सेकंड बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। फांसी के गवाहों में पीड़ित परिवार के तीन सदस्य, सिगमॉन का वकील, आध्यात्मिक सलाहकार और मीडिया के तीन सदस्य शामिल थे। सिगमॉन ने अपनी अंतिम बयान में ईसाई समुदाय से मौत की सजा खत्म करने की अपील की।

# एक दिन की बीएसए बनीं दीपिका विश्वकर्मा

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दीपिका विश्वकर्मा कक्षा-5, कम्पोजिट विद्यालय तारा(उमरी) मुफ्तीगंज को एक दिन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बनाया गया। यह दिवस विशेष कर महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा व प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के रूप में मनाया जाता है। बीएसए डॉ गोरखनाथ पटेल ने छात्रा को एक दिन के लिए बीएसए बनने पर शुभकामनाएं दी। कंपोजिट विद्यालय तारा उमरी की छात्रा दीपिका विश्वकर्मा ने बेसिक शिक्षा अधिकारी बनकर विभागीय कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिया। दीपिका विश्वकर्मा ने कार्यों की समीक्षा की और जानकारी प्राप्त की। दीपिका ने अपने प्रभावी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने छात्रा की प्रतिभा से मंत्र मुग्ध होकर छात्रा के लिए रू0 11000 धनराशि फिक्स डिपॉजिट करने की बात कही जिसका प्रयोग वह 18 वर्ष पूर्ण होने पर कर सकेगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने दीपिका को इनाम स्वरूप रू0 5100 रुपए की धनराशि प्रदान की। दीपिका विश्वकर्मा ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि वह भविष्य में पढ़ लिख कर अपने माता पिता का नाम रौशन करना चाहती हैं। उसने कहा कि आज बेसिक शिक्षा अधिकारी की कुर्सी पर बैठकर मुझे बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है। मैं सभी बहनों से अपेक्षा करती हूं कि वह भी पढ़ लिखकर अच्छे पदों पर आसीन होकर समाज, देश व महिलाओं और बच्चों की सेवा करें, जिससे हमारा देश आत्मनिर्भर बन सकें।

# महिला दिवस के अवसर पर किया गया महिलाओं का सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** बांदा में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं का उत्साहवर्धन कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम बांदा नगर क्षेत्र के लोहिया पुल के पास कान्हा कुंज गेस्ट हाउस में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति रहे, जिसमे जिला प्रभारी मितेश कुमार, सुरेश कान्हा जिला प्रभारी गौ रक्षा समिति, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शिवानी सिंह, राकेश कुमार त्रिपाठी जिला महामंत्री(गौ रक्षा), महेश धुरिया जिला उपाध्यक्ष(गौ रक्षा) की मुख्य रूप से सहभागिता रही। आज के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सम्मान प्रदान करना तथा समाज में उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों की सराहना कर उनका उत्साहवर्धन करना रहा। कार्यक्रम में महिलाओं को फूल-माला पहनाकर एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति ने कहा कि आज समाज में महिलाओं ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है और लगातार ही महिलाएं अपनी सफलता के झंडे गाड़ रही हैं। एसोसिएशन के जिला प्रभारी मितेश कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस वर्ष 2025 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम है ÷ कार्रवाई में तेजी लाना ÷। यह थीम धीमी प्रगति के बजाय साहसिक, निर्णायक कार्यों के माध्यम से लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालती है, वहीं दूसरी तरफ महिलाओं को और आगे बढ़कर सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेना चाहिए तथा अपने जिले, राज्य एवं देश का नाम रोशन करना चाहिए, हालांकि महिलाओं ने अपनी मेहनत और लगन से कई बार अपने देश का नाम दुनिया में रोशन किया है और आगे भी करती रहे ऐसी हम सबकी शुभकामनाएं हैं। महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शिवानी सिंह ने महिलाओं को बधाई दी एवं सभी की तरफ से शुभकामनाएं ज्ञापित कर महिलाओं का मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम में सुरेश कान्हा की मुख्य भूमिका रही और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए तमाम व्यवस्थाएं मुहैया कराई। इस दौरान कार्यक्रम में वंदना गुप्ता, हीरा गुप्ता, शोभा, अनीता शुक्ला, रंजना श्रीवास्तव, मोती गुप्ता, राधा जी, वंदना त्रिपाठी, किरण सेठी, रंजना सिंह गौतम, संगीता गुप्ता, पिंकी प्रजापति, नीलम, रीना, रूप गोयल जी, संध्या धुरिया, मंजू शर्मा, निशा शर्मा, शिवानी, आरती सिंह, किरण सेठी सहित अन्य महिलाएं शामिल रहीं।

## शारदा पीठाधीश्वर ने किया कुंदन कृत मैहर देवी चालीसा का लोकार्पण

**आजमगढ़।** माँ शारदा शक्तिपीठ मैहरधाम के पीठाधीश्वर दाऊ सरकार पवन पांडेय ने सुप्रसिद्ध कवि पं. सुभाष चन्द्र तिवारी कुंदन द्वारा रचित 'मैहर देवी चालीसा' का लोकार्पण किया। नगर के निकट बयासी स्थित श्रीजी मैरेज लान में आयोजित कार्यक्रम में दाऊ सरकार ने कहा कि माँ की कृपा से ही लेखन कार्य होता है। कुंदन ने माँ की प्रेरणा से श्री मैहर देवी चालीसा की रचना की है। उन्होंने रचनाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं सराहनीय लेखन के लिए कुंदन जी को बधाई देते हुए कहा कि चालीसा के प्रतिदिन पाठ से जीवन की अनेक बाधाएं दूर होंगी और कल्याण होगा। रचनाकार पं. सुभाष चन्द्र तिवारी कुंदन ने लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सृष्टि और जीवन का मूल आधार शक्ति है।माँ शारदा शक्तिपीठ मैहर के सम्बन्ध में यह मान्यता है कि मैहर में सती का हार गिरा था। इस कारण सती दाह प्रसंग को आधार बनाकर इसकी रचना की गई है। उन्होंने बताया कि देवी के अनन्य भक्त ब्रह्मलीन सिद्धसंत श्री देवीप्रसाद जी को चालीसा समर्पित है। कार्यक्रम संयोजक रवि कुमार श्रीवास्तव ने लोगों का स्वागत किया।

# मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल द्वारा सुनी गई जनता की शिकायतें



अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम में आज दिनांक 08.03.2025 को जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर श्रीमान मंडलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल अजीत कुमार द्वारा थाना बिसंडा पर जनशिकायतों को सुना गया, इस दौरान कुल 08 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें टीम गठन करते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जेऽरिभा व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा थाना बबेरु जनशिकायतें सुनी गई इस दौरान कुल 08 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष 03 शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम का गठन किया गया है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा कोतवाली नगर पर जनता की शिकायतें सुनी गईं। थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 62 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम का गठन किया गया। जिलाधिकारी बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा थाना बबेरु पर जनशिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु संबंधित को किया गया निर्देशित।

# सशक्त नारी सुरक्षित समाज विषय पर निकाली गई महिला जागरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसके अंतर्गत मध्यान 12:00 बजे से वन स्टाफ सेंटर प्रयागराज के प्रांगण में सशक्त नारी सुरक्षित समाज विषय पर महिला जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें लगभग 150 महिलाओं एवं बालिकाओं ने अपनी सहभागिता दी। जागरूकता रैली को गीता विश्वकर्मा, सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। राजकीय बाल गृह एवं राजकीय महिला शरणालय प्रांगण में अपराह्न 1:30 से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पोस्टर /आलेखन प्रतियोगिता और वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थाओं के बच्चों द्वारा सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि श्री दिनेश कुमार गौतम, माननीय सचिव, जिला विधिक प्राधिकरण, प्रयागराज एवं विशिष्ट अतिथि सुश्री शिखा चौधरी, माननीय प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर ने बोर्ड द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सराहा गया तथा अच्छे प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं एवं महिलाओं को पुरस्कार भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली समस्त बालिकाओं एवं महिलाओं को मुख्य अतिथि के द्वारा मिष्ठान एवं फल का वितरण किया गया। महिला कल्याण विभाग एवं विज्ञान फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से वन स्टॉप सेंटर परिसर में अपराह्न 2:00 बजे से महिला सशक्तिकरण विषय पर पोस्टर लेखन, खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के ग्रामीण क्षेत्र से लगभग 100 से अधिक बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि श्री दिनेश कुमार गौतम, माननीय सचिव/एडीजे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के लिए कार्य कर रहे 5 महिलाओं को मोमेंटो एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वजीत सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी, नितेश यादव सेंटर मैनेजर तथा संस्थाओं के प्रभारी व महिला कल्याण विभाग तथा विज्ञान फाउंडेशन के कर्मचारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# महिलाएं सशक्त होंगी, तभी होगा समाज का विकास : प्रो. मानस

अवधनामा संवाददाता

**व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग में महिला सशक्तिकरण पर संगोष्ठी**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग में ÷वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महिला सशक्तिकरण की दशा एवं दिशा÷ विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. मानस पांडेय ने कहा कि समाज का सशक्तिकरण तब तक संभव नहीं जब तक महिलाएं सशक्त न हों। उन्होंने कहा कि सरकार महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आर्थिक योजनाओं के माध्यम से ऋण उपलब्ध करा रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने देश की कई महिलाओं का नाम लेते हुए बताया कि अपने काबिलियत से आज भी उच्च पदों पर आसीन हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना समाज और देश का विकास संभव नहीं होगा। विशिष्ट वक्ता डॉ. आशुतोष सिंह ने कहा कि 2001 को महिला सशक्तिकरण वर्ष घोषित किया गया था और इससे संबंधित राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई थी। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह और गैर-सरकारी संगठन महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करने में सहायक रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इससे महिलाओं को निर्णय लेने की स्वतंत्रता और आत्मसम्मान प्राप्त होता है। कार्यक्रम में डॉ. निशा पांडे ने स्वागत उद्बोधन दिया और महिलाओं के आत्म-सम्मान की रक्षा हेतु शपथ दिलाई। संचालन दीपांजलि ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राकेश उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, डॉ. सुशील कुमार सिंह, प्रिंस सिंह, हर्ष एवं डॉ. नितिन चौहान उपस्थित रहे।

# प्रयागराज यूनिट ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, सीजीएम प्रयागराज पश्चिम,देवेंद्र सिंह, और सीजीएम प्रयागराज पूर्व, ए. बी. सरण ने सम्मेलन हॉल में एक बैठक का आयोजन किया, जिसमें ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर और कार्यालयों की सभी महिला कर्मचारी और सभी अधिकारी शामिल हुए। इस दिन को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया, जिससे छ्ख्ख्ड्ड्ड्ढ की महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को फिर से रेखांकित किया गया। इस वर्ष, 08-03-2025 को, हम बीजिंग घोषणा की 30वीं वर्षगांठ मनाते हैं। तीस वर्ष पहले, 1995 में, 189 देशों के नेताओं ने महिला और लड़कियों के लिए हर जगह समान अधिकारों, अवसरों, शक्ति और सुरक्षा का वादा किया था, जो चौथी विश्व महिला सम्मेलन के दौरान किया गया था। बैठक की अध्यक्षता माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय की अधिवक्ता प्रीति ने की, जिन्होंने विभिन्न कानूनी प्रावधानों पर चर्चा करते हुए महिलाओं के लिए उपलब्ध अधिकारों और सुविधाओं को उजागर किया। इस अवसर पर महाधिवक्ता श्रीमती जिज्ञासा सिंह भी उपस्थित रहीं। ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर और फील्ड यूनिट की महिला अधिकारियों ने छ्ख्ख्ड्ड्ड्ढ में स्वस्थ और समावेशी कार्य वातावरण की सराहना की, और संगठन का हिस्सा बनकर अपनी संतोष और खुशी साझा की। प्रयागराज इकाई की महिला अधिकारियों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने व्यक्तिगत विचार साझा किए, जिसमें उन्होंने अपने अनुभवों, चुनौतियों और कार्यस्थल में हासिल की गई उपलब्धियों पर चर्चा की। उन्होंने DFCCIL द्वारा प्रदान किए गए अवसरों के लिए आभार व्यक्त किया और संगठनों के समावेशी और सहायक कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। कई अधिकारियों ने लिंग समानता, पेशेवर विकास और कार्य-जीवन संतुलन के महत्व पर जोर दिया, और रेलवे क्षेत्र में प्रभावी योगदान देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने सहकर्मियों को उत्कृष्टता की ओर प्रयास जारी रखने और अपने-अपने क्षेत्रों में बाधाओं को तोड़ने के लिए प्रेरित किया।ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर में, महिला अधिकारी बोर्ड कंट्रोलर्स के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जो ट्रेन संचालन को विभागीय नियंत्रण कार्यालयों से सफाईपूर्वक प्रबंधित करती हैं और स्टेशन मास्टरों को कुशल रेलवे संचालन सुनिश्चित करने के लिए मार्गदर्शन करती हैं। सिग्नलिंग और टेलीकॉम विभाग में महिलाएं सिग्नल और टेलीकॉम उपकरणों का रखरखाव करती हैं, जिससे संचार और संचालन की दक्षता सुनिश्चित होती है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ द्वारा मा0 जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पाण्डेय की अध्यक्षता में आज जनपद न्यायालय परिसर आजमगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायिक अधिकारीगण, बैंक पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण, न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ मा0 जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके तथा वाग्देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत आम आदमी के लिए उपलब्ध एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र है, जिसके माध्यम से विवाद का निपटारा निःशुल्क व त्वरित किया जाता है। लोक अदालत में दिया गया फैसला अन्तिम होता है। उसके खिलाफ किसी उपरी न्यायालय में अपील नहीं होती है। लोक अदालत में दिये गये फैसले सुलह-समझौते के आधार पर होते हैं इसलिए पक्षकारों के बीच मतभेद भी समाप्त हो जाते हैं। इसमें न कोई जीतता है और न ही कोई हारता है। लोक अदालत में निस्तारण हेतु कुल 113161 वाद चिन्हित किये गये थे, जिसमें कुल 95957 वाद निस्तारित हुए तथा रू0 154275339 धनराशि का समझौता हुआ। प्रीलिटिगेशन स्तर पर 81357 तथा कोर्ट से 14600 दीवानी व फौजदारी वाद, राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित हुए।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का हुआ सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (खेतासराय)** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर क्षेत्रभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में विकासखंड शाहगंज सोंधी के सभागार में विशेष सम्मान समारोह हुआ, जिसमें समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह ने पंचायत सहायक, बीसी सखी, बैंक सखी, समूह सखी सहित अन्य महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बीएमएम संदीप द्विवेदी, रवींद्र कुमार, अरुण कुमार, कमलाकांत, विजय कुमार यादव, रहमान मन्नू समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बीसी कमलाकांत ने किया।महिला दिवस के उपलक्ष्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी से प्रभात फेरी भी निकाली गई, जो खेतासराय चौराहे पर संपन्न हुई। रैली में महिलाएं नारी का हो सदा सम्मान जैसे नारे लगाते हुए आगे बढ़ीं।

इसके बाद आयोजित संगोष्ठी में डॉ. समरीन सहला ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। डॉ. फिरदौसिया ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं के बिना समाज और सृष्टि की कल्पना भी नहीं की जा सकती, इसलिए हर व्यक्ति को महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सूर्य प्रकाश यादव, डॉ. मसूद अहमद खान, डॉ. फैजान अंसारी, अवधेश कुमार तिवारी, रश्मि सेठ, विनीता, राधेश्याम टंडन, राहुल, अंकुर श्रीवास्तव, सुजीत मौर्य समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## जिला गंगा समिति द्वारा विशेष अभियान

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुंभ, संगम प्रयागराज में पर्यावरण और गंगा स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए नमामि गंगे के तहत जिला गंगा समिति द्वारा 45 दिन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह ने बताया कि इन कार्यक्रमों में प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी, रैली आदि शामिल थे जिनका उद्देश्य तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों को गंगा स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। जिला गंगा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में स्वच्छता और हरित कुंभ का संदेश देने का पूर्ण प्रयास किया गया।नमामि गंगे प्रदर्शनी में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत एक भव्य डिजिटल प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें देश-विदेश से आए लोगों को गंगा और उसके संबंधित जानकारी व जिला गंगा समिति के कार्यों की प्रदान की गई। स्वच्छता रैली कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें गंगा सेवा दूत और नमामि गंगे के हितधारकों ने भाग लिया। इस रैली में स्लोगन के माध्यम से संगम में श्रद्धालुओं को गंगा स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।नदी की स्वच्छता को बनाए रखने हेतु स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय लोगों को नदी में प्लास्टिक, कूड़ा-कचरा आदि न फेंकने के लिए प्रोत्साहित किया गया। महाकुंभ के दौरान घाट और नमामि गंगे प्रदर्शनी में युवाओं द्वारा प्रभावशाली नाट्य के माध्यम से उपस्थित लोगों के लोगो को गंगा और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया।नमामि गंगे प्रदर्शनी में आ रहे श्रद्धालुओं से महाकुंभ और गंगा नदी के स्वच्छता पर समय-समय पर संगोष्ठी और विचार भी साझा किए गए। साथ ही पर्यावरण अनुकूल पहल के तहत नमामि गंगे के कपड़े के थैले वितरित किए गए।जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह ने बताया कि महाकुंभ में आयोजित पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित कार्यक्रमों से लोगों में एक सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना पैदा की और लोगों ने सराहा और सकारात्मक प्रतिक्रिया भी दी।

## महिलाओं ने भाजपा राज में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी पर किया आंदोलन



**प्रयागराज।** तर्राष्ट्रीय कामगार महिला दिवस के अवसर पर आज प्रगतिशील महिला संगठन के झंडे तले महिलाओं ने गोहनिया में रैली निकाली और अपनी आवाज बुलंद की।हाथों में बैनर वह शक्तियां लिए जोश के साथ अंतर्राष्ट्रीय कामगार महिला दिवस जिंदाबाद, के नारे लगाए गए। साथ में नारी पर अत्याचार बंद करो; महिलाओं से भेदभाव बंद करो; मनुवादी पुरुष प्रधानता मुर्दाबाद; बराबर काम, बराबर दाम देना होगा; बिजली के मनमाने बिल वापस लो; स्मार्ट मीटर वापस लो; बकाया बिल माफ करो; समूह के बकाया कर्ज माफ करो; समूह का ब्याज दर कम करो; मनरेगा मजदूरी 600 करो, 200 दिन काम दो; आशा, आंगनबाड़ी, रसोईया व सफाईकर्मी को न्यूनतम सरकारी मजदूरी 26,000 रुपए महीना दो; कम फीस वाले सरकारी महिला कॉलेज खोलो, की मांगें उठाई गई। रैली को संबोधित करते हुए वंदना निषाद ने भाजपा सरकार द्वारा बढ़ाई जा रही बेरोजगारी और महंगाई के बीच गरीब परिवारों पर महंगे ब्याज वाले समूह के कर्ज बोझ को बढ़ाने, बिजली के बढ़े हुए मनमाने बिल भेज कर अवैध वसूली करने, स्मार्ट मीटर लगाने और घरों के कनेक्शन काटने कड़ी निंदा की।रैली में थाना प्रभारी सोनी, वंशिका, शालू, सविता, रुखसाना, श्याम कुमारी, मंजू, विनीता, आदि ने नेतृत्व किया।

## नायब तहसीलदार वीरेंद्र कुमार सरोज ने समाधान दिवस पर सुनी जनता की फरियादें



**मुबारकपुर,आजमगढ़।** जिले के थाना मुबारकपुर स्थानीय थाना प्रांगण में समाधान दिवस के उपलक्ष में आए प्रार्थना पत्रों की जनसुनवाई करते हुए नायब तहसीलदार वीरेंद्र कुमार सरोज ने मौके पर ही दो मामलों को तुरंत निस्तारण कराया शेष प्रार्थना पत्र हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को मौके पर जाकर निस्तारण करने का आदेश दिया नायब तहसीलदार वीरेंद्र कुमार सरोज ने कहा की शासन के मंशानुरूप निस्तारण करना हमारी जिम्मेदारी है इस मौके पर थाना प्रभारी निहार नंदन कुमार राजस्व निरीक्षक सरजू प्रसाद शर्मा, राजस्व निरीक्षक कुलदीप यादव,लेखपाल अमिता पांडेय, उर्दू बाबू मुसर्रत हुसैन आदि लोगों की उपस्थिति रही समाधान दिवस पर कुल आधा दर्जन से अधिक प्रार्थना पत्र पड़े थे सभी प्रार्थना पत्र राजस्व से संबंधित थे।

## अभियुक्तों के घर पुलिस ने धारा 82 की नोटिस चस्पा

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में अपराध पर नियंत्रण लगाने हेतु विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कोर्ट के आदेश पर मुकदमों में वांछित फरार चल रहे अभियुक्तों के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा की गयी। इसी क्रम में एक मुकदमें से संबंधित अभियुक्त आसिफ पुत्र मुन्ना कुरैशी निवासी कस्बा व थाना देवगांव के घर 82 सीआरपीसी की नोटिस चस्पा की गयी। इसी क्रम में एक मुकदमा से संबंधित अभियुक्त मोइनुद्दीन उर्फ बाबू पुत्र स्व.जब्बार निवासी ग्राम नत्थूपुर थाना जीयनपुर के घर 82 सीआरपीसी की नोटिस चस्पा की गयी। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर नोटिस चस्पा करते हुए डुग्गुगी पिटवाई गयी।

# डीएम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर का औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका, ओपीडी रजिस्टर, और दवाओं के स्टाक रजिस्टर सहित अन्य स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। सभी चिकित्सकों के कक्ष में क्रमवार जाकर ओपीडी व्यवस्था देखी और पाया कि सभी चिकित्सकों के द्वारा ओपीडी देखी जा रही थी। जिलाधिकारी के द्वारा दवाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई और निर्देशित किया गया कि किसी भी दशा में बाहर की दवाई ना लिखी जाए। पैथालॉजी लैब के निरीक्षण के दौरान पाया कि आज कुल 158 जांचे की गई थी। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन मरीजों को चिकित्सकों के द्वारा एक्सरे करने के लिए कहा गया है उनका शत प्रतिशत एक्स रे जांच की जाए। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सकों को निर्देश दिया कि समय से स्वास्थ्य केन्द्र पर उपस्थित होकर मरीजों का अच्छे से ईलाज किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मरीजों के बेडशीट समय से बदल दिये जाये और स्वास्थ्य केन्द्र पर नियमित रूप से सफाई होती रहे। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी संजय दुबे , डॉ रविंद्र पांडे,डॉ कुणाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सदर विधायक के प्रयास से बाँदा के विकास को लगे पंख

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी व जिला अध्यक्ष भाजपा संजय सिंह एवं अध्यक्षा नगर पालिका बाँदा श्रीमती मालती गुप्ता बासू द्वारा संयुक्त रूप से पूर्व में स्वीकृत महारानी अवन्तीबाई चैक, कालू कुआँ से राजा खेत सिंह खंगार चैक, पल्हरी बाईपास तक के चौडीकरण एवं सुदृढीकरण के कार्य का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। सदर विधायक श्री प्रकाश द्विवेदी द्वारा बताया गया कि इस स्वीकृत परियोजना के अन्तर्गत लगभग 3.1 किलोमीटर रोड को फोर लेन करते हुये इसका चैड़ीकरण एवं सुदृढीकरण किया जायेगा तथा इस परियोजना की कुल लागत रू0 2280.70 लाख है। मा0 विधायक जी द्वारा बताया गया कि इस परियोजना के पूर्ण होने से निश्चित ही नगर वासियों को अतिक्रमण की समस्या से निजात मिलेगा एवं आमजनमानस को इस मार्ग पर अवागमन में सुगमता होगी। इस मार्ग के चैड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड बांदा द्वारा कराया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि इस मार्ग पर पडने वाली पुलियों का जीर्णोधार करते हुये मध्य में 1.5 मीटर चैडे डिवाइडर का निर्माण किया जायेगा तथा डिवाइडर के दोनो तरफ 07-07 मीटर चैडे मार्गो का निर्माण करते हुये इसको कैटआई एवं थर्मोस्टेट व रेडियम पट्टियों से सुसज्जित किया जायेगा तथा साथ ही साथ मार्ग के दोनो ओर लगभग 1.5 किलोमीटर लम्बे नालो का भी निर्माण प्रस्तावित किया गया है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा में माइक्रोसॉफ्ट के इंडिया डेवलपमेंट सेंटर कैंपस का शिलान्यास किया



**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज नोएडा में माइक्रोसॉफ्ट के प्रस्तावित इंडिया डेवलपमेंट सेंटर (आईडीसी) कैंपस का शिलान्यास किया। इससे माइक्रोसॉफ्ट और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच प्रौद्योगिकी और आर्थिक विकास के क्षेत्र में सहयोग को नई दिशा मिली और भारत को एआई-फर्स्ट नेशन बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

नोएडा का यह प्रस्तावित कैंपस 15 एकड़ में बनेगा, जिसका बिल्ट-अप एरिया 11 लाख वर्ग फीट होगा। यह कैंपस एआई, क्लाउडएवं सुरक्षा के क्षेत्र में उन्नति के लिए एक हब के रूप में काम करेगा। इससे भारत में माइक्रोसॉफ्ट आईडीसी की उपस्थिति को विस्तार मिलेगा। प्रस्तावित नोएडा कैंपस के साथ माइक्रोसॉफ्ट भारत की एआई क्षमता को मजबूती देने और इंजीनियरिंग प्रतिभाओं एवं डिजिटल नवाचार को समर्थन देने की दिशा में अपने प्रयास को आगे बढ़ाएगी।

इस अवसर पर माइक्रोसॉफ्ट आईडीसी के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं प्रेसिडेंट राजीव कुमार ने कहा, 'हमारे नोएडा स्थित नए कैंपस का शिलान्याससमारोह माइक्रोसॉफ्ट की एआई प्रौद्योगिकी के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है, जो सभी समुदायों, व्यवसायों और नागरिकों को लाभान्वित करेगा। इस प्रस्तावित कैंपस में पूरे भारत एवं विश्व की प्रतिभाएं आएंगी और उन्हें एआई, क्लाउडएवं सुरक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने के लिए सशक्त बनाया जाएगा। इससे पूरी दुनिया में करोड़ों लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हम इस सपने को साकार करने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार एवं नोएडा प्राधिकरण की ओर से मिले सहयोग की सराहना करते हैं। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए हम माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हैं। इस प्रस्तावित विस्तार के साथ हम डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को गति देने, एआई में कौशल विकास के अवसरों को बढ़ावा देने, उत्तर प्रदेश सरकार के साथ साझेदारी को मजबूत करने तथा भारत को एआई-फर्स्ट नेशन बनाने में सहयोग करने के लिए तत्पर हैं।'

## लखनऊ नगर निगम ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित



**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लखनऊ नगर निगम द्वारा महिला सम्मान दिवस के रूप में नगर निगम मुख्यालय में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं, जबकि नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में सम्मिलित हुए। इस आयोजन में लखनऊ स्वच्छता अभियान की 19 महिला सफाई मित्रों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए माननीय महापौर द्वारा सम्मानित किया गया। इन महिलाओं को उनके समर्पण, कठिन परिश्रम और समाज में स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने अपने संबोधन में कहा, महिलाएं समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। आज का दिन उनके समर्पण और संघर्ष को पहचानने और सम्मानित करने का है। महिला सफाई मित्रों का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कहा, हमारे सफाई मित्र समाज की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इनका योगदान असाधारण है और हम इन महिलाओं के संघर्ष और समर्पण को सम्मानित करने के लिए गर्व महसूस करते हैं।

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वित्तीय समावेशन में महिला बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स के सहयोग का मनाया जश्न



**लखनऊ।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक भारत में बैंकिंग की उपलब्धता बढ़ाने और सभी लोगों को बैंकिंग के दायरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मिशन में महिलाओं की अहम भूमिका है, और बैंक यह सुनिश्चित करता है कि उनका देशभर में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में अहम सहयोग रहे। इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर, एयरटेल पेमेंट्स बैंक महिलाओं की इसी अहम भूमिका का जश्न मना रहा है, जो वित्तीय सेवाओं को बढ़ाने में मदद कर रही हैं। खासतौर पर महिला बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स जिन्होंने बैंकिंग और वंचित समुदायों के बीच की दूरी को कम करने में अहम योगदान दिया है। बैंक ने लखनऊ में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की बेहतरीन महिला बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स को सम्मानित किया जो अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सुश्री निक्की झा, असिस्टेंट लेबर कमीशनर, उत्तर प्रदेश, और सुश्री सोनाली दास, जनरल मैनेजर - वित्तीय समावेशन एवं विकास विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, लखनऊ, ने अपनी प्रेरणादायक उपस्थिति और उत्साहवर्धक शब्दों से बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स के हौसलों को बुलंद किया। पिछले कुछ वर्षों में, एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने 5 लाख से ज्यादा बैंकिंग पॉइंट्स के साथ देश के सबसे दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाई हैं। इन बैंकिंग पॉइंट्स को बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स द्वारा संचालित किया जाता है, जिन्हें बैंकिंग सेवाएं देने के लिए प्रशिक्षित कर अधिकार दिया जाता है। उतार प्रदेश में, बैंक 127,000 से भी ज़्यादा बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स के साथ काम कर रहा है, जिनमें से लगभग 21,500 से भी ज्यादा महिलाएं हैं। इनमें से 80त्न से ज्यादा महिला बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स ऐसे क्षेत्रों में काम कर रही हैं, जहां बैंकिंग सुविधाएं बहुत कम या ना के बराबर हैं।शिल्पी कपूर, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने बताया कि, ÷एयरटेल पेमेंट्स बैंक में, हम मानते हैं कि वित्तीय समावेशन सिर्फ बैंकिंग सेवाओं को लोगों तक पहुंचाना नहीं है, बल्कि यह लोगों के जीवन में बेहतरीन बदलाव लाने का एक बहुत बड़ा जरिया है। हमारी महिला बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स इस बदलाव की अगुवाई कर रही हैं, जो जरूरतमंद समुदायों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने और जमीनी स्तर पर भरोसा बनाने का काम कर रही हैं।

## फीनिक्स यूनाइटेड वुमेंस प्रीमियर लीग सीजन 4 आज से शुरू



**लखनऊ।** फीनिक्स यूनाइटेड वुमेंस प्रीमियर लीग इनडोर क्रिकेट टूर्नामेंट में शहर के स्कूल, कॉलेज और क्लब की महिलाओं ने हिस्सा लिया और 4 हफ्तों तक रोमांचक मुकाबलों में इनकी टीमें एक-दूसरे से भिड़ीं। पहले तीन हफ्तों तक हर शनिवार और रविवार को स्कूल, कॉलेज और क्लब की टीमों के बीच क्वालिफायर मुकाबले खेलकर चौथे हफ्ते के वीकेंड पर हर कैटेगरी की टॉप टीमें सेमी-फाइनल में भिड़ीं, और इसके अगले दिन शानदार फाइनल मुकाबला हुआ।

इस टूर्नामेंट में हर कैटेगरी की विजेता टीम को इनाम की धनराशि, शानदार ट्रॉफी, और पहली व दूसरी रनर-अप टीमों को भी ट्रॉफी दी जाती है। साथ ही, हर टीम के सभी खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट भी दिए जाते हैं, ताकि उनकी मेहनत और जोश को सराहा जा सके।

फीनिक्स मिल्स के सीनियर सेंटर डायरेक्टर श्री संजीव सरीन ने इस मौके पर कहा,यह टूर्नामेंट सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि महिला खिलाड़ियों के आत्मविश्वास और खेल कौशल को आगे बढ़ाने का एक शानदार मंच है। इस लीग में स्कूल और यूनिवर्सिटी की कुल 27 टीमें हिस्सा लेंगी 7 हमें गर्व है कि हम इस आयोजन का हिस्सा हैं।

## महिला दिवस के मौके पर महिला उद्यमियों को सशक्त करने के लिए वेस्टीज ने की 'हैशटैग वीमेन ऑफ वेस्टीज' की शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी घरेलू डायरेक्ट सेलिंग कंपनी वेस्टीज मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड ने देशभर में महिला उद्यमियों को सशक्त करने के लिए हैशटैग वीमेन ऑफ वेस्टीज (#WomenOfVestige) पहल की शुरुआत की है। अपने बड़े कैंपेन 'गर्व से कहो हम हैं वेस्टीज' के तहत 'हैशटैग वीमेन ऑफ वेस्टीज' का लक्ष्य महिला डिस्ट्रीब्यूटर्स का सम्मान करना और डायरेक्ट सेलिंग में सफलता के लिए जरूरी कौशल, जानकारी एवं संसाधनों से लैस करते हुए उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाना है।

वित्तीय आजादी एवं समावेश के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता के साथ हैशटैग वीमेन ऑफ वेस्टीज के तहत कारोबारी समझ, वित्तीय साक्षरता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर फोकस करते हुए विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम का संचालन किया जाएगा। इस कैंपेन के तहत ऐसी सफल महिलाओं की कहानी को भी सबके सामने लाया जाएगा, जिन्होंने चुनौतियों का सामना करते हुए कारोबार में सफलता पाई है। इससे अन्य महत्वाकांक्षी उद्यमी प्रेरित होंगे।

इस कैंपेन की लॉन्चिंग के मौके पर वेस्टीज मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं संस्थापक श्री गौतम बाली ने कहा, 'हर दिन 2,000 से ज्यादा महिलाएं वेस्टीज परिवार से जुड़ती हैं और अवसरों एवं असीम विकास की दुनिया में कदम रखती हैं। हैशटैग वीमेन ऑफ वेस्टीज के माध्यम से हम अपनी महिला डिस्ट्रीब्यूटर्स के अंदर गर्व की भावना का संचार कर रहे हैं और उन्हें अपने सफर, अपनी उपलब्धियों और महत्वाकांक्षाओं को साझा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

## श्रीराम लाइफ का खुदरा कारोबार अप्रैल-दिसंबर 2024 में 49% बढ़ा



**लखनऊ।** विविध बिक्री के बल पर, श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अप्रैल-दिसंबर 2024 की अवधि के लिए अपने खुदरा नए कारोबार को बढ़ाकर 865 करोड़ रुपये कर दिया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 49% की वृद्धि है।

अप्रैल-दिसंबर 2024 की अवधि के लिए, कंपनी के प्रमुख फोकस क्षेत्र व्यक्तिगत नए व्यवसाय एपीई में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 49% की वृद्धि हुई, जो निजी उद्योग की तुलना में 19% अधिक है। अप्रैल-दिसंबर 2024 के लिए कुल प्रीमियम 21% की वार्षिक वृद्धि के साथ 2,782 करोड़ रुपये रहा।

क्रमिक रूप से, तीसरी तिमाही में समूह व्यवसाय से कंपनी का प्रीमियम Q2 से दोगुना से अधिक बढ़कर 174 करोड़ रुपये से 336 करोड़ रुपये हो गया। बीमाकर्ता ने अपनी तीसरी तिमाही के लिए 322 करोड़ रुपये की व्यक्तिगत नई व्यवसाय प्रीमियम आय की सूचना दी। व्यक्तिगत और समूह पॉलिसियों दोनों के लिए नवीनीकरण प्रीमियम पिछली तिमाही के 447 करोड़ रुपये की तुलना में 494 करोड़ रुपये रहा। QxFY25 में कुल प्रीमियम त्त2 में 952 करोड़ रुपये से 21% बढ़कर 1,151 करोड़ रुपये हो गया।

## टाटा प्ले के-ड्रामा पर देखिए आई एम नॉट ए रोबोट, समर स्ट्राईक, फ्लॉवर ऑफ एविल और बहुत कुछ

**लखनऊ।** रोमांचक एक्शन, हास्य और के-पॉप के साथ कोरियन मनोरंजन का आनंद लीजिए, वो भी अपने घर बैठकर। विभिन्न शैलियों में अनेक शीर्षकों के साथ टाटा प्ले के-ड्रामा (पहले टाटा प्ले विदेशी कहानियाँ के नाम से मशहूर) आपके लिए लेकर आया है, सबसे दिलचस्प कोरियन मनोरंजन। इस नई श्रृंखला में कोरिया के सबसे लोकप्रिय कार्यक्रम एक ही छत के नीचे देखने को मिलेंगे। समर स्ट्राईक, आई एम नॉट ए रोबोट और डबलू - टू वल्ड्र्स एपार्ट जैसे रोचक कार्यक्रमों के साथ अनलॉक माई बॉस जैसे एक्शन और फ्लॉवर ऑफ एविल, 365 - रिपीट द ईयर के साथ-साथ शानदार के-पॉप परफॉर्मेंस–यहां हर किसी के लिए कुछ न कुछ देखने और आनंद लेने के लिए है! इसलिए कोरियन मनोरंजन का अनुभव पाने के लिए तैयार हो जाईये क्योंकि केवल टाटा प्ले के-ड्रामा आपके लिए सियोल से लेकर आ रहा है, पूरी तरह से विज्ञापनमुक्त मनोरंजन।सबसे अच्छी बात यह है कि विदेशी कहानियाँ अब टाटा प्ले के-ड्रामा में तब्दील हो गई हैं। मौजूदा दर्शक हिंदी, तेलुगू, तमिल और कोरियाई भाषा में उसी चैनल संख्या 151 पर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के इस सेवा का आनंद ले सकेंगे। जबकि नए दर्शक प्रतिदिन 2 रुपये का मामूली शुल्क देकर इस सेवा की सदस्यता ले सकते हैं। ये सभी कार्यक्रम टाटा प्ले मोबाईल ऐप पर भी उपलब्ध होंगे।

## अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ ने महिलाओं में कैंसर की शुरुआती जाँच के लिए मिशन संकल्प किया लॉन्च




**लखनऊ।** लखनऊ के अग्रणी स्वास्थ्य संस्थान,अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स, ने मिशन संकल्प की शुरुआत की है, जो महिलाओं में स्तन और सर्वाइकल कैंसर की शुरुआती पहचान और रोकथाम पर केंद्रित है। इस पहल की घोषणा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में की गई, जिसमें महिलाओं में बढ़ते कैंसर की दर को रोकने के लिए नियमित जांच के महत्व पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की महिला कल्याण, बाल विकास और पोषण मंत्री, श्रीमती बेबी रानी मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने जागरूकता और जांच की आवश्यकता पर बल दिया। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत में महिलाओं में स्तन और सर्वाइकल कैंसर सबसे अधिक पाया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 5 में से 3 कैंसर मरीज इस बीमारी के कारण अपनी जान गंवा देते हैं, जिससे लगभग 60% की उच्च मृत्यु दर दर्शाई जाती है। अनुमान है कि 2050 तक भारत में कैंसर से संबंधित मृत्यु दर वर्तमान 64.9 प्रति 100,000 जनसंख्या से बढ़कर 109.6 प्रति 100,000 हो सकती है। इस अवसर पर श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने कहा, यह महिलाओं में होने वाले आम कैंसर से लड़ने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उत्तर प्रदेश में स्तन और सर्वाइकल कैंसर के मामले सबसे अधिक हैं, लेकिन जांच की दर चिंताजनक रूप से कम है। सरकार इस दिशा में लगातार प्रयास कर रही है, और जागरूकता फैलाने के लिए कदम उठा रही है, लेकिन अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ द्वारा 40 वर्ष से अधिक उम्र की सभी महिलाओं के लिए मुफ्त जांच की यह पहल हमारे प्रयासों को मजबूती प्रदान करेगी और इस बीमारी के बोझ को कम करने में मदद करेगी। यह प्रयास निश्चित रूप से महिलाओं को अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करेगा। अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ के एमडी और सीईओ, डॉ. मयंक सोमानी ने शुरुआती जांच के महत्व पर जोर देते हुए कहा, वर्तमान में, उत्तर प्रदेश में केवल 1.5% महिलाएं सर्वाइकल के कैंसर की जांच करवाती हैं, और केवल 1% महिलाएं स्तन कैंसर की जांच करवाती हैं।

## इशारा', फीनिक्स पलासियो में नया मेनू अनडिवाइडेड पंजाब, यादों के साथ अनूठा स्वाद




बेहतरीन खाने के लिए मशहूर इशारा ने लखनऊ के फीनिक्स पलासियो में अपने खास पॉप-अप 'अविभाजित पंजाब' का आयोजन किया है। इस अनोखे मेनू को शेफ शेरी मेहता ने तैयार किया है, जिसमें विभाजन से पहले के पंजाब के पारंपरिक और अब लगभग भूले-बिसरे व्यंजनों का स्वाद मिलेगा।

इस खास मेनू का विचार शेफ शेरी मेहता और बेलोना हॉस्पिटैलिटी के संस्थापक, श्री प्रशांत इस्सर की बातचीत के दौरान आया। दोनों ने अपने बचपन के ज़ायकों को याद करते हुए यह तय किया कि पंजाब की समृद्ध खाने की परंपरा को एक नए अंदाज़ में पेश किया जाए।

फीनिक्स पलासियो हमेशा अपने मेहमानों को बेहतरीन खाने का अनुभव देने की कोशिश करता है। इशारा का 'अविभाजित पंजाब' मेनू, पंजाबी खानपान की विरासत को नए रूप में पेश करने का एक शानदार तरीका है। इस खास मेनू की शुरुआत कांजी से होती है, जो न केवल पारंपरिक पंजाबी पेय है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद माना जाता है। इसके बाद बीबी कौर दे आलू, जो मसालेदार आलू का अनोखा स्वाद देते हैं।

## पोको M7 5G: हर भारतीय के लिए स्मार्टफोन का सबसे बेहतरीन अपग्रेड

**लखनऊ।** एक ऐसा स्मार्टफोन जो पावर, स्टाइल और भविष्य के लिए तैयार 5G प्रदान करता है-यह सब आपको आपके बजट में फिट होने वाली कीमत पर मिलेगा! भारत के सबसे तेजी से बढ़ते कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड, पोको ने पोको M7 5G की फर्स्ट सेल की घोषणा की है। पोको M7 5G यंग अचीवर्स, स्टूडेंट्स और रोज़ाना के यूजर्स के लिए डिज़ाइन किया गया एक फीचर-पैक डिवाइस है जो कम में अधिक चाहते हैं। केवल 9,999 में Flipkart पर विशेष रूप से उपलब्ध, पोको M7 5G उन लोगों के लिए एकदम सही अपग्रेड है जो एक बड़े डिस्प्ले, शानदार प्रदर्शन और भविष्य के लिए तैयार 5G के साथ एक शक्तिशाली स्मार्टफोन की तलाश में हैं-वह भी एक ऐसी कीमत पर जो मायने रखती है।

सीमित समय के लिए फर्स्ट सेल ऑफर्स!

अविश्वसनीय लॉन्च प्राइस 6GB+128GB, 9,999 में 7 8GB+128GB, 10,999 में - पहले दिन के लिए विशेष बिक्री कीमत, पोको M7 5G आखिरकार पूरे भारत में यूजर्स के लिए सबसे स्मार्ट विकल्प क्यों है?, आपका अब तक का सबसे बेहतरीन अपग्रेड-चाहे आप 4त्न से बदल रहे हों या एक सामान्य स्मार्टफोन से अपग्रेड कर रहे हों, पोको M7 5G आपको बजट प्राइस में बेहतरीन फोन की ताकत देता है।

## हिल्टन गार्डन इन, लखनऊ में 'रॉयल राजस्थान' फूड फेस्टिवल की भव्य शुरुआत



**लखनऊ।** लखनऊ के हिल्टन गार्डन इन में आयोजित 'रॉयल राजस्थान' फूड फेस्टिवल ने शहरवासियों को राजस्थान के पारंपरिक और शाही स्वादों से रूबरू कराया। यह फेस्टिवल 8 मार्च से 15 मार्च तक चलेगा। इस विशेष फेस्टिवल में, 2024 के कलिनरी पुरस्कार विजेता शेफ किशोर शर्मा ने राजस्थान की मशहूर व्यंजनों को अपने अनोखे अंदाज में परोसा। इसके साथ ही होटल हिल्टन गार्डन के जर्नल मैनेजर श्री योगेशवर भट मौजूद रहे फेस्टिवल में आए मेहमानों को राजस्थान की पारंपरिक शाकाहारी और मांसाहारी व्यंजनों का अनुभव करने का मौका मिला। मांसाहारी व्यंजनों में तीखे लाल मांस, खास राजस्थानी मसालों से बनी मछली जयसमंदी, सफेद मांस ने मेहमानों को खासा प्रभावित किया।

वहीं, शाकाहारी व्यंजनों में राजस्थान की पहचान दाल-बाटी चूरमा, खस्ता प्याज़ कचौरी और मसालेदार मिर्ची बड़ा ने लोगों का दिल जीत लिया। इसके अलावा, राजस्थानी थाली में शामिल केर-सांगरी, मसालेदार गट्टे की सब्ज़ी, पौष्टिक बाजरे की रोटी और मिठाई में घेवर ने खाने के अनुभव को कई गुना बढ़ा दिया। भोजन के साथ-साथ माहौल भी पूरी तरह राजस्थानी रंग में रंगा हुआ था। पारंपरिक सजावट और मेहमानों के लिए खास आतिथ्य ने इस फेस्टिवल को और भी यादगार बना दिया।

## एयर इंडिया समूह ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कई पूर्णतः महिला प्रबंधित उड़ानें शुरू कीं

**गुरुग्राम।** एयर इंडिया समूह ने कार्यस्थल पर समावेशिता के महत्व को सुदृढ़ करने, विविधता के प्रति टाटा समूह की प्रतिबद्धता को कायम रखने और अपने कर्मचारियों के लिए समान अवसर को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के प्रदर्शन के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 की थीम सएक्सेलरेटएक्शन के अनुरूप, एयर इंडिया समूह ने हवा और जमीन पर सभी कार्यों में सभी महिला टीमों द्वारा प्रबंधित उड़ानों के साथ आसमान में उड़ान भरी, साथ ही महिला कर्मचारियों के लिए कई पहलों और महिला यात्रियों के लिए विशेष प्रस्तावों का अनावरण भी किया। चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मार्गों पर एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित 18 उड़ानों का प्रबंधन सभी महिला टीमों द्वारा किया गया, जिनमें पायलट, केबिन क्रू, विमान पर सभी महिला चालक दल के लिए ड्यूटी निर्धारित करने वाले क्रू रोस्टर योजना विश्लेषक, उड़ान डिस्पैचर और एक मौसम विज्ञानी शामिल थे, जो प्रस्थान से आगमन तक उड़ानों की योजना बनाते और निगरानी करते थे, चालक दल के नियंत्रक उड़ान ड्यूटी समय और आराम आवश्यकताओं के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी चालक दल पर नज़र रखते थे और एक महिला करनरेशंस कंट्रोल ड्यूटी मैनेजर एयर इंडिया के संचालन के दिन की देखरेख करती थी। जिन गंतव्यों के लिए ये उड़ानें संचालित की गईं उनमें सबसे लम्बी दूरी का मेलबोर्न, लंदन हीथ्रो, दम्मम, मस्कट, रास अल खैमाह, अबू धाबी, वाराणसी, पुणे, विशाखापत्तनम, कोलकाता, बागडोगरा, भुवनेश्वर, विजयवाड़ा और गुवाहाटी शामिल हैं। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक तथा एयर इंडिया एक्सप्रेस के अध्यक्ष कैंपबेल विल्सन ने कहा- ÷एयर इंडिया समूह में, हम इस बात पर गर्व करते हैं कि महिलाओं का आगे बढ़कर नेतृत्व करना अपवाद नहीं बल्कि एक आदर्श है। महिला वाणिज्यिक पायलटों की संख्या के मामले में भारत दुनिया में सबसे आगे है और एयर इंडिया समूह इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। हम एक विविध, न्यायसंगत और समावेशी कार्यबल के पोषण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और प्रमुख निर्णय लेने वाली भूमिकाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जो हमारी परिवर्तन यात्रा को आगे बढ़ा रहा है। एयर इंडिया के कुल कार्यबल में 46% महिलाएं हैं, पायलटों में 16%, जो वैश्विक औसत से लगभग तीन गुना है, ग्राउंड सेवाओं में 21% कर्मचारी, वित्त में 27% और डिजिटल और प्रौद्योगिकी प्रभाग में 22% महिलाएं हैं, और ये सभी संख्याएं एयर इंडिया के टाटा समूह में वापस आने के बाद से काफी बढ़ गई हैं।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने केयर टुडे के साथ मिलकर मेगा रक्तदान अभियान का आयोजन किया



एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स अपने लाइफ्स गुड व्हेन लाइफ्स शेयर्ड नामक पैन इंडिया मेगा रक्तदान अभियान के माध्यम से समुदाय में एक महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यह पहल स्वैच्छिक रक्तदान को प्रेरित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है और अब तक भारत भर में 50 से अधिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। फरवरी 2025 में ही लगभग 5,000 पंजीकरण किए गए, जिसके परिणामस्वरूप 3,000 से अधिक रक्त यूनिट्स का दान हुआ। इस अभियान को युवाओं का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ है, जिसमें छात्र, हृस्ऱ सदस्य और यहां तक कि शिक्षकों ने भी इस नेक कार्य में सक्रिय रूप से भाग लिया है। रक्तदान शिविर विभिन्न शहरों में आयोजित किए गए, जिनमें दिल्ली एनसीआर, राजस्थान, लुधियाना, चंडीगढ़, रांची, सीकर, कोलकाता, मणिपाल, सूरत, राजकोट, अहमदाबाद और अन्य शहर शामिल हैं। यह शिविर मार्च 2025 तक आयोजित किए जाएंगे, ताकि यह पहल और भी अधिक समुदायों तक पहुंचे। कुछ प्रमुख शैक्षिक संस्थान जिन्होंने इस अभियान का जबरदस्त समर्थन किया है। कैम्पस आधारित शिविरों के अतिरिक्त, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने सरकारी कार्यालयों में भी रक्तदान शिविरों का आयोजन किया है, जिनमें ITO कार्यालय और दिल्ली पुलिस मुख्यालय शामिल हैं। समुदाय कल्याण के महत्व को और बढ़ावा देने के लिए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली के AIIMS में एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा।

## 'नेवर ड्रिंक एंड ड्राइव': ISWAI और उत्तर प्रदेश राज्य अधिकारी होली को सुरक्षित बनाने के लिए सड़क सुरक्षा उपायों को और मजबूत कर रहे हैं



**लखनऊ।** इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइंस एसोसिएशन ऑफ इंडिया, जो भारतीय प्रीमियम अल्कोहलिक बेवरेज इंडस्ट्री की एक प्रमुख प्रतिनिधि संस्था है, ने उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ साझेदारी में अपने 'नेवर ड्रिंक एंड ड्राइव' अभियान के अगले चरण की शुरुआत की। जनवरी 2025 की शुरुआत में शुरू हुआ यह अभियान जिम्मेदार शराब उपभोग को बढ़ावा देने और उत्तर प्रदेश में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए समर्पित है।

राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या काफी अधिक है, विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों पर, जहां शराब पीकर गाड़ी चलाने की घटनाएं कुल दुर्घटनाओं का 2.5त्न हिस्सा बनती हैं। ISWAI और उत्तर प्रदेश सरकार के इस संयुक्त प्रयास का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना, शिक्षा प्रदान करना और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यवहार परिवर्तन को प्रेरित करना है। त्योहारों के दौरान शराब का सेवन सामाजिक परंपराओं का हिस्सा रहा है। ISWAI जिम्मेदार मद्यपान को बढ़ावा देने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। होली जैसे त्योहारों के दौरान शराब पीकर गाड़ी चलाने की घटनाओं में वृद्धि देखी जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए, #NeverDrinkAndDrive अभियान के माध्यम से ISWAI और उत्तर प्रदेश प्रशासन लोगों को यह संदेश देना चाहता है कि त्योहारों की खुशी कभी भी सुरक्षा की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ISWAI के CEO संजीत पाधी ने कहा, होली आनंद और एकता का पर्व है, लेकिन यह सड़क सुरक्षा के साथ समझौता करने का समय नहीं है। जिम्मेदार उत्सव का अर्थ है सही निर्णय लेना, विशेष रूप से शराब पीकर वाहन न चलाना। हम युवाओं से आग्रह करते हैं कि वे जिम्मेदारी से त्योहार मनाएं और नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं। ISWAI रोड शो और सार्वजनिक सहभागिता के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। हम यूपी ट्रैफिक पुलिस को ब्रेथ एनालाइज़र उपकरण भी उपलब्ध करा रहे हैं ताकि प्रवर्तन को मजबूत किया जा सके।

# पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय बेहरा डाबर में वार्षिकोत्सव की धूम

अवधनामा संवाददाता



- प्रधानाध्यापक स्वतंत्र तिवारी के द्वारा ड्रम सेट झाल और सिटी के लय में कराया गया पीटी
- बच्चों द्वारा लोक नृत्य फर्री क्षेत्र में चर्चा का विषय रहा

**खोरीबारी।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय बेहरा डाबर में वार्षिकोत्सव खेलकूद संस्कृतिक कार्यक्रम शारदा संगोष्ठी सहित कार्यक्रम का विस्तृत आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश यादव ने दीप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी राजेश यादव ने कहा की विद्यालयों में कार्यक्रम से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है । कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एशोशिएशन की जिला संयोजक शशि किरण ने कहां कि विद्यालय मे ऐसे कार्यक्रम होते रहने से बच्चों के नेतृत्व क्षमता के साथ उनका संपूर्ण विकास होता है । इस अवसर पर बच्चों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया ।बच्चों द्वारा ड्रम की धुन तथा झाल की ताल और सिटी के साथ क्रमबद्ध पी0टी0 प्रदर्शन रोचक रहा। बच्चों द्वारा लोक नृत्य फरूही धोती बनियान पर मुकेश शनि सोनू आनन्द सत्यम द्वारा जिस अंदाज में प्रस्तुत किया गया उसे उपस्थित जन समुदाय को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी में लक्ष्मी तिवारी और हरिओम तिवारी ने तथा हिन्दी में बभनौली कला की प्रधानाध्यापिका शशि किरण ने किया। कार्यक्रम के आयोजक प्रधानाध्यापक स्वतंत्र तिवारी ने बच्चों को पुरस्कार वितरण कराया तथा बच्चों को विशेष भोजन की व्यवस्था के साथ-साथ सभी आगंतुकों के जलपान की व्यवस्था किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये वरिष्ठ सहायक अध्यापक रामसेवक शर्मा ने कहा बच्चे भारत के भविष्य है ऐसे कार्यक्रमो से इनका उत्साह बढ़ता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान अमीन अंसारी, प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी, वरिष्ठ सहायक अध्यापक रामसेवक शर्मा, पंकज यादव, सुनीता देवी ,प्रेमलता, सरोज यादव, रोशनी चौहान, श्रेया, पवित्र, नंदिनी ,अंजलि, लक्ष्मी गुप्ता, गुड़िया, आकृति आनंद ,साक्षी, संध्या, संजना श्रेया आसमीन पवित्र लक्ष्मी शिवानी अयान अनिकेत जीतू राजू दिव्यांशु गुड़िया कमलावती तथा अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किया गया मातृ शक्ति का सम्मान

# जमीन से आसमान तक हर क्षेत्र में महिलाएं अग्रणी : कृषि मंत्री

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही जी की अध्यक्षता एवं विधायक सदर श्री शलभ मणि त्रिपाठी, विधायक भाटपाररानी सभाकुंवर कुशवाहा, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की उपस्थिति में आज सीएमओ कार्यालय स्थित धनवन्तरि सभागार में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज देश के सर्वोच्च पद पर महिला विराजमान है। सनातन संस्कृति में प्राचीन काल से ही नारियो का सम्मान रहा है। मंडन मिश्रा की पत्नी भारती ने शास्त्रार्थ में शंकराचार्य को पराजित किया था। वर्तमान समय में महिलाएं सभी क्षेत्रों में अग्रणी हैं। जमीन से अंतरिक्ष तक महिलाओं ने अपना परचम फहराया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा बहनों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सशक्त हुई हैं। निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के चलते पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि निरंतर आगे बढ़कर विभिन्न क्षेत्रों में मिसाल कायम कर रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महिला सशक्तिकरण के लिए निरन्तर प्रयासरत हैं। डबल इंजन की सरकार में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। मिशन शक्ति से महिलाओं में सुरक्षा का भाव मजबूत हुआ है। सनातन संस्कृति में मातृ शक्तियों की विशेष महत्ता है। भाटपाररानी विधायक सभाकुंवर कुशवाहा ने कहा कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता रहते हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से लिंगानुपात सुधरा। सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा की बेटियां खूब सपने देखे और खूब मेहनत करें। अभिभावक बच्चियों की क्षमता एवं सपने पर भरोसा करें और उन्हें खुले आसमान में उड़ान भरने के लिए प्रोत्साहित करे। बेटियां अपनी क्षमता को पहचाने। सीएमओ डॉ राजेश झा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्षा अलका सिंह, ब्लॉक प्रमुख तरकुलवा रामाशीष गुप्ता, एमएलसी प्रतिनिधि राजू मणि डीपीओ प्रोबेशन अनिल सोनकर, डीपीओ आईसीडीएस आदिश मिश्रा, डीपीआरओ रतन कुमार सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## शक्ति और स्वाभिमान की प्रतीक है नारी: पवन मिश्र



**देवरिया।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा कोतवाली रोड स्थित राजकीय कृषि गोदाम के नजदीक आयोजित कार्यक्रम में बांस से बनने वाले घरेलू उपयोगी सामग्री सूपा , डाला, हाथ का पंखा, डलीया, खांची इत्यादि बनाने वाली से महिलाओं समाज की 11 महिलाओं को अंग वस्त्र और केलेण्डर भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अंत्योदय समाज के उत्थान के लिये संकल्पित है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्ति के प्रति सम्मान, प्रशंसा और उनके कर्तव्यों के लिये उनको सम्मान दिया जाता है। इसी क्रम में आज बाँसफोर समाज में बांस से घरेलू उपयोग की सामग्री बनाने वाली किरन देवी, मीरा देवी, सुमन देवी, माधुरी देवी, पूजा देवी, सुशीला देवी, मंशा देवी, संजू देवी, रिंकी देवी, चंदा देवी, गायत्री देवी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अरुण मिश्र, राजन धर द्विवेदी, विजय कुशवाहा, मनोज कुमार, सुमन्त चतूर्वेदी, गोपाल, डॉ विनोद पाण्डेय, वीरेंद्र पाठक उपस्थित रहे।

# केन्द्र व्यवस्थापक और संकलन केन्द्र प्रभारी पर दर्ज हुआ मुकदमा

अवधनामा ब्यूरो

- अंग्रेजी विषय का उत्तर पुस्तिका गायब होने के मामले में हुई कार्रवाई
- जनता इंटरमीडिएट कालेज सोहसा मठिया का मामला

**कुशीनगर।** फाजिलनगर क्षेत्र के नकटहा मिश्र स्थित बोर्ड परीक्षा की रिजर्व में रखे गए पेपर से परीक्षा कराने का मामला अभी शान्त भी नही हुआ कि जनता इंटरमीडिएट कालेज सोहसा मठिया केन्द्र पर शुक्रवार को प्रथम पाली में संपन्न हुए हाईस्कूल अंग्रेजी विषय की परीक्षा के उत्तर पुस्तिका का बंडल गायब होने की घटना ने यहां के जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रशासनिक कार्यक्षमता की पोल खोल कर रख दिया।

विभागीय गलियारों में इस बात की चर्चा खूब है कि डीआईओएस बोर्ड परीक्षा की शुचिता व पारदर्शिता को कायम रखने में पूरी तरह नाकाम साबित हुए है। यही वजह है विभागीय कर्मचारी भी यह कहने से गुरेज नही कर रहे है कि अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज द्वारा रिजर्व पेपर लीक के मामले मे विद्यालय के खिलाफ विधिक व विभागीय कार्रवाई न होना ही बोर्ड परीक्षा के प्रति जिम्मेदारों को लापरवाह बनने में सहायक सिद्ध हुआ है। परिणाम जनता इंटरमीडिएट कालेज में उत्तर पुस्तिका की बंडल गायब होने की घटना सामने है। बता दें कि जिले के कसया थाना क्षेत्र के सोहसा मठिया स्थित बोर्ड परीक्षा केन्द्र बने जनता इंटर कॉलेज में शुक्रवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल के तकरीबन 283 छात्रों ने अंग्रेजी विषय की परीक्षा दी। विभागीय कहानी के मुताबिक केन्द्र व्यवस्थापक/ प्रधानाचार्य कपिलदेव प्रसाद परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तर पुस्तिका का बंडल बाइक पर पीछे बांधकर अकेले कुशीनगर संकलन केंद्र जा रहे थे कि उत्तर पुस्तिका का बंडल रास्ते में कही गिर गया। नतीजतन अपराह्न तीन बजे तक जब जनता इंटरमीडिएट कालेज का बंडल संकलन केन्द्र पर नही पहुंचा तो प्रधानाचार्य से पूछताछ हुई। इसके बाद प्रधानाचार्य ने बंडल गायब होने की जानकारी संकलन केन्द्र प्रभारी उमेश उपाध्याय को दी फिर संकलन केन्द्र प्रभारी ने इसकी सूचना जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया। इस दरम्यान जनता इंटरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य कपिलदेव प्रसाद परीक्षा केन्द्र से लगायत संकलन केन्द्र तक बंडल ढूढते रहे लेकिन कही बंडल नही मिला। **12 मार्च को होगी पुनः परीक्षा**-बताया जाता है कि जब यह मामला सचिव बोर्ड उत्तर प्रदेश के संज्ञान में आया तो उन्होने तत्काल दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए जनहित में सम्बन्धित केंद्र के परीक्षार्थियों की परीक्षा दिनांक 12 मार्च को रिजर्व पेपर से पुनः परीक्षा कराने का निर्देश दिया है।

### दस घंटे बाद थाने में दी गई तहरीर

सूत्र बताते है कि तकरीबन साढे आठ बजे तक डीआईओएस अपने भरोसेमंद कारींदें के साथ कार्यालय पर जनता इंटरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य/केन्द्र व्यवस्थापक कपिलदेव प्रसाद व संकलन केन्द्र के प्रभारी/बुद्ध इंटरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य उमेश उपाध्याय से इस मामले को पचाने के लिए योजना बनाते रहे। लेकिन मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद सभी योजनाओं पर पानी फिर गया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर जेडी गोरखपुर व सचिव बोर्ड गोरखपुर रात लगभग साढे नौ बजे कुशीनगर धमक गए और परीक्षा केन्द्र से लगायत संकलन केन्द्र पर पहुंचकर पुरी जानकारी हासिल की। बताया जाता है कि देर रात तक इन अधिकारियों की गाडियां सड़क पर दौड़ती रही लेकिन उत्तरपुस्तिका कही नही मिला। इसके बाद देर रात को (घटना के लगभग दस घंटे बाद) डीआईओएस ने जनता इंटर कालेज सोहसा मठिया के प्रधानाचार्य व केन्द्र व्यवस्थापक कपिलदेव प्रसाद और बुद्ध इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व संकलन प्रभारी उमेश उपाध्याय के खिलाफ कसया थाने तहरीर दिया। तहरीर के अधार पर पुलिस ने अनुचित साधनो का निवारण अधिनियम के तहत कपिलदेव प्रसाद व उमेश उपाध्याय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रात में ही कपिलदेव को हिरासत में ले लिया।

## पेड़ से टकराई बेकाबू कार, दो महिला समेत चार घायल

अवधनामा ब्यूरो



- कार का इंजन टूटकर हुआ अलग, सीटबेल्ट ने बचाई जान

**कुशीनगर।** तमकुहीराज क्षेत्र के हाईवे पर स्थित लतवा मुरलीधर गांव के पास शनिवार भोर में पांच बजे लखनऊ से मोतिहारी जा रही एक कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और इंजन टूटकर अलग जा गिरा। चालक सहित कार में सवार चार लोग बुरी तरह घायल हो गए। चालक की स्थिति गंभीर बताई जाती है। बताया जा रहा है कि आदिलनगर टेढ़ी पुलिया लखनऊ निवासी चालक अजय पुत्र राजीव कार से सुशील श्रीवास्तव पुत्र स्व. कृष्णा नन्द प्रसाद, उनकी पत्नी रूपा सिन्हा व बेटी आरोही श्रीवास्तव के साथ किसी कार्य से लखनऊ से मोतीहारी लेकर जा रहा था कि उक्त स्थान पर दुर्घटना घटित हो गई। संयोग ठीक रहा कि आगे बैठे लोगों ने सीट बेल्ट बांध रखा था जिसके कारण कोई हताहत नहीं हुआ। सूचना पर एसआई अर्सलान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच घायलों को एनएचएआइ के एंबुलेंस से उपचार के लिए सीएचसी तमकुहीराज भेजवाया और घटना की जानकारी उनके स्वजन को दी। चिकित्सकों के अनुसार कार चालक को गम्भीर चोट लगी हुई है। संयोग है कि आगे बैठे लोग सीट बेल्ट लगाए हुए थे, अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। एसएचओ अमित शर्मा ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### कहा सुनी के बाद पति-पत्नी ने फांसी लगाकर दी जान

**कुशीनगर।** जिले के निबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के मोती छपरा गांव में पति और पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पति अजीत (25) और पत्नी संगीता (22) ने अलग-अलग कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दी है। 6 माह पहले ही दोनों की शादी हुई थी। बताया जा रहा है कि अजीत कुमार पुत्र नंदकिशोर निवासी मोती छपरा थाना नेबुआ नौरंगिया उम्र लगभग 25 वर्ष व उसकी पत्नी संगीता देवी पुत्री गौतम प्रसाद उम्र करीब 22 वर्ष द्वारा शनिवार को आपसी कहा-सुनी के बाद अलग-अलग कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिए। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गई। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

### शोषणकारी रवैया त्याग कर महिलाओं को स्वाभिमान और सम्मान की जिंदगी की गारंटी सुनिश्चित करें सभी सरकारें

**अमेठी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए केंद्र सरकार और सभी राज्यों की सरकारों से कारगर कदम उठाने की मांग की है और कहा है कि महिलाओं को आत्मसम्मान और स्वाभिमान के साथ जीने के हक की गारंटी सुनिश्चित करना सभी सरकारों की जिम्मेदारी है।

बसपा सुप्रीमो ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर केन्द्र व सभी राज्यों की सरकारेंपूरी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के मामले में कोई कोताही व लापरवाही नहीं बरतें बल्कि अपनी पूरी ईमानदारी से जिम्मेदारी को निभायें। देश के करोड़ों ग़रीब, मजदूर, दलित, शोषित एवं पिछड़े वर्ग आदि से सम्बन्धित मेहनतकश महिलाओं के प्रति सरकार व समाज को हीन भावना व शोषणकारी रवैया त्याग कर उन्हें आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के साथ जीने के हक की गारंटी सुनिश्चित करने का संकल्प भी जरूर लें।

### न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सीनियर सेकंडरी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में महिला शक्तियों को नमन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि अंतराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के मौके पर इस साल वुमन डे की थीम एसीलरेट एक्सन जिसका अर्थ होता है कार्रवाई में तेजी (त्वरित कारवाई)। महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और जागरुकता पैदा करने को लेकर अब कार्य की गति तेज करने की जरूरत है। इस दिन की शुरुआत सन 1908 से मानी जाती है लेकिन संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1975 में आधिकारिक तौर पर इसे 8 मार्च को मनाये जाने की मान्यता दी। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सभी क्षेत्रों में समानता का अधिकार दिलाना है और लिंग अनुपात को सामान करना है। इसके बाद विद्यालय के बच्चों द्वारा लघु नाटिका का मंचन किया गया। जिसने सबका मन मोह लिया साथ ही विद्यालय के बच्चों ने स्लोगन, पोस्टर, कोटेशन आदि के माध्यम से महिला शक्तियों को दर्शाने का प्रयास किया।

# सत्ता परिवर्तन को एकजुटता के संदेश के साथ घटकौर में हुई सपा की पीडीए पंचायत

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी/भेंटुआ।** घटकौर में समाजवादी पार्टी की ओर से पी डी ए पंचायत का आयोजन किया गया।पीडीए पंचायत को सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने सम्बोधित किया। श्याम लाल पाल ने समाजवादी पार्टी की नीतियों और अखिलेश यादव के मुख्य मंत्रित्व काल का गुणगान किया और कहा कि अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का काम किया था, युवाओं को रोजगार मिला और समाज के सभी वर्ग के लोगों की भलाई के काम हुए।

योगी और मोदी सरकार को निशाने पर लिया और कहा कि भाजपा की साम्प्रदायिक और नफ़रत की राजनीति से प्रदेश की जनता दुखी है । लोकतंत्र और संविधान का गला घोंटने का काम हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने लोगों से उत्तर प्रदेश की राजनीति बदलने के लिए संगठित होने का आह्वान किया और कहा कि समाजवादी पार्टी ही उत्तर प्रदेश को सही दिशा दे सकती है। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि 2027 में सपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि सिर्फ समाजवादी पार्टी ही प्रदेश को सही दिशा दे सकती है। उनके अनुसार सपा सरकार बनने पर युवाओं को रोजगार मिलेगा। किसानों और महिलाओं को न्याय मिलेगा। पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने अखिलेश यादव को प्रदेश और देश का भविष्य बताया। पूर्व एमएलसी रामवृक्ष यादव ने कहा कि जनता को न्याय सिर्फ समाजवादी सरकार बनने पर ही मिलेगा। सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने चेतावनी दी कि जनता और अखिलेश यादव को धोखा देने वालों को माफ नहीं किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि इस बार विधायक समाजवादी पार्टी से ही चुने जाएंगे। युवा सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने कहा कि अखिलेश यादव युवाओं के हृदय की धड़कन हैं। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के सपनों को साकार करने के लिए भाजपा को सत्ता से बाहर करना समय की जरूरत है। सपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सोलंकी ने बिरहा और लोक गीतों के माध्यम से सपा समर्थकों का मनोरंजन किया।

### मामूली विवाद में दो पक्षो में चली जमकर लाठियां, केस दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के रघुनाथगंज मजरे खजूरगांव में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षो में जमकर विवाद हो गया। जसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गये। पुलिस ने दोनो पक्षो की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायलो को इलाज के लिये सीएचसी भेजा है। रघुनाथगंज निवासी राजू पुत्र स्व. उमाशंकर ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि वह दुकान पर बैठा था तभी हंसी मजाक के दौरान कुछ लोगो से विवाद हो गया। जिसके बाद मोनू, आशू, कमल व शिवकुमार ने लाठी डंडो से उस पर हमला बोल दिया। जिसमें उसे चोटें आई है। वही दूसरे पक्ष के आंशू गुप्ता ने बताया कि मामूली विवाद को लेकर गांव के ही दिलीप, राजकुमार, अमित, दीपक व लाली ने उस पर लाठी डंडो से हमला बोल दिया। मारपीट में दोनो पक्षो के आधा दर्जन लोगो को चोटें आई है। कोतवाल संजय कुमार सिंह ने बताया कि दोनो पक्षो की ओर से मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### ई-रिक्शा की बैट्रियां चोरो ने की पार

**लालगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** घर के बाहर खड़े ई-रिक्सा की बैट्री चोरो ने पार कर दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर की है। कस्बे के ब्रजेंद्र नगर (भादे मोड) निवासी राहुल शुक्ला पुत्र स्व0 अनिल कुमार ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि घर के बाहर उसका ई-रिक्सा खड़ा था। सुबह उठने पर उसकी चारो बैट्रियां गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी उनका पता नही चल सका। जिसके बाद उसने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि उन्हे मामले की जानकारी नही है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित की गई महिलाएं

**अमेठी।** उद्योग व्यापार मंडल की ओर से उद्योग पति और जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि के अतिथि गृह में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज सेवा के क्षेत्र में अच्छा काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि और उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### भाजपा कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सम्मान समारोह का किया गया आयोजन



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सम्मेलन एव सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि एथलीट पदमश्री एवअर्जुन अवार्ड से सम्मानित सुधा सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने किया। राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने पदम् व अर्जुन अवार्ड से सम्मानित सुधा सिंह, डॉ सुमेधा रस्तोगी,डॉ अमिता खुबेले, सीमा श्रीवास्तव, अनीता श्रीवास्तव पूर्णिमा श्रीवास्तव पूनम सिंह सहित सैकड़ो सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने देश का नाम रोशन किया है और बुलंदियों को छुआ है, उसपर भारत गर्व करता है। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केन्द्र और राज्य सरकारें नारी शक्ति के लिए काम कर रहे हैं। यह सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि नारी शक्ति के संघर्ष, संकल्प और सफलता का उत्सव है। दुनिया भर में इस दिन को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। सम्मेलन में खेल जगत,शिक्षा, व्यापार, वकालत,सीए, सीएस, चिकित्सा, आर्टिटेक्चर आदि विभिन्न सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली अग्रणी महिलाओं को सम्मानित किया गया।

# होली मिलन समारोह में खूब उड़े गुलाल, एक दूसरे को दी बधाई

अवधनामा संवाददाता



होली मिलन समारोह में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** शनिवार को ब्लॉक मुख्यालय मोतीचक परिसर में प्रमुख अर्चना सिंह की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश शाही रहे। समारोह में समस्त प्रधान, बीडीसी, भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस मौके पर सभी ने के एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री शाही ने कहा कि होली पर्व भाईचारा एवं समरसता का त्योहार है। इसे सारे गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे को गले लगाने की जरूरत हैं। पूर्व विधायक पवन केडिया ने कहा कि त्यौहार आपसी प्रेम व सद्भाव के प्रतीक हैं।

हमें खुशी है कि यहां पर सभी समुदाय के लोग आए हुए हैं और कार्यक्रम में शिरकत किए है। होली मिलन समारोह में आए सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रमुख प्रतिनिधि मोतीचक संदीप कुमार सिंह ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है इसे आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ सभी के भावनाओं को ध्यान में रखकर मिलजुलकर मनाएं। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता अरुण पांडेय ने किया। इस मौके पर भाजपा महामंत्री राणा प्रताप राव, भाजपा नेता बाबू नन्दन सिंह, राम बच्चन सिंह, प्रधान संघ उपाध्यक्ष मोतीचक व प्रधान अकमल हुसैन, भाजपा नेता रामू राव, कुंवर आकाश सिंह, व्यास सिंह, प्रवीण सिंह, राबिन सिंह, अलाउद्दीन, मुन्ना अंसारी, राजकुमार सिंह, विनय कुमार, नंदू दीक्षित, उग्रसेन राव, रणधीर उर्फ बुल्लू बाबू, मनोज सिंह, वीरेंद्र साहनी, ईरेंज, श्रीराम मद्धेशिया, संतोष सिंह, अनिल दुबे सहित तमाम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

### होली के पर्व पर गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल कायम रखें अमेठीवासी

**अमेठी।** शनिवार को जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्यौहारों होली, ईद व अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जनपद के अधिकारियों, विभिन्न संप्रदायों के धर्मगुरुओं, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी आगामी त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व जनपद अमेठी में सभी त्योहारों को आप लोगों ने मिलजुल कर मनाया है कहीं पर भी किसी को कोई परेशानी नहीं हुई है आप सभी ने अमेठी में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल को कायम रखा है इसी प्रकार अब आने वाले सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं, सोशल मीडिया पर अफवाहों को फैलने/फैलाने से रोकें तथा कोई भी चीज को बगैर समझे शेयर ना करें, कोई भी ऐसा कृत ना करें जिससे किसी भी समुदाय की आस्था को ठेस पहुंचे, सभी त्योहारों को परंपरागत तरीके से ही मनाएं, कोई नई परंपरा ना डालें।

# उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का डीएम एसपी ने लिया जायज़ा

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश ब्रजेश पाठक के 09 मार्च 2025 को प्रस्तावित जनपद आगमन कार्यक्रम के मद्देनज़र जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने कैसरगंज पहुंचकर रामलीला मैदान देवलखा, कैसरगंज स्थित हेलीपैड का निरीक्षण किया एवं सक्रिय सदस्य सम्मान स्थल एस.आर. लॉन तथा स्व. ठाकुर हुकुम सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैसरगंज का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिय। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

हेलीपैड का निरीक्षण करते हुए डीएम व एसपी ने थ्री लेयर बैरिकेडिंग कराने तथा हेलीपैड के आस-पास फुलप्रूफ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। यहां पर डीएम व एसपी ने करू के सदस्यों के आवागमन तथा ठहरने की की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यक्रम स्थल एस.आर. लॉन के निरीक्षण के दौरान डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम संयोजक मुकुट बिहारी वर्मा से समन्वय कर प्रतिभाग करने वालों की संख्या के बारे में जानकारी प्राप्त कर तद्नुसार बैठने एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। डीएम ने वीआईपी व अन्य वाहनों के लिए अलग-अलग प्रवेश एवं पार्किंग की व्यवस्था तथा पर्याप्त साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि हेलीपैड व कार्यक्रम स्थल पर रूफटाप सिक्योरिटी भी सुनिश्चित की जाय। डीएम व एसपी ने सी.एच.सी. कैसरगंज के निरीक्षण के दौरान समुचित प्रबन्धन न होने पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि उप मुख्यमंत्री जी की समीक्षा बैठक के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल सुनिश्चित कराएं।

### उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का आगमन 09 मार्च को

**बहराइच।** उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश ब्रजेश पाठक का 09 मार्च 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उप मुख्यमंत्री पाठक 09 मार्च 2025 को अपरान्ह 12:30 बजे रामलीला मैदान देवलखा, कैसरगंज स्थित हेलीपैड पर पहुंचकर अपरान्ह 12:45 बजे एस.आर. लॉन कैसरगंज में आयोजित सक्रिय सदस्य सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। उप मुख्यमंत्री पाठक अपरान्ह 01:15 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैसरगंज में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ जनपद में चल रही स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करेंगे। तदोपरान्त अपरान्ह 02:25 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वी.आई.पी./नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने दी है।

### महाविहार बौद्ध धर्म स्थली पर किये जा रहे कब्जे के विरोध में सड़को पर उतर किया प्रदर्शन

**आजमगढ़।** बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क के बैनर तले कुंवर सिंह उद्यान में कार्यकर्ताओं ने महाविहार बौद्ध धर्म स्थली पर ब्राह्मणों द्वारा किये जा रहे कब्जे के विरोध में धरना प्रदर्शन किया।

लालबहादुर त्यागी ने कहा कि बड़े दुख की बात है कि जहां शाक्य मुनी बुद्ध को सम्बोधि प्राप्त हुई उस पवित्र जगह पर ब्राह्मणों द्वारा कब्जा किया जा रहा है जो अत्यंत दुखद है। जहां बौद्ध भिक्षुओं को होना चाहिए वहां ब्राह्मणों का कब्जा है। उस कब्जे को हटाने के लिए हम लोग चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य हैं।

सुबाष चंद्र बौद्ध ने कहा कि महाबोधि महाविहार में शिवालय कैसे है। यह महाविहार बौद्धों की विश्व धरोहर है। इसके बगल में शिवलिंग की स्थापना करना, दीवार पर पाण्डवों का जिक्र करना बौद्धों का अपमान है। राम दवर ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर बौद्ध विरासत बौद्ध भिक्षुओं को नहीं मिला तो हम जेल भरो आंदोलन और भारत बंद करने को बाध्य होंगे।

इस अवसर पर दीपांकर कुमार, वीरेंद्र कुमार, आदित्य गौतम, रामविनय पटेल, रामविजय यादव, सलटन, रामनरायन, लालू मौर्य, दीपचंद, विजयता, बहादुर, जनार्दन, शैलेश यादव, लालचंद बौद्ध, सूबेदार आदि मौजूद रहे।

# पीडीए की मीटिंग में उमड़े सपा कार्यकर्ता

■ सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव के नेतृत्व में शहजलपुर गांव में एक पीडीए की मीटिंग हुई। जिसमें समाजवादी पार्टी के जिला कमेटी के साथ ही विधायक, पूर्व एमएलसी एवं जिलाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में सपा के कार्यकर्ता एवं शहजलपुर की जनता उपस्थित रही। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव ने पीडीए के लोगों को अपने क्षेत्र में वोट बचाने का जोर दिया। उन्होंने कहा अगर हमने अपने वोट बचा लिए तो सरकार कितनी भी बेईमानी करे, हम चुनाव जीत जाएंगे। समाजवादी पार्टी द्वारा आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए अभी से अपनी पिच बनाना शुरू कर दी है। इसी संबंध में शुक्रवार को एक मीटिंग जाटव बाहुल्य गांव शहजलपुर में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव रहे। उन्होंने मीटिंग में कहा कि भाजपा सरकार चाहे प्रदेश की हो या देश की। सभी हदें पार कर जाति-पांति में उलझा रही हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची बनने वाली है। आप लोग अपने क्षेत्र के वोट कटने नहीं देने हैं। भाजपा सरकार ने पिछले चुनाव में बड़ी संख्या में पीडीए के वोट कटवा दिए। जिससे मतदान के दौरान वोट ही नहीं मिले। उन्होंने उपस्थित जन समूह से कहा कि आप लोग अपने और अपने क्षेत्र के वोट को बचा लेना। चुनाव में कितनी भी बेईमानी हो, हम चुनाव जीत जाएंगे। अगर वोट कट गये, तो फ़िर हमें परेशानी होगी। उन्होंने भाजपा सरकार पर कई तीखे हमले किए। इस दौरान मीडिया से रूबरू होने पर प्रोफेसर ने मीडिया के सवालों के जवाब दिए। जब उनसे पूछा गया कि संभल में सीओ द्वारा मुस्लिम समाज के लोगों से कहा कि जुमा साल में 52 होते हैं और होली सिर्फ एक बार आती है। होली का रंग ना पड़े, इस लिए सभी लोग अपने घरों पर रहें। इस पर प्रोफेसर ने कहा कि संभल के सीओ ने तो दंगा ही कराया था। इस तरह के लोगों पर सपा की सरकार बनने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्हें जेल में डाला जाएगा। विधान सभा में मुख्यमंत्री ने कुंभ में कमाई के आंकड़े दिए। जिसमें उन्होंने एक नाविक को 45 दिन में तीस करोड़ रुपये कमाये है। इस पर प्रोफेसर ने कहा कि ज्यादा झूठ बोलने की आदत पड़ जाती है तो वह सही बोलने से परहेज करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम व एसपी ने थाना कैसरगंज में समाधान दिवस का लिया जायजा



**बहराइच।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवसों का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने थाना कैसरगंज का निरीक्षण कर मौजूद फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के अवसर पर डीएम व एसपी ने थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि डी.जे. संचालकों की सूची व मोबाइल नम्बर थाना पर संरक्षित किया जाय। थाना से सम्बन्धित समस्त पंजिकाओं को अद्यतन रखने के साथ-साथ आईजीआरएस अन्तर्गत प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों का समयबद्धता के साथ निस्तारण कराएं।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्पीपारा में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**बहराइच।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र बहराइच द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय, कल्पीपारा में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न महिला मंडलों की महिला सदस्यों, ग्राम की महिलाओं एवं बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि प्रोफेसर गृह विज्ञान किसान पी.जी. कॉलेज बहराइच डॉ. तस्नीम फातिमा जैदी, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर किसान पीजी कॉलेज डॉ. सविता वर्मा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक समर फिरदौस, शिक्षिका रामा पाण्डेय एवं अध्यक्ष जनहित फाउंडेशन उमेश चंद्र मिश्रा द्वारा मौजूद महिलाओं को नारी सशक्तिकरण एवं स्वावलम्बन के लिए प्रेरित करते हुए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गयी। केन्द्र के लेखा एवं कार्यक्रम पयवेक्षक इंद्रसेन चौधरी द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी तथा सभी अतिथि का आभार ज्ञापित किया।

### राजकीय स्वर्ण जयन्ती पौधशाला पर उपलब्ध हैं सब्ज़ी बेहन पौध



**बहराइच।** जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि जनपद बहराइच के कृषकों को सब्जी बेहन पौध को सुलभता से उपलब्ध कराने के लिए उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा राजकीय स्वर्ण जयन्ती पौधशाला, बभनी, बहराइच में ''मिनी सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स'' का निर्माण कराया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य कृषकों को रोगमुक्त व स्वस्थ्य शाकभाजी पौध उपलब्ध कराना है। इच्छुक कृषक स्वर्ण जयन्ती पौधशाला द्वारा उत्पादित बेहन पौध रू-2/प्रति पौध की दर से प्राप्त कर सकते है तथा बेमौसम शाकभाजी उत्पादित कर कृषि को अपनी मुख्य आय बना सकता है। उन्होंने बताया कि एक्सीलेन्स नर्सरी में किसान अपना बीज देकर रू.-1/प्रति पौध शुल्क जमा कर पौध उत्पादित करा सकते हैं। यह पौधे राजकीय स्वर्ण जयन्ती पौधशाला, बभनी, बहराइच पर कभी भी प्राप्त कर सकते हैं। चौधरी ने बताया कि अन्य जानकारी के लिए पौधशाला प्रभारी, मंजीत सिंह, मो.न.-73880 46768 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### पॉक्सो एक्ट में एक गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना खैरगढ पुलिस टीम द्वारा पॉक्सो एक्ट में वाँछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण फिरोजाबाद के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना खैरगढ पुलिस टीम द्वारा थाना खैरगढ़ पर पंजीकृत मु.अ.सं. 34/25 धारा 74/76 ठछ व 7/8 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्त सत्यवीर पुत्र कुशलपाल निवासी खेरिया सिकमी फरीदा थाना खैरगढ़ को मुखबिर खास की सूचना पर दौराने चैकिंग 08-03-2025 को खेरिया तिराहा थाना खैरगढ़ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारसुदा अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र.नि. मनोज कुमार, म.उ.नि. ज्योति तेवतिया, है.का. 148 मुजाहिद हुसैन, है.का. 746 नरेन्द्र कुमार थाना खैरगढ फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

### एक वांछित दबोचा

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित वाँछित एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा वाँछित अपराधियों की गिरफ्तार हेतु जनपद में चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा 08-03-2025 को मु.अ.सं.- 220/25 धारा 137(2)/351(2) बीएनएस व 9एम/10 पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त सूरज पुत्र बाबूराम निवासी करबला गली न. 9/2 थाना दक्षिण जनपद फ़ोजाबाद को करबला चौराहे से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के आधार पर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र.नि. योगेन्द्रपाल सिंह, उ.नि. मो. नफीस, उ.नि. प्रशि. आदित्य कौशिक थाना दक्षिण फिरोजाबाद शामिल रहे।

# ध्रुव की कथा का किया गया वर्णन

अवधनामा संवाददाता

**अतर्रा बांदा।** फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी शनिवार को गुमाई ग्राम पंचायत गुमाई में तीसरे दिवस की भागवत महापुराण कथा में व्यास जी अरुण मिश्रा जी ने बताया कि देव गुरुओं को नमन करने से मानव कल्याण होता है और धर्म यज्ञ अनुष्ठान जाप पूजा पाठ कथा प्रारम्भ करते हैं तो सभी कार्य सफल हो जाते हैं तो व्यास जी ने गणेश वंदना देव गुरुओं को नमन करते हुए कहा कि कि यह भागवत महापुराण कथा नारद जी ने सुनाई है और व्यास जी ने सुनाई है और इस संसार में मानव कल्याण हेतु शुकदेव जी ने मानव जीवन को अमृत मयी प्रशाद रूपी सुख शांति समृद्धि और मुक्ति प्रदान करने में सक्षम है। आगे वताया है कि इस संसार में धर्म और अधर्म का फल मिलता है लेकिन माता पिता की भावनाओं से भी मिलता है उदाहरण देते हुए ध्रुव जी के जन्म की कथा सुनाई बताया है कि जिस माता के दिल हृदय में ईर्ष्या द्वेश भरा होता है उस मा का बेटा पुत्र ज्ञान और उन्नति सुख प्राप्त नहीं होता मा ध्रुव की निर्विकार प्रेम की प्रतिमूर्ति हैं क्योंकि श्रुति और सुनीति राजा उत्तानपाद की रानी थी लेकिन नगर से बाहर कुटी में जंन्म होने का वरदान दिया ऋषियों ने तो संतान प्राप्ति होगी पहले उत्तम मेरी सवत को संतान मिले बाद में मुझे तो देव ऋषि मुनियों ने ध्रुव जैसा अचल अटल पद तपस्या करने में प्राप्त करने में सक्षम हैं और उत्तम इस संसार का सुख कुछ नहीं देखा। दूसरी ओर भक्त ध्रुव अपनी प्रेम सौहार्द की प्रतिमूर्ति की भावना से सभी देवताओं को खुश करने में सफल हुआ और पद प्राप्त करने में सफल रहे। ऐसे ही अनेकों भक्तों का उदाहरण देते हुए बताया कि यहां पर जो भी महान हुआ है वह माताओ की कृपा से ही बनें हैं।

### नाजायज गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**आजमगढ़।** थाना सिधारी गिरफ्तारी,घटना का अनावर आज उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर एक व्यक्ति पंकज यादव पुत्र अवधेश यादव ग्राम देवरिया जब्ती माफी थाना बिलरियागंज आजमगढ़ उम्र 34 वर्ष को करनपुर पुलिया से लगभग 200 मीटर पहले से समय करीब 01.15 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 09.720 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजा के बारे में पूछने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह जनपद अम्बेडकरनगर से गांजा लाकर यहाँ बेचता है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 98,25 धारा 8,20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

# जेएस यूनिवर्सिटी में मनाया गया नेशनल फार्मेसी एजुकेशन दिवस

अवधनामा संवाददाता



**शिकोहाबाद।** प्रोफेसर एमएल श्राफ (फादर आफ द इंडियन फार्मास्यूटिकल एजुकेशन) के जन्म जयंती के उपलक्ष्य में जेएस यूनिवर्सिटी में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के तत्वावधान में फार्मा अन्वेषण 2025 मनाया गया।

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने प्रोफेसर एम एल श्राफ के जन्म दिन 6 मार्च को नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे घोषित किया है। कार्यक्रम की शुरुवात जेएस युनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर बीपी अग्रवाल, मैनेजिंग ट्रस्टी अशोक यादव, महानिदेशक डॉ गौरव यादव, फार्मेसी संकाय के डीन प्रोफेसर डॉ अजीत सिंह एवं विभाग अध्यक्ष उमा यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रो डॉ बालाकेशव रमैया विभागाध्यक्ष, फार्मेसी प्रैक्टिस डिपार्टमेंट,कर्नाटका कॉलेज ऑफ फार्मेसी बंगलौर,ने 'रोल ऑफ मॉडर्न इनक्यूबेशन सेंटर एंड फार्मास्युटिकल सेटअप फॉर इनकरेजिंग फार्मास्युटिकल एजुकेशन' के विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। फार्मेसी के डीन प्रोफेसर डॉ अजीत सिंह ने भारतीय फार्मेसी के जनक प्रोफेसर एम एल श्रॉफ की जीवनी एवम् योगदान पर प्रकाश डाला एवं छात्रो का उत्साह वर्धन किया। जेएस यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ सुकेश यादव एवं प्रतिकुलाधिपति डॉ पीएस यादव, मैनेजमेंट ट्रस्टी अशोक यादव, डॉ गीता यादव, डॉ हिमांशु यादव, डॉ शुभम यादव तथा महानिदेशक डॉ गौरव यादव ने फार्मेसी संकाय के डीन डॉ अजीत सिंह तथा समस्त स्टाफको बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संचालन अखिलेश मिश्रा, रवि यादव तथा संयोजन हिमांशु भारद्वाज, रुद्र नारायण, शुभम चौधरी, खुशबू यादव, अलीशा, विजय बाबू, रास बिहारी, ललित कुमार, अजय प्रताप, निखिल कुमार, मोहिनी गुप्ता, दीप्ती कुमारी, केशव कुमार, सिद्धांत कुशवाहा, श्यामू आदि शिक्षकों ने किया।

# हाईस्कूल के अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 33115 परीक्षार्थी रहे उपस्थित

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद, धीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में जनपद फिरोजाबाद में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाओं के अष्टम कार्य दिवस पर प्रथम पाली में हाईस्कूल की अंग्रेजी एवं इंटरमीडिएट के कम्प्यूटर, कृषि वनस्पति, कृषि अर्थशास्त्र की परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। डीआईओएस धीरेन्द्र कुमार के साथ डॉ सुनील यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय, रविन्द्र सिंह, वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक, अशोक कुमार एवं रामपाल सिंह के उड़नदस्तों द्वारा जनपद के विभिन्न केन्द्रों पर सघन चेकिंग की गई।

डीआईओएस धीरेन्द्र कुमार द्वारा प्रथम पाली में ठाकुर तारा सिंह इंटर कॉलेज, नौशहरा, राधा मोहन फरसैया इंटर कॉलेज, सिरसागंज, एम. डी. पब्लिक स्कूल, आशुतोष नगर, सिरसागंज, आर्य जनता इंटर कॉलेज पैगू, संत नाथ बाबा इंटर कॉलेज, सेवापुर, श्री कृष्ण आदर्श इंटर कॉलेज, मुज़फ्फर तिलियानी, सी डी एम इंटर कॉलेज नगला खंगर, स्वामी सर्वानंद इंटर कॉलेज नगला पैज एवं शान्ति पब्लिक इंटर कॉलेज गदोखर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम के मीडिया प्रभारी अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि आज की प्रथम पाली में हाईस्कूल की अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 37105 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 33115 उपस्थित एवं 3990 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जिसमें 2781 बालक 1209 बालिकाएं सम्मिलित है। इसके साथ ही इंटरमीडिएट की कम्प्यूटर, कृषि वनस्पति, कृषि अर्थशास्त्र की परीक्षा में 334 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 318 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, अनुपस्थित परीक्षार्थियों में 15 बालक एवं 01 बालिकाएं सम्मिलित हैं। कंट्रोल रूम प्रभारी संजीव कुमार यादव, श्रीमती रंजना सहाय के साथ पुष्पेन्द्र सोलंकी एवं समस्त कार्यरत प्रत्येक केन्द्र की निगरानी कर रहे हैं।

# बालिकाओं को किया जागरुक



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओंध्बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीना के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के दृष्टिगत आज जनपद के समस्त थानो में गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वीमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीयध्राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला, चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं/ छात्राओं को जागरुक किया गया।

### ट्रांसफार्मर में भीषण आग लगने से मची अफरा तफरी

**महोबा।** शहर के अशोक चैक के पास अचानक ट्रांसफार्मर में आग लग जाने से अफरा तफरी मच गई। मामला डीएम बंगले के समीप का होने के कारण सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई, और आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। गौरतलब है कि गर्मी बढने के साथ ही बिजली की खपत भी बढ गई है, जिसके चलते ट्रांसफार्मरों मे लोड भी अधिक बढ गया है। जिससे सुबह करीब 11:30 बजे ट्रांसफार्मर धूं धू कर जलने लगा। ट्रांसफार्मर में आग लगी देख लोग जहां के तहां थम गए, इसी बीच आस पास के लोगों ने बिजली विभाग को ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना दे दी। इसी बीच दमकल विभाग के कर्मचारी आनन फानन में मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाया।

# दो दिवसीय अभिलेख प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय अभिलेखागार, संस्कृति विभाग, प्रयागराज द्वारा 'महिला सशक्तिकरण के सन्दर्भ में नारी उत्थान' विषयक दो दिवसीय अभिलेख प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय अभिलेखागार, प्रयागराज कार्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ सीमा पत्राचार अधिकारी, प्रयागराज, श्याम सुंदर पटेल पूर्व सूबेदार थल सेना व कारगिल विजेता एवं रवीन्द्र नाथ, सहायक उपशिक्षा अधिकारी, पत्राचार संस्थान प्रयागराज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अभिलेख प्रदर्शनी में बाल विवाह संशोधन एक्ट सन् 1938, सीतापुर के जिला जज डी0 पछ्मनाथन द्वारा पुत्रियों को सम्पत्ति में अधिकार देने सम्बन्धी बिल का समर्थन-1939, महिलाओं को नौकरी का अधिकार-1934, हिन्दू विवाह में तलाक का अधिकारी समाहित बिल -1932, महिलाओं को वकालत का अधिकारी, महिलाओं को शिक्षा का अधिकार सहित विभिनन प्रदर्शो को दर्शाया गया। कार्यक्रम का संयोजन राकेश कुमार वर्मा प्राविधिक सहायक द्वारा किया गया। सभी अतिथियों को गुलाम सरवर पाण्डुलिपि अधिकारी /प्रभारी क्षेत्रीय अभिलेखागार, प्रयागराज द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर डा0 कुलभूषण पटेल, रीता यादव प्रवक्ता, डा0 योगिता राय प्रवक्ता, प्रियंका यादव, मुक्ता त्रिपाठी, डा0 स्मृति शुक्ला, डा0 शाकिरा तलत, यू0एस0ए0 के शोधार्थी डेविड क्रीड, डा0 अंगद पटेल, यज्ञ नारायण सिंह पटेल, हरिश्चन्द्र दुबे, विकास यादव, रोशन लाल, शुभम कुमार, अभिषेक कुमार आदि की उपस्थिति रही।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सीतापुर/खीरी वृत्त, लो.नि.वि., सीतापुर

पत्रांक : 1590/352सी/ई-टेण्डर-सी0खी0/2024-25 दिनॉक :- 03-03-2025

**ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद/ खण्ड का नाम | विधान सभा का नाम | कार्य का नाम | निर्माण की लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण कार्य। | | | | | | | | |
| 1- | सीतापुर /नि0खं0-1 | महमूदाबाद | बिसवां सरैया महमूदाबाद कि0मी0-12 से लुधौरा सम्पर्क मार्ग का सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण कार्य। | 63.10 | 4.70 | 2715.00 | 02 माह | ए,बी एवं सी |
| 2- | सीतापुर /नि0खं0-1 | महमूदाबाद | देवकलिया सम्पर्क मार्ग का सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण कार्य। | 39.00 | 3.90 | 2354.00 | 02 माह | ए.बी एवं सी |
| 3- | सीतापुर /नि0खं0-1 | महमूदाबाद | शेखपुर सोहरवा सम्पर्क मार्ग का सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण कार्य। | 37.00 | 3.70 | 2354.00 | 02 माह | ए.बी एवं सी |
| 4- | सीतापुर /नि0खं0-1 | महमूदाबाद | टी-01 बिसवां सरैया महमूदाबाद मार्ग के कि0मी0-19 से बिलौली नानकारी मार्ग का सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण कार्य। | 35.10 | 3.51 | 2354.00 | 02 माह | ए.बी एवं सी |
| 5- | सीतापुर /नि0खं0-1 | सिधौली | बेहमा से डिकौली होते हुए संडौर तक सम्पर्क मार्ग का सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण कार्य। | 60.50 | 5.03 | 2715.00 | 02 माह | ए.बी एवं सी |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 11.03.2025 से 17.03.2025 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 17.03.2025 को समय दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 17.03.2025 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(इ. बी.एस. सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि.,
सीतापुर।

UPID-230784 Dated-08-03-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(इ. सतीश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर खीरी वृत्त, लो.नि.वि.,
सीतापुर।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 10061 वादों का निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** दिवानी न्यायालय परिसर हमीरपुर में जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय, जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के कुशल निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपर के तत्वाधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधान न्यायाधीश/परिवार न्यायालय, हमीरपुर ज्ञान प्रकाश सिंह, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, हमीरपुर अरूण कुमार मल्ल, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार जयन्त, लोक अदालत के नोडल अधिकारी/विशेष न्यायाधीश (द.प्र.श्रे.), अनिल कुमार खरवार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश /विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी. एक्ट) सुशील कुमार खरवार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, हमीरपुर, कीर्ति माला सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गीतांजलि गर्ग, अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश (आ.व.अधि.), स्वाती, अपर जिला जज/एफ.टी.सी.-प्रथम, मनोज कुमार शासन, सिविल जज (सी.डि.) अभिषेक त्रिपाठी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निहारिका जायसवाल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वन्दना अग्रवाल, सिविल जज(जू.डि.)/एफ.टी.सी., राठ शशांक गुप्ता, सिविल जज (जू.डि.) मौदहा ब्रजेश कुमार पटेल, सिविल जज (जू.डि.)/एफ.टी.सी. महिलाओं के विरूद्ध अपराध शैली शरण उपस्थित रहे।

वादो का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर कराया गया। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय से कुल-17, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से कुल-49, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय सं.-01 से कुल-01, विशेष न्यायाधीश (एस.सी./ एस.टी.) से कुल-01, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट से कुल-01, विशेष न्यायाधीश (आ.व.अधि.) से कुल-149, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट से कुल-1438 अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट से कुल-359, सिविल जज (सी.डि.) से कुल-10, तरुण कुमार सिविल जज (जू.डि.) राठ कुल-187, बृजेश कुमार पटेल सिविल जज (जू.डि.) मौदहा कुल-227, शशांक गुप्ता, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राठ द्वारा कुल-653, इस प्रकार समस्त न्यायालयो से कुल-3099 वाद निस्तारित किये गये एवं राजस्व विभाग द्वारा कुल-6613 वादों का निस्तारण व एल.डी.एम. संगम लाल मिश्रा, इंडियन बैंक, हमीरपुर के अनुसार जनपद में स्थापित समस्त बैंकों के कुल 16587 मामलों में से कुल-349, वादों का निस्तारण हुआ। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल-10061 वादों का निस्तारण हुआ इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंको व राजस्व द्वारा सुलह समझौते के आधार पर मु.- 4660000/-रू. की धनराशि प्राप्त हुई। इसी प्रकार न्यायालय द्वारा निस्तारित वादों में भी लगभग मु.- 28851813/-रू. की धनराशि समझौते के रूप में प्राप्त हुयी। तथा न्यायालय व राजस्व, बैंक द्वारा कुल मु.- 74854223/- रू. की धनराशि समझौते के रूप में प्राप्त हुई।

## कार्यक्रम के माध्यम से दिखाया गया बाइक स्टंट शो



**राठ (हमीरपुर)।** जानकी मोटर्स की ओर से नगर के सहजोबाई स्कूल के क्रीड़ा परिसर में शो के माध्यम से बाइकों का स्टंट दिखाया गया। इस दौरान स्टंट बाजों ने जमकर वायवाही लूटी।

जानकी मोटर्स के ओनर अखिलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि आज के आधुनिक युग में युवाओं के बीच आकर्षक और हाई स्पीड की बाइकों का सुरूर सिर चढ़कर बोल रहा है। जिसको देखते हुए बजाज कंपनी ने पल्सर मोइनो गाड़ी को लॉन्च करते हुए नगर के सहजोबाई स्कूल में शो कर चार घंटे तक बाइकों के विभिन्न स्टंट करके दिखाये। स्टंट देख लोगों ने जमकर वायवाही की।

इस दौरान विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी,भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, स्वर्णकार धर्मशाला के अध्यक्ष बृजभूषण दाऊ, अमरसिंह,भाजपा नगर महामंत्री दीपू मुंशी व मुकेश गुप्ता सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

# राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह सम्पन्न

- 100 मीटर दौड़ में समीर इमाम ने मारी बाजी

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** राजकीय महाविद्यालय मौदहा में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आज शनिवार को समापन हुआ। जिसके बाद विजेता एवं उपविजेता छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड, मेडल सहित अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

शनिवार को कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह का समापन हुआ। जिसमें क्रीड़ा समारोह मे दूसरे दिन के मुख्य अतिथि रहे प्राचार्य बृजेन्द्र सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुरू कराया। जिसमें महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने 100, 400, 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता, भाला, तवा, गोला, लंबी कूद, ऊंची कूद आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभा किया। जिसमें 100 मीटर बालक वर्ग में समीर इमाम ने कालेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि शोबरन द्वितीय व अमित कुमार तृतीय स्थान पर रहे। वहीं 400 व 800 मीटर दौड़ में अमित कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 400 मीटर बालिका वर्ग में रागिनी प्रथम, बबली द्वितीय तथा पूर्णिमा तृतीय स्थान पर रही। 800 मीटर बालिका वर्ग में विनीता प्रथम, पूर्णिमा द्वितीय एवं ममता देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 400म4 मीटर रिले दौड़ में समीर इमाम ने जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए कालेज में अपना दबदबा कायम रखा। कार्यक्रम के समापन समारोह के उपरांत प्रतियोगिता में विजय प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को शील्ड मेडल सहित प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान क्रीड़ा प्रभारी डॉ चंदन पांडेय, स्नेहलता, इकरार हुसैन, नदीम, रामनरेश, संजय, बलवान आदि स्टाफ ने सभी छात्र छात्राओं को कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न कराने पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सरिता भदौरिया को विशिष्ट बीटीसी संघ ने दिया ज्ञापन



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** विशिष्ट बी टी सी वेलफेयर एसोसिएशन जनपद के बैनर तले शनिवार को सदर विधायक सरिता भदौरिया को पुरानी पेंशन से आच्छादित करने के लिए ज्ञापन दिया, जिसमें बताया गया कि शिक्षकों का विज्ञापन दिनाँक 22 जनवरी 2004 व 22फरवरी 2004 को जारी विज्ञापन के आधार पर ही चयन हुआ है। जो कि राष्ट्रीय पेंशन योजना/नई पेंशन योजना प्रणाली लागू किये जाने सम्बन्धी अधिसूचना दिनाँक 28.03.2005 के पूर्व जारी हुआ था। अतःअनुरोध किया जाता है कि विशिष्ट बी टी सी 2004 चयन प्रक्रिया में नियुक्त शिक्षक शिक्षिकाओं को शासनादेश 28.06.2004 की व्यवस्था अनुसार विकल्प के आधार पर पुरानी पेंशन योजना का लाभ देकर प्रदेश के चालीस हजार शिक्षक शिक्षिकाओं को बुढ़ापे का सहारा प्रदान करने हेतु उचित कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया। ज्ञापन देने वालों में दीपक राज, आलोक चौहान, अमित पाण्डेय, राजेश जादौन, मुकेश त्रिपाठी, सुमन कुमार झा, शैलेन्द्र चौहान, ब्रजेश यादव, अगम प्रकाश, दुर्गेश तिवारी, राजेश चतुर्वेदी, प्रवीण पांडेय संजीव कुमार, रवि सक्सेना भास्कर गुप्ता, रईश अहमद, सलीम अरुण कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता का समापन

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज, जोन प्रयागराज के निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के नेतृत्व में पुलिस एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता का समापन हुआ। पुलिस एथलेटिक्स क्लस्टर 03 दिवसीय प्रतियोगिता दिनांक 06.03.2025 से 08.03.2025 तक चली। जिसमें प्रयागराज जोन के कुल 06 जनपदों के पुलिसकर्मी/खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों की शारीरिक और मानसिक क्षमता को बढ़ाना एवं एथलेटिक्स स्पर्धाओं के माध्यम से पुलिसकर्मियों में अनुशासन, टीम वर्क और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करना भी एक महत्वपूर्ण लक्ष्य था।

प्रतियोगिता में विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाएँ शामिल थीं यथा- 100 मीटर दौड, 200 मीटर दौड, 1500 मीटर दौड, 3000 मीटर दौड, 5000 मीटर दौड, 10000 मीटर दौड, डकेथलॉन व मैराथन तथा लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉट पुट (गोला फेंक) रिले रेस सहित महिला एथलीट वर्ग में कुल 23, एवं पुरुष एथलीट वर्ग में कुल 23 इवेन्ट आयोजित किए गए। प्रतियोगिता के तीनों दिन विभिन्न एथलेटिक्स इवेंट्स का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी पूरी क्षमता के साथ प्रदर्शन किया। विभिन्न जनपदों के पुलिसकर्मियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। आज दिनांक 08.03.2025 को प्रतियोगिता के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित कर विभिन्न इवेंट्स में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले पुलिसकर्मियों को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। 03 दिवसीय अन्तर्जनपदीय प्रयागराज जोन, प्रयागराज की पुलिस एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता में जनपद हमीरपुर की पुरुष एथलेटिक्स टीम प्रथम स्थान, जनपद प्रयागराज की पुरुष एथलेटिक्स टीम द्वितीय स्थान एवं जनपद हमीरपुर की महिला एथलेटिक्स टीम ने प्रथम स्थान व जनपद प्रयागराज की महिला एथलेटिक्स टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई दी। उन्होंने इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से पुलिस बल को और मजबूत बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, क्षेत्राधिकारी सदर हमीरपुर, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन्स, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स जनपद हमीरपुर व अन्य सम्बन्धित अधिकारी /कर्म0गण मौजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसः यश इंटरनेशनल स्कूल ने महिला पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित



**इटावा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शनिवार को यश इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर डॉक्टर अरुण तोमर एवं प्रधानाचार्य श्रीमती श्रद्धा दुबे ने पुलिस लाइन में महिला थानाध्यक्षया निर्मला कुमारी, सब इंस्पेक्टर आकांक्षा सिंह एवं अन्य महिला पुलिस कर्मियों को सर्टिफिकेट देकर उनको सम्मानित किया एवं इटावा की जनता की सुरक्षा में दिन रात तत्पर रहने के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया। इस मौके पर स्कूल की शिक्षिका पार्थ प्रिया एवं शिक्षक नितेश भी मौजूद रहे।

### डीएम, एस एस पी ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ किया फ्लैग मार्च



**इटावा।** आगामी त्योहार होलिका दहन/होलिका रंगोत्सव, रमजान, ईद उल फितर एवं जनपदीय कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ शहर क्षेत्रान्तर्गत फ्लैग मार्च किया। जनपद के आला अधिकारियों ने शास्त्री चौराहे से लेकर नौरंगाबाद चौराहा से तिकोनिया होते हुये सीओ चौराहा से पक्का तालाब चौराहे तक फ्लैग मार्च कर आमजन को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। इस दौरान डीएम, एस एस पी ने सभी से आगामी त्योहारो को शांतिपूर्वक एवं प्रेमभाव से मनाने की अपील की साथ ही संबंधित अधिकारियों को माहौल खराब करने, शांति व्यवस्था बिगाडने तथा अराजकता फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी एवं पुलिस तथा प्रशासन के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### जिले के 4 खनन प्रभावी स्थानो पर सघन चेकिंग

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में जनपद में 04 महत्वपूर्ण खनन प्रभावी स्थानो पर राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग एवं खनन विभाग की संयुक्त टीम का गठन करते हुए अवैध खनन / परिवहन / ओवरलोडिग पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु निर्देश के अनुपालन में दिनांक 06.03.2025 से 08.03.2025 तक चले अभियान में लक्ष्मीवाई तिराहा एवं अम्बेडकर चौराहा राठ पर स्थापित ड्यूटी में जॉच के समय कुल 09 वाहनो को सम्बन्धित थाने में सीज की कार्यवाही की गयी इसके अतिरिक्त 13 वाहनो का ऑनलाइन चालान किया गया जिससे लगभग कुल रू0-6.50 लाख की राजस्व प्राप्ति हुयी है इसके अतिरिक्त लगभग 8.00 लाख की राजस्व प्राप्ति होगी। जनपद में संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 06.03.2025 को खनन पट्टा क्षेत्र की जॉच की गयी जॉच में पट्टाधारक द्वारा अपने स्वीकृत क्षेत्र के बाहर अवैध खनन करते पाये जाने पर कुल रू0-7.00 लाख की शास्ति आरोपित की गयी।

## एनटीपीसी सिंगरौली ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला संविदाकर्मियों का किया सम्मान

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना ने 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपने महिला संविदाकर्मियों का सम्मान किया। इस मौके पर आवासीय परिसर स्थित मनोरंजन केंद्र में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें परियोजना के कुल 400 महिला संविदाकर्मियों ने भाग लिया। समारोह के बाद सभी के लिए सामूहिक दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई। तत्पश्चात् सभी को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय एनटीपीसी सीएसआर योजना की लाभार्थी पार्वती कश्यप, जो कि आंगनबाड़ी में हेल्पर व सिलाई का भी काम करती हैं, ने अपने विचार साझा किए कि कैसे उन्होंने अपनी दिन रात की मेहनत से अपने बच्चों की शिक्षा को जारी रखा। उनके सुपुत्र, मनीष कश्यप, जो वर्तमान में एनटीपीसी तालचर में एनटीपीसी कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं, और उनकी सुपुत्री, तानु कश्यप, जो IISàßR भोपाल से B. Arch की उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही हैं और IIT मुंबई में P.G. कोर्स के लिए चयनित हुई हैं, इसके लिए उन्होंने एनटीपीसी सिंगरौली का उनके बच्चों की शिक्षा के दौरान मदद के लिए धन्यवाद किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव अकोटकर, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली, ने कहा, महिलाएं हमारे समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, और उनकी मेहनत और समर्पण से किसी भी संस्थाओं को नई ऊँचाइयों तक पहुँचने में मदद मिलती है। एनटीपीसी सिंगरौली में महिला शक्ति के योगदान का मूल्यांकन करते हुए हम उन्हें सम्मान देने के लिए हमेशा तत्पर हैं। हम चाहते हैं कि महिलाएं और भी अधिक सशक्त बनें और अपनी कार्यकुशलता से संस्थान व राष्ट्र की सफलता में योगदान दें। इस अवसर पर पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा, वनिता समाज ने सभी उपस्थित महिला शक्ति को संबोधित करते हुए कहा की, महिलाओं के लिए यह समय अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों को समझने का है।

# महिलाओं का सम्मान कर रही भाजपा सरकार : भूपेश चौबे

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाएं हुई सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** डायट परिसर में शनिवार को आयोजित हुआ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस गोष्ठी मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे एवं नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद, सीडीओ जागृति अवस्थी बीएसए द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक भूपेश चौबे ने बताया कि भाजपा सरकार में महिलाओं को सम्मान देने का काम किया जा रहा है संगठन हो या उनका हक सब में उनको वरीयता देते हुए सबका साथ सबका विकास सबके विश्वास की सरकार के साथ महिलाओं को उच्च दर्ज व सम्मान देने का काम कर रही सरकार वही नपा अध्यक्ष रूपी प्रसाद ने बताया कि भाजपा सरकार में महिलाओं को हर वर्ग हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हुआ है महिला एक वह जाननी है जिससे कि समाज की उन्नति व विकास की भावना उत्पात होती है घर समाज से लेकर नौकरी व हर क्षेत्र में सहयोग हुआ विकास का कार्य करने में कंधे से कंधा मिलाकर करने वाली हमारी नारी शक्ति जिसका सदैव भाजपा में सम्मान मिलता रहेगा। इस मौके पर डीपीआरओ नमिता शरण भाजपा महिला जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# संगोष्ठी व सशक्त महिला सम्मान समारोह का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अक्षत फाउंडेशन व स्वदेश कल्चरल फाऊंडेशन ने संयुक्त रूप से एक संगोष्ठी व सशक्त महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें समाज की प्रमुख आत्मनिर्भर सशक्त महिलाओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ अक्षत फाउंडेशन की अध्यक्षा श्रीमती वीनस सिंह सेंगर तथा मीनाक्षी पांडे मंजू भदोरिया अनीता यादव आभा पुरवार सौम्या द्विवेदी ने दीप प्रज्वलन के साथ किया तथा सरस्वती वंदना आरती जी ने प्रस्तुत की। इस अवसर परह्यह्द मीनाक्षी पांडे ने कहा कि सृष्टि का आधार जगत में नारी होती है तथा संस्कारो और नैतिक शिक्षा का प्रचार प्रसार जोर से किया जाना चाहिए। लेक्चरर रिचा पोरवाल ने महिलाओं को भावनात्मक रूप से और अधिक सशक्त बनने की सलाह देते हुए कहा कि सफलता तभी मिल सकती है जब हम मानसिक रूप से स्पष्ट और दृढ़ होते हैं।

फाउंडेशन की सक्रिय सदस्य श्रीमती मंजू भदोरिया ने कहा कि बेटियों को बेटों के बराबर ही प्यार और शिक्षा देना जरूरी है। इसी क्रम में सौम्या द्विवेदी, शशि प्रभा, संजू शंखवार, मीरा यादव दीपमाला, अनुपम भदोरिया अपर्णा दीक्षित, सपना भदोरिया, सारिका चौहान। नीलम चौहान, अनुराधा पौरवाल आदि अनेकों महिलाओं ने अपने विचार मंच पर रखे। उभरती युवा कवित्री प्रतीक्षा तिवारी, ताखा बलवंत शहीद इंटर कॉलेज की मैनेजर किरण यादव व सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया में कार्यरत गार्गी परिहार को उनके सशक्त योगदान के लिए सशक्त महिला सम्मान से सम्मानित किया गया। स्वदेश कल्चरल क्लब के अध्यक्ष राम जन्म सिंह ने भी सभी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की तथा सभी ने संकल्प लिया कि हम इसी तरह मिलाकर सामाजिक उत्थान व जागरूकता के लिए कार्य करते रहेंगे। अंत में फाउंडेशन की अध्यक्षा श्रीमती वीनस सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता ही विकास की प्रथम सीढ़ी है और हम सभी इस ओर निरंतर प्रयास करेंगे।

# एनसीएल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** शनिवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ ÷एक्स्लरेट एक्सन÷ विषय पर मनाया गया । इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनसीएल, सीएमडी बी. साईराम, निदेशक (तकनीकी/ संचालन), जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना), सुनील प्रसाद सिंह, महाप्रबंधक (कार्मिक), प्रमोद कुमार सिन्हा, सीएमएस, केंद्रीय चिकित्सालय, सिंगरौली मंजरी मेहता, विप्स एनसीएल सदस्यगण, एनसीएल मुख्यालय से विभिन्न अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में एनसीएल महिला कर्मी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सीएमडी एनसीएल, बी. साईराम ने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी और समाज के विकास में महिलाओं के निस्वार्थ भाव से दिये गए योगदान की सराहना की। इसके अतिरिक्त उन्होनें महिलाओं को आदिस्वरूप, शक्तिस्वरूप एवं सरस्वतीस्वरूप बताते हुए उन्हें प्रेम एवं वात्सल्य का प्रतीक बताया। साथ ही उन्होनें कंपनी की उतरोत्तर प्रगति में महिला कर्मियों की भूमिका को सराहा। इस दौरान कंपनी के निदेशक (तकनीकी/ संचालन) जितेंद्र मलिक ने उपस्थित सभी को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित की एवं उन्होनें हर क्षेत्र में नारी शक्ति के योगदान को अतुलनीय बताते हुए नारी शक्ति को सलाम किया। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना), सुनील प्रसाद सिंह ने सभी को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए महिलाओं को सामाजिक विकास का एक मजबूत स्तम्भ बताया। साथ ही उन्होनें एक सशक्त समाज के विकास हेतु महिलाओं के सशक्तिकरण को ज़रूरी बताया। गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।

# भाजपा ने 33 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं का किया सम्मान

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में साई नर्सिंग कालेज राबर्ट्सगंज के परिसर मे महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यअतिथि के रुप में संजीव कुमार गोंड व विशिष्ट अतिथि के रुप मे सदर विधायक भूपेश चौबे, जिला प्रभारी अनिल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष रुबी प्रसाद उपस्थित रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल व संचालन जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड ने कहा कि पूरे देश और दुनिया में 8 मार्च को अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के रुप में मनाया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस विश्व की महिलाओं के योगदान, उनकी त्याग और साहस को समर्पित है। इस खास दिवस को महिलाओं के मान-सम्मान, समाज, सियासत और आर्थिक क्षेत्र में उनकी तरक्की के जश्न के तौर पर भी मनाया जाता है। और कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ के मंत्र के साथ महिला बहन बेटियों के उत्थान के लिए सरकार द्वारा बहुत सारी योजनाएं आज संचालित कि जा रही है जिसमें महिला आरक्षण विधेयक नारी शक्ति बंदन अधिनियम, प्रधानमंत्री मातृ बंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, उज्जवला योजना, तीन तलाक पर प्रतिबंध से मुस्लिम महिलाओं को सशक्त करना प्रधानमंत्री महिला शक्ति केन्द्र योजना, राष्ट्रीय महिला कोष योजना सहित तमाम योजनाओं के द्वारा महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने में सरकार की अहम भूमिका रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भी सभी माताओं बहनों के लिए मिशन शक्ति अभियान महिला सुरक्षा पर बल, महिला ग्राम प्रधान व पंचायतों में भागीदारी, कौशल विकास योजना में महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण, रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना सहित बहुत सारी योजनांए महिलाओं के विकास के लिए समर्पित है। इस मौके सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि महिलाएं आज के समय पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। कला से लेकर खेल, बिजनेस और साइंस से लेकर टेक्नोलॉजी तक हर क्षेत्र में महिलाएं कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। ऐसे में समाज में उनकी इसी योगदान और साहस को रेखांकित करने के लिए हर साल आठ मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष रुबी प्रसाद ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र मे अपनी अग्रणी भूमिका निभा रही है, चाहे वो देश की सुरक्षा के क्षेत्र में, चाहे चिकित्सा, शिक्षा के क्षेत्र में, राजनीति के क्षेत्र में या अपनी सामाजिक और पारिवारिक जिम्मेदारियों को अपने कर्तव्य व निष्ठा के साथ निर्वहन करती है। आज देश के प्रधानमंत्री ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर बहुत सशक्त बनाया है अब हर क्षेत्र में महिलाओं की भागेदारी बढ़ चढ़कर दिखाई देगी। इस मौके पर जिला प्रभारी अनिल सिंह एवं पूर्व सांसद नरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि आज भी महिलाओं के बगैर समाज की कल्पना नही कि जा सकती समाज मे महिलाओं का योगदान हो या आर्थिक क्षेत्र में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है।

# मुख्यमंत्री ने एन.टी.पी.सी. में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का किया अनावरण

- 1467 करोड़ रु. लागत की 97 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया
- महाराणा प्रताप ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से स्वदेश और स्वधर्म के प्रति समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनपद गौतमबुद्धनगर विकास के एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। यह इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग का एक नया हब बनकर उभरा है। देश के 55 से 60 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग के कंपोनेंट गौतमबुद्धनगर जनपद में बन रहे हैं। देश के कुल मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग का 65 से 70 फीसदी का उत्पादन गौतमबुद्धनगर में हो रहा है। जेवर में देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट लगभग बनकर तैयार है। शीघ्र ही, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उसका उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। यहीं यमुना अथॉरिटी में फिल्म सिटी बन रही है। यहां मेडिकल डिवाइस पार्क, अपैरल पार्क और टॉय पार्क भी बन रहा है। मुख्यमंत्री ने आज जनपद गौतमबुद्धनगर में जनपद के विकास से सम्बन्धित 1467 करोड़ रुपये लागत की 97 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के उपरान्त आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने उत्तर प्रदेश की औद्योगिक नीति के तहत अनुमन्य 14 औद्योगिक इकाइयों को 617 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने एन.टी.पी.सी. दादरी में स्थापित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली के ठीक पहले उन्हें गौतमबुद्धनगर जनपद आने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस कार्यक्रम में लगभग 1500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। यह परियोजनाएं गौतमबुद्धनगर जनपद में निवेश और रोजगार की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। गौतमबुद्धनगर में हमने सिफी डाटा सेंटर, माइक्रोसॉफ्ट के 15 एकड़ क्षेत्रफल में बने एक रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट सेंटर तथा एम.ए.क्यू. के आर्टिफिशियल इण्टेलिजेंस के एक नए केंद्र का लोकार्पण किया है। यहां शारदा यूनिवर्सिटी में 600 बेडेड मल्टी सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल का लोकार्पण किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम में 14 निवेशकों को इंसेंटिव भी दिये गये हैं। इनमें आर.सी.सी.पी.एल. लि. रायबरेली, एल.जी. इलेक्ट्रॉनिक्स नोएडा, पासवारा पेपर्स लि. मेरठ, जे.के. सीमेंट अलीगढ़, एस.एल. एम.जी. बेवरेजेज बाराबंकी, पुरुषोत्तमराम फूड्स इण्डस्ट्रीज लि. लखनऊ, मारुति पेपर्स लि. शामली, निकिता पेपर्स लि. शामली, टिकौली सुगर मिल्स लि. मुजफ्फरनगर, चांदपुर इण्टरप्राइजेज लि. बिजनौर, गंग इण्डस्ट्रीज एण्ड एलाइड प्रोडक्ट्स लि. हरदोई, पसोडिया केबल्स लि. गाजियाबाद, सैमसंग इण्डिया इलेक्ट्रॉनिक्स लि. नोएडा तथा वरुण बेवरेजेज शामिल हैं। यह पहली बार हो रहा है कि निवेशकों को उनके निवेश के बदले सरकार द्वारा नीति के अन्तर्गत इंसेंटिव दिये जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में जीरो टॉलरेंस की जिस नीति से बेहतरीन कानून व्यवस्था के लिए कार्य किया गया, उसी के अंतर्गत यह कार्यक्रम हुए हैं।

## डॉ. मुस्तहसिन मलिक को मिली प्रतिष्ठित फेलोशिप

**लखनऊ।** एरा यूनिवर्सिटी में क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. मुस्तहसिन मलिक को इंडियन कॉलेज ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन (एफआईसीसीएम) की ओर से प्रतिष्ठित फेलोशिप प्रदान की गई है। कोच्चि में आयोजित भारत के सबसे बड़े क्रिटिकल केयर सम्मेलन क्रिटिकल केयर 2025 में यह फेलोशिप प्रदान की गई। इस वर्ष यूपी से केवल दो डॉक्टरों को यह सम्मान दिया गया।



यह फेलोशिप क्रिटिकल केयर मेडिसिन के क्षेत्र में शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान और पेशेवर समाज में उनके योगदान के लिए प्रदान की गई। इसके अलावा डॉ. मुस्तहसिन मलिक ने लोगों में चिकित्सा आपात स्थितियों से निपटने के तरीके के बारे में जागरूकता पैदा करने में भी योगदान दिया है। उन्होंने यूपी के विभिन्न अस्पतालों में कार्यरत मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ के शिक्षण और प्रशिक्षण में भी योगदान दिया है। डॉ. मुस्तहसिन ने पवित्र महाकुंभ 2025 में तैनात मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षित करने में भी स्वेच्छा से योगदान दिया है।

# पीएनबी ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** एक समावेशी और विविधतापूर्ण कामकाज के वातावरण को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करते हुए, सार्वजनिक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने, दिल्ली के द्वारका स्थित अपने कॉर्पोरेट कार्यालय और देश भर की अपनी सभी शाखाओं में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। वैश्विक थीम 'एक्सेलरेट एक्शन' को अपनाते हुए, इस कार्यक्रम में वित्तीय समावेशन, नेतृत्व विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे पहलों के माध्यम से सभी स्तरों पर महिलाओं को सशक्त बनाने में बैंक के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला गया।इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय एथलीट और मैराथन आइकन डॉ. सुनीता गोदरा की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनकी प्रेरणादायक यात्रा ने सभी उपस्थित लोगों के लिए प्रेरणास्रोत का कार्य किया 7 उनकी उपस्थिति ने लचीलापन, दृढ़ता और बाधाओं को तोड़ने की शक्ति के महत्व को सुदृढ़ किया।

इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए , पीएनबी के एमडी एवं सीईओ, अशोक चंद्र ने कहा¬÷जैसे-जैसे भारत एक अधिक समतामूलक और समावेशी भविष्य की ओर बढ़ रहा है, पीएनबी महिलाओं के सशक्तिकरण को गति देने में एक समर्पित भागीदार बना हुआ है - क्योंकि जब महिलाएं फलती-फूलती हैं, तो राष्ट्र समृद्ध होता है। महिलाओं को सशक्त बनाना न केवल एक जिम्मेदारी है बल्कि सामाजिक प्रगति के लिए आवश्यक भी है। हम बाधाओं को तोड़ने और महिलाओं के नेतृत्व, वित्तीय स्वतंत्रता और सामाजिक उत्थान को बढ़ावा देने वाली पहलों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने महिला कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की भी घोषणा की और पीएनबी से अपनत्व की उनकी प्रबल भावना के प्रति उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह बैंक को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में महिलाओं को प्रगति में एक केंद्रीय शक्ति के रूप में स्थापित करने के उनके आत्मविश्वास को मजबूत करता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि महिलाओं का समर्थन न केवल कार्यस्थलों को बदलता है बल्कि व्यापक स्तर पर समाज के लिए नए मानक भी स्थापित करता है।

# माहे रमज़ानआस्था, धैर्य और इबादत का है महीना: काशिफ



- रोज़ा सिर्फ़ मुंह का नहीं होता बल्कि जिस्म के हर हिस्से का होता है

अवधनामा ब्यूरो

**अमरोहा/लखनऊ।** यूथ आइकन और मदर टेरेसा अवार्ड से सम्मानित काशिफ नसीम अमरोहवी रमज़ान मुबारक की अहमियत बताते हुए कहते है कि माहे रमज़ान मज़हब में आस्था, धैर्य और इबादत का महीना है। इस माहे मुबारक में 30 दिन तक रखा जाने वाला रोज़ा इंसान को एक बेहतर इंसान बनाने की ट्रेनिंग देता है, जो रोज़ा दार के साल भर काम आती है। रोज़ा सिर्फ खान-पान से दूर रहने का ही नाम नहीं है, बल्कि यह आत्मसंयम, नेकदिली, सब्र और अल्लाह के करीब जाने का ज़रिया भी है। रोज़ा सिर्फ़ मुंह का नहीं होता बल्कि जिस्म के हर हिस्से का होता है हमे अपने हाथों को बुरे कामों से रोकना है, दिल और दिमाग़ को बुरी सोच से रोकना है। नसीम कहते है कि रमजान महीने का हर एक पल खास है। यह महीना मजहबी और दुनियावी तौर पर वक्त की पाबंदी, सच्चाई की कद्र, परहेज़गारी, बड़ों का आदर, गरीबों पर रहम, समाज से हमदर्दी, लोगो से मोहब्बत से मिलना, जरूरतमंद अफ़राद के काम आना आदि अन्य कई पहलूओ की सिख देता है। इस माह में जहां रोज़े रखने का हुकुम है वहीं एक दूसरे के साथ ज़्यादा से ज़्यादा हमदर्दी से पेश आने का भी हुकुम है, हमे समाज के ज़रूरत मंद अफ़राद की ज़्यादा से ज़्यादा मदद करनी चाहिए ताकि वोह बच्चे जिनके सर पर बाप का साया नहीं है, वोह मां जिसका बेटा बीमार है और वोह बहन जिसका भाई रोज़गार से महरूम है वोह भी रमज़ान में इफ्तार का इंतजाम कर सके और उसके घर में भी ईद की खुशियां मनाई जा सके। यक़ीनन अल्लाह इस अमल से बहुत खुश होगा।

# क्षत्रिय कल्याण बोर्ड का गठन शीघ्र हो : कुँ हरिवंश सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के निर्धारित एजेण्डे पर प्रेस क्लब सभागार लखनऊ में संगठन के त्रैवार्षिक आय-व्यय के साथ संगठनात्मक चुनाव पर पदाधिकारियों के साथ वार्ता के बाद नोएडा से फोनरवा चेयरमैन रहे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ड़ॉ एनपी सिंह को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया एवं पर्यवेक्षक के रूप में वीरांगना राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीतू सिंह के नाम पर सहमति बनी। संगठनात्मक चुनाव 21, 22 जून को आयोजित होगे। इस सम्बन्ध में 20 जून से नामांकन पत्र का प्रारूप सम्बन्धित पदों के लिए सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता महेन्द्र सिंह की उपस्थिति में निर्वाचन अधिकारी की देख-रेख में सदस्यता शुल्क के साथ जमा करना होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद कुँ हरिवंश सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक क्षेत्र में क्षत्रियों के सामने बहुत चुनौतियाँ हैं। क्षत्रिय कल्याण बोर्ड का गठन होना बहुत जरूरी है। सनातन बोर्ड भी बने, हम उसका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि रामजन्मभूमि ट्रस्ट में एक क्षत्रिय को नामित किया जाये। संगठन के देशव्यापी अभियान पर खुशी जाहिर करते हुए संगठनात्मक चुनाव की घोषणा के साथ कुँ हरिवंश सिंह ने कहा कि बिना भेदभाव के कार्यकारिणी के सभी सदस्यों के साथ बेहतर तालमेल रहा है। लखनऊ में महाराणा प्रताप भवन, शोध संस्थान संग्रहालय बनाने का सपना अधूरा है, क्योंकि सरकार ने अभी तक प्रस्ताव पर सहमति जताने के बाद सरकारी दर पर 5 एकड़ भूमि उपलब्ध नहीं करायी है। इस अवसर पर 11 प्रस्तावों पर सहमति के साथ संगठन के त्रैवार्षिक आय-व्यय के साथ यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिसकी निष्ठा, उसकी बढ़ेगी प्रतिष्ठा। वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री श्री राघवेन्द्र सिंह ÷राजू÷ ने कहा कि देश भर में खाड़ी से पहाड़ी तक एकता, एकजुटता अभियान सफल रहा है। स्थानीय स्तर पर सैकड़ों संगठनों को सम्बद्धता प्रदान करते हुए सदस्यता अभियान पर भी ध्यान दिया गया। उप्र के 48 लाख क्षत्रिय परिवार चाहता है कि लखनऊ में महाराणा प्रताप भवन शोध संस्थान बने। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष की प्रशंसा कर कहा कि उन्होंने वर्ष 2004 में ही कार्यालय हेतु दैनिक जागरण चौराहे पर संगठन के संचालन हेतु भवन दिया, यह संगठन के लिए गर्व की बात है। आगामी चुनाव में व्यापक फेरबदल के साथ खासतौर पर ऐसे लोगों को ही संगठनात्मक समर्थन मिले, जो वास्तव में संगठन व समाज को सर्वोपरि मानते हैं।

## महिलाओं की हिस्सेदारी विषयक पर हुआ कार्यक्रम

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की ओर से उर्दू शेर-ओ-अदब में महिलाओं की हिस्सेदारी विषयक कार्यक्रम आयोजित किया गया। गोमती नगर के विभूति खण्ड स्थित अकादमी के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. परवीन शुजाअत ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. परवीन शुजाअत ने कहा कि जिस तरह महिलाओं की जीवन के सभी क्षेत्रों में भागीदारी रही है उसी तरह उर्दू साहित्य में भी महिलाओं का बराबर का योगदान है। अकादमी के सचिव शौकत अली ने कहा कि अकादमी के 52 साल के इतिहास में इस तरह का आयोजन पहली बार हो रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में महिला लेखकों व साहित्यकारों से संबंधित अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते रहेंगे। कार्यक्रम में सलमा हिजाब, डॉ. जहांआरा सलीम, अकादमी कोआर्डिनेटर डॉ. सीमा जैदी ने भी सम्बोधित किया। अफसानानिगार आयशा सिद्दीकी ने महिलाओं पर आधारित अपना अफसाना और दरख्शां चांद ने उर्दू शेर-ओ-अदब में महिलाओं की हिस्सेदारी पर अपना शोध पत्र पेश किया। कार्यक्रम में साजिदा सबा, रुबीना अयाज ने अपने कलाम पेश किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेशमा परवीन ने किया।

# सुगंवती देवी को उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने किया सम्मानित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ/सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के कुरछा गांव की सुगवंती देवी कभी एक साधारण गृहिणी थीं, जो अपने पति की मजदूरी और खेती पर निर्भर थीं।

आर्थिक तंगी के कारण घर चलाना मुश्किल था, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी उसके उपरांत वह यूपीएसआरएलएम के अंतर्गत सरस्वती स्वय सहायता समूह से जुड़ गई और फिर उन्होंने 2022 में प्रेरणा ओजस के अंतर्गत सोलर टेक्निकल प्रशिक्षण लिया, प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त उन्होंने प्रेरणा ओजस के अन्तर्गत उन्होने सोलर शॉप खोली। सोलर शॉप के माध्यम से ये सोलर स्ट्रीट लाइट, एलईडी बल्ब, इन्वर्टर बल्ब, सोलर टॉर्च ,सोलर पैनल बैट्री ,इंवर्टर ,कूक स्टोव ,फ़ैन ,होम लाइट सिस्टम और अन्य उत्पादों की बिक्री एवं रिपेयर मेंटिनेस ,इस्लेटाशन का कार्य कर रही हैं। उनकी मासिक आमदनी 12,000-15,000 तक पहुंच गई, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन गई। पहले जो परिवार पूरी तरह पति की कमाई पर निर्भर था, अब सुगवंती खुद एक मजबूत सहारा बन गई हैं। उन्होंने 5-7 अन्य महिलाओं को भी कमीशन एजेंट के रूप मे रोजगार से जोड़ा है , जिससे गांव में आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला। उनकी सफलता की यह कहानी दिखाती है कि सही अवसर और मेहनत से कोई भी आत्मनिर्भर बन सकता है और अपने जीवन को रोशन कर सकता है। अब उन्हे उनके गाव के लोग सोलर दीदी के नाम से पुकारते है उन्होने सौर ऊर्जा के माध्यम से अपने क्षेत्र मे एक सोलर क्रांति लाने का काम किया है।

## खादी और ग्रामोद्योग प्रदर्शनी एक दिन के लिए बढ़ी

**लखनऊ।** खादी और ग्रामोद्योग प्रदर्शनी को भारी भीड़ और प्रतिभागी इकाइयों के अनुरोध पर एक दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। अब प्रदर्शनी का समापन 10 मार्च को होगा। खादी बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी को मिल रही लोकप्रियता को देख इसे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इससे आगंतुकों को खरीदारी और भ्रमण के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा और खादी व ग्रामोद्योग से जुड़ी इकाइयों को अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार और बिक्री के लिए मौका मिलेगा। डॉ. उज्जवल कुमार ने प्रदेशवासियों से मौके का फायदा उठाते हुए प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने और खादी व ग्रामोद्योग उत्पादों को अपना कर स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहित करने की अपील की।

# पेड़ मालिक की अज़ीम नेमत है जो ऑक्सीजन देता है: डॉ. अली जफर

अवधनामा ब्यूरो



**महमूदाबाद/लखनऊ।** रा.इ. कालेज लैलखुर्द महमूदाबाद में आज एक सराहनीय कार्य देखने को मिला जब यहां के एक शिक्षक ने वृक्ष लगाकर पवित्र माहे रमज़ान की शुरुआत की। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गोरक्ष प्रान्त के सह संयोजक डा. अली जफर ने अपने मार्गदर्शक आदरणीय इंद्रेश कुमार जी भाई साहब और केन्द्रीय अधिकारीयों के निर्देशानुसार पवित्र माह रमज़ान की शुरुआत फलदार और सायादार पेड़ लगाकर किया जिसकी पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। यह अपने आप में एक अनोखा कार्य था, इससे पहले किसी मुस्लिम व्यक्ति या समाज की तरफ से इस तरह की पहल नही की गई है। डा. अली जफर ने कहा कि महीनों में सबसे पवित्र महीना रमज़ान है जिसे अल्लाह या ईश्वर का महीना कहा जाता है। इस महीने में लोग ज्यादा से ज्यादा ईश्वर की भक्ति या अल्लाह की इबादत करते हैं और बुराईयों को त्याग कर अच्छाई का मार्ग अपनाते हैं ताकि अल्लाह की कुर्बत हासिल हो सके। हमारे शीर्ष नेतृत्व ने पिछले दिनों आह्वान किया था कि पवित्र महीना की शुरुआत नेक कार्यों में फलदार वृक्ष लगाकर की जा सकती है जो ईश्वर के नजदीक बहुत ही नेक कार्य है उसी कड़ी में आज हमने अपने पवित्र माह की शुरुआत फलदार और क्षायादार वृक्ष लगाकर किया ताकि आने वाले दिनों में जो भी छात्र इस शिक्षा के मंदिर में शिक्षा ग्रहण करने आएं उन्हें क्षाया के साथ साथ फल भी मिल सके जो इश्वर के नजदीक सबसे पुण्य का और इस पृथ्वी पर सबसे बेहतरीन कार्य है। इस्लाम में वृक्षारोपण का महत्व बहुत अधिक है। पेड़ लगाना पूजा माना जाता है। पवित्र पैगंबर (PBUH) ने लोगों को कई बार, कई तरीकों से पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। पवित्र कुरान के सूरह हज की 18वीं आयत में कहा गया है कि पेड़ अल्लाह को सजदा करता है।वहीं पुराणों में इसके महत्व बताए गए हैं।भविष्य पुराण में श्रीकृष्ण कहते हैं कि सभी व्यक्ति को अपने जीवनकाल में पेड़ ज़रूर लगाना चाहिए। पेड़ लगाना महादान के समान होता है, क्योंकि पेड़ लगाकर व्यक्ति फल, फूल, पत्ते और छाया का दान हर समय करता है। इससे मरने के बाद भी व्यक्ति को पुण्यफल की प्राप्ति होती है और व्यक्ति नरक की यातनाओं से मुक्त रहता है।

# रमज़ानः सवालों के जवाब



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में रोजा, नमाज, जकात, हज आदि से संबंधित सवालों के जवाब देने के लिए इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में हेल्पलाहन शुरू हो गयी है। हेल्पलाइन पर इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली के नेतृत्व में उलमा का पैनल सवालों के जवाब देता है। हेल्पलाइन पर दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, वेबसाइट www.farangimahal.in तथा ई-मेल ramzanhelpline2005@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** मिस्वाक का रेशा हलक के नीचे चला गया और निकल न सका तो क्या रोजा टूट जाएगा

**जवाब:** इससे रोजा नहीं टूटेगा।

**सवाल:** किसी के माल पर पूरा साल गुजर गया लेकिन जकात नहीं निकाली और माल चोरी हो गया तो क्या जकात अदा करना होगी

**जवाब:** जकात इसके जिम्मे से खत्म हो गयी।

**सवाल:** किसी को नियत के बिना कुछ दे और बाद में जकात की नियत कर ले तो क्या सही है

**जवाब:** यह उस वक्त सही होगी जब गरीब ने रकम खर्च न की हो अगर खर्च की ली तो जकात की नियत सही नहीं है।

**सवाल:** नफल नमाज शुरू करने पर पता चला कि कपड़ा नापाक है, नमाज तोड़ दी तो क्या नफल नमाज का लौटाना जरूरी है

**जवाब:** अगर नफल नमाज शुरू करने के बाद तोड़ी है तो उसका लौटाना जरूरी है।

इदारए शरैया फिरंगी महल की ओर से मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब दिये। हेल्पलाइन पर सवाल दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9807401508 और 99181 17798 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** कुरान को अरबी या हिन्दी अनुवाद में किस भाषा में पढ़ना बेहतर है

**जवाब:** रमजान में कुरान अरबी भाषा में पढ़ने का अधिक सवाब है, हिन्दी अनुवाद भी साथ में पढ़ सकते हैं।

**सवाल:** क्या 25 हजार रुपये की रकम पर जकात वाजिब है

**जवाब:** 25 हजार रुपये पर जकात नहीं है। साढ़े बावन तोला चांदी या साढ़े सात तोला सोना या उतनी रकम साल भर रखने पर जकात वाजिब है।

**सवाल:** तरावीह में गलती से तीन रकअत पढ़ ली गयी है ऐसी सूरत में क्या करें

**जवाब:** सही नहीं है, तीनों रकत में पढ़ा गया कुरान और नमाज दोहरानी पड़ेगी।

## शिया हज़रात के सवालों के जवाब

माहे मुबारक रमजान में शिया समुदाय के रोजा, नमाज, हज, खुम्स, जकात आदि से संबंधित सवालों के जवाब के लिए कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन संचालित की जा रही है। हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा का पैनल देता है। हेल्पलाइन पर सवाल सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर और महिलाओं के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा ई-मेल masael@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** कोई रोजेदार अनजाने में चना आदि उठा कर खा ले तो क्या हुक्म है

**जवाब:** अगर कोई भूल से कोई भी चीज खा ले तो रोजा नहीं टूटता।

**सवाल:** किसी की पत्नी पर कफ्फारा वाजिब हो जाए तो क्या उसकी अदायगी पति पर वाजिब है

**जवाब:** पत्नी के कफ्फारे की अदायगी की जिम्मेदारी पति की नहीं है लेकिन वह पैसे से पत्नी की मदद कर सकता है।

**सवाल:** जकात में गेहूं और जौ आदि निकाले तो क्या उसे मदरसे में दिया जा सकता है

**जवाब:** जकात की चीजें मदरसे में मदद के तौर पर दी जा सकती हैं।

**सवाल:** अगर किसी का धूल-गुबार के बीच का काम है तो ऐसी हालत में रोजे का क्या हुक्म है

**जवाब:** गुबार गले में जाने से रोजा टूट जाता है इसलिए सावधानी बरतें और मास्क लगा कर जाएं ताकि रोजा सही रहे।

**सवाल:** अगर किसी का बेटा न हो या नाफरमान हो तो क्या पिता के छूटे रोजों की कजा बेटी पर वाजिब होगी

**जवाब:** बेटी पर पिता के छूटे रोजे वाजिब नहीं है लेकिन अगर वह चाहे तो अदा कर सकती है।

# तहरीक फ़िक्र-ए-मिल्लत फाउण्डेशन ने इफ्तार का किया आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** तहरीक फिक्र-ए-मिल्लत फाउण्डेशन की ओर से शनिवार को ऐशबाग ईदगाह में रोजा-इफ्तार का आयोजन किया गया। फाउण्डेशन के संस्थापक व कांग्रेस नेता व मोहम्मद हनीफ खान की ओर से आयोजित रोजा-इफ्तार में इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने रोजेदार नमाजियों को मगरिब की नमाज अदा कराई। रोजा-इफ्तार में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शामिल होकर कहा कि रसूले अकरम हजरम मोहम्मद ने अपने जीवन में तमाम धर्मों के साथ मिल-जुल कर रहने का पैगाम दिया है। रोजा, रमजान और ईदुल फित्र का त्योहार भी हमें यही संदेश देता है। पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच के अध्यक्ष भवननाथ पासवान, कव्वाल साकिब अली साबरी, टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फजलुल मन्नान, मौलाना कफील अशरफ, सेवानिवृत्त आईएएस अनीस अंसारी, कारी इम्तियाज, मौलाना सुफियान निजामी, मौलाना अब्दुल अजीम फारुकी, मौलाना मुश्ताक, यासिर फारुकी, रफत शैदा सिद्दीकी सहित फाउण्डेशन के कमाल नदवी, डॉ. सलीमुद्दीन खान, मोहम्मद जाबिर, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद फैजान खान, जीशान खान आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## माहे मुबारक रमजान में दीनी क्लासेज का हो रहा आयोजन

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में शहर के अलग-अलग हिस्सों में दीनी क्लासेज का आयोजन किया जा रहा है। सआदतगंज स्थित कर्बला दियानुतदौला बहादुर में आयोजित क्लास में शामिल युवाओं को सम्बोधित करते हुए मौलाना सईदुल हसन ने अच्छे दोस्त की विशेषताएं बताईं। मौलाना ने कहा कि इसांन अकेला नहीं रह सकता, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि हर एक को अपना दोस्त समझ कर राज बता दे, बल्कि दोस्त बनाते वक्त यह देखना जरूरी है कि वह कितना हमदर्द है। हमारे फायदे-नुकसान में कितना शरीक है, सच्चा है कि नहीं, वादा पूरा करने वाला है या नहीं, अक्लमंद है या नहीं, जज्बाती तो नहीं है, अपने गुनाह सबसे बताता तो नहीं, या हमारी गलतियों की तरफ ध्यान दिलाता है या नहीं। मौलाना ने इमाम की हदीस बयान करते हुए कहा कि बुरे दोस्त की दोस्ती से बचो नहीं तो तुम को पता भी नहीं चलेगा कि तुम कब उसके रंग में रंग गए हो।

## पत्रकार की हत्या दुर्भाग्यपूर्ण: कांग्रेस

**लखनऊ।** सीतापुर के वरिष्ठ पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेई की शनिवार को दिन-दहाड़े गोली मार कर हत्या को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। श्री राय ने दुखी परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार को दुख सहन करने की प्रार्थना और मृतात्मा की शांति की कामना की। श्री राय ने सरकार से पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेई के हतयारों को पकड़ सख्त कार्रवाई करने और परिवार को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिये जाने की मांग की। श्री राय ने कहा कि वाजपेई एक कर्मठ और साहसी पत्रकार थे और लगातार सच लिखा करते थे। ऐसी जानकारी मिली है कि वह इस बीच लगातार धान खरीद में हो रही गड़बडियां लिख रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में भय का माहौल बन गया है, कहीं भी कोई भी सुरक्षित नहीं है। सच बोलना या सच कहना योगी राज में अपराध हो गया है। सरकार के भ्रष्टाचार पर अगर आप आवाज उठाते हैं तो सरकारी बुलडोजर खड़े हैं। माफियाओं के खिलाफ बोलते हैं तो गोली मार दी जाएगी।